विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

वर्ष 72 अंक 248 पृष्ठ 12
रीवा, शुक्रवार 06 जून, 2025
ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 11, विक्रम संवत् 2082
नगर मूल्य 5 रुपए

"कानून सभी के लिए समान रूप से लागू होता है, चाहे कोई भी हो, जिससे न्यायपूर्ण समाज का निर्माण हो सके।
- डॉ. अंबेडकर











### बेंगलुरु भगदड़ मामले में राज्य सरकार का एक्शन, रिटायर्ड जज को सौंपी जांच

# पुलिस कमिश्नर सस्पेंड, आरसीबी संचालकों की गिरफ्तारी का आदेश

**बेंगलुरु, जेएनएन।** बेंगलुरु भगदड़ मामले में सीएम सिद्धारमैया ने पुलिस को आरसीबी और डीएनए इवेंट मैनेजमेंट एजेंसी के अफसरों को अरेस्ट करने का आदेश दिया है। साथ ही बेंगलुरु के पुलिस कमिश्नर समेत 8 अफसरों को सस्पेंड कर दिया है। सस्पेंड किए गए अधिकारियों में एडिशनल पुलिस कमिश्नर, कब्बन पार्क थाना प्रभारी, एसीपी-डीसीपी सेंट्रल डिवीजन, क्रिकेट स्टेडियम प्रभारी, स्टेशन हाउस मास्टर, स्टेशन हाउस ऑफिसर भी शामिल हैं। सिद्धारमैया ने कहा- मामले की जांच के लिए हाईकोर्ट के रिटायर्ड जज माइकल डी कुन्हा की अध्यक्षता में एक सदस्यीय जांच आयोग बनाया गया है। आयोग 30 दिन में अपनी रिपोर्ट सौंपेगा। आरसीबी के इस कार्यक्रम के आयोजन में जो लोग जिम्मेदार थे, उन पर भी कार्रवाई होगी। यह मामला कर्नाटक हाईकोर्ट भी पहुंच गया है, जहां अगली सुनवाई 10 जून को होगी। इससे पहले गुरुवार को कर्नाटक पुलिस ने आरसीबी, डीएनए इवेंट मैनेजमेंट कंपनी और कर्नाटक क्रिकेट एसोसिएशन के खिलाफ एफआईआर दर्ज की। इन तीनों पर विक्ट्री परेड के दौरान आपराधिक लापरवाही का आरोप लगाया गया है।

## कर्नाटक हाईकोर्ट पहुंचा मामला, सरकार को नोटिस



भगदड़ का मामला कर्नाटक हाईकोर्ट भी पहुंच गया है। इस पर सुनवाई के बाद कार्यकारी चीफ जस्टिस वी कामेश्वर राव और जस्टिस सीएम जोशी की बेंच ने राज्य सरकार को हादसे पर रिपोर्ट पेश करने का नोटिस दिया है। अगली सुनवाई 10 जून को होगी।

गुरुवार की सुनवाई में अदालत ने सरकार से तीखे सवाल पूछे। कोर्ट ने पूछा-जब इतना बड़ा आयोजन करना था तो पहले से क्या तैयारी थी? क्या ऐसी घटना को रोकने के लिए कोई एसओपी नहीं होनी चाहिए? क्या मेडिकल स्टाफ, तैयारी, एंबुलेंस की व्यवस्था नहीं होनी चाहिए? क्या भगदड़ से निपटने के लिए कोई योजना नहीं होनी चाहिए? क्या घायलों को तुरंत अस्पताल में भर्ती नहीं कराया जाना चाहिए?

राज्य सरकार की ओर से एजी शशिकरण शेट्टी पेश हुए। उन्होंने कहा, सरकार जनहित याचिका का विरोध नहीं करेगी। उन्होंने कोर्ट को बताया कि बेंगलुरु पुलिस ने सुरक्षा की तैयारी की थी। एक हजार 643 पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया था। पानी के टैंकर और पुलिस सहित कई व्यवस्थाएं की गई थीं। भगदड़ में 56 लोग घायल हो गए। उन्होंने फौरन अस्पताल पहुंचाया गया।

कोर्ट ने कहा कि सब कुछ लिखित में दीजिए। हम 10 जून को फिर सुनवाई करेंगे। अनियंत्रित भीड़ जुटना और फिर भगदड़ मचना आए दिन की बात हो गई है। अब इस तरह की घटनाओं पर रोक लगनी चाहिए।

### रीवा में हादसा, ऑटो पर पलटा सीमेंट शीट से भरा ट्रक

# गंगा स्नान कर लौट रहे सात लोगों की मौत

**जागरण, रीवा।** प्रयागराज से गंगा स्नान कर लौट रहे एक परिवार के लिए बार्डर की सोहागी पहाड़ी मौत की राह साबित हुई जब सीमेंट की चादर और पिलर से भरा एक ट्रक ओवरटेक करने के दौरान अनियंत्रित होकर उस ऑटो पर ही पलट गया। इस ऑटो में एक ही परिवार के दस लोग सवार थे। ट्रक की चपेट में आने से ऑटो में सवार 10 में से 7 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। इनमें चार बच्चे शामिल हैं। तीनों घायलों का उपचार चल रहा है, जिनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। यह हादसा मध्यप्रदेश-उत्तरप्रदेश सीमा पर मौत की घाटी कही जाने वाली सोहागी पहाड़ी पर गुरुवार दोपहर हुआ। ऑटो में मऊगंज के शाहपुर व देवतालाब क्षेत्र के गांव भभरा, उमरी और बहेरी के जयसवाल परिवार के लोग सवार थे। ये सभी लोग प्रयागराज गंगास्नान करने गए थे। ऑटो प्रयागराज से रीवा की ओर आ रहा था। तभी यह हादसा हो गया। इसमें चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक ने अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। दो की मौत इलाज के दौरान हुई जबकि तीन लोग अस्पताल में भर्ती हैं। मृतकों में रामजीत जायसवाल (38), पिंकी जयसवाल (35), हीरालाल जयसवाल (65), मानवी जयसवाल (7), अंबिका जयसवाल (8), अरविंद जयसवाल (6), सौरभ जयसवाल (12) शामिल हैं जबकि रविता, अदिति, प्रियांशु गंभीर रूप से घायल हैं।

### मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख, घायलों को 50 हजार

इस भीषण हादसे को लेकर प्रदेश मुख्यमंत्री मोहन यादव व उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने गहरा शोक जताया है। मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख व घायलों को 50-50 हजार देने की घोषणा है। वहीं उप मुख्यमंत्री व चिकित्सामंत्री ने कहा कि सरकार पीड़ितों के साथ है। उन्होंने चिकित्सकों को बेहतर इलाज के ओदश दिए हैं। इधर रीवा सांसद जनार्दन मिश्रा शोक व्यक्त करते हुए अस्पातल जाकर घायलों से मिले एवं परिजनों से मिल कर उन्हें सांत्वना दी। हालांकि विपक्ष घटना को लेकर स्थानीय प्रशासन को जिम्मेदार ठहराया है। कहा कि पिछले कई महीने से सड़क खराब है लेकिन सुधार नहीं करवाया गया।

## हाथी के शावक ने जेसीबी छूकर कहा- 'शुक्रिया'

*छत्तीसगढ़ का रायगढ़ एक बार फिर इंसान और वन्यजीवों के बीच रिश्ते की मिसाल बना। जंगल में हाथी के दो शावक अलग-अलग घटनाओं में कुएं में गिर गए, लेकिन ग्रामीणों की सतर्कता की वजह से इनकी जान बच गई। रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद जो दृश्य सामने आया, वह भावनाओं से भरा था जब एक शावक ने जेसीबी को अपनी सूंड से छूकर मानो उसे 'धन्यवाद' दिया। दूसरी घटना चारमार जंगल की है। वहां भी एक हाथी का शावक कुएं में गिर गया था। ग्रामीणों और वन विभाग की तत्परता से उसे भी सुरक्षित निकाला गया, लेकिन सबसे भावुक पल तब आया जब शावक ने बाहर निकलने के बाद जेसीबी मशीन के पास जाकर अपनी सूंड से उसे छूआ। इन दोनों घटनाओं से साफ हो गया कि इंसान और जानवरों के बीच रिश्ता सिर्फ टकराव का नहीं होता, बल्कि उसमें भावनाएं भी शामिल होती हैं।*

## संक्षिप्त खबरें

### नजीब मामले में कोर्ट 30 जून को देगा आदेश

**नई दिल्ली, जेएनएन।** जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) के छात्र नजीब अहमद के लापता होने से जुड़ी याचिका पर गुरुवार को सुनवाई हुई। यह याचिका नजीब की मां फातिमा नफीस द्वारा दायर की गई थी, जिसमें उन्होंने मामले की दोबारा जांच की मांग की थी। नजीब अहमद अक्टूबर 2016 में संदिग्ध परिस्थितियों में जेएनयू के माही-मांडवी छात्रावास से लापता हो गया था। लापता होते समय उसकी उम्र 27 वर्ष थी। बताया गया कि 14 अक्टूबर, 2016 को उसका विश्वविद्यालय के कुछ छात्रों से विवाद हुआ था, जिसके अगले ही दिन वह अचानक गायब हो गया था। तभी से वह नहीं मिला।

### कलकत्ता हाईकोर्ट से मिली शर्मिष्ठा पनोली को जमानत

**कोलकाता, जेएनएन।** कलकत्ता हाईकोर्ट ने शर्मिष्ठा पनोली को अंतरिम जमानत दे दी है। उनकी जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए बुधवार को जस्टिस राजा बसु ने सशर्त अंतरिम जमानत को मंजूरी दे दी। कोर्ट ने शर्मिष्ठा के देश छोड़ने पर पूरी तरह से रोक लगा दी है। अदालत ने कहा कि शर्मिष्ठा बिना मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अनुमति के देश से बाहर नहीं जा सकतीं। अदालत ने यह भी कहा कि उन्हें 10 हजार रुपए की जमानत राशि जमा करनी होगी। साथ ही कोर्ट ने कोलकाता पुलिस को निर्देश दिया कि शर्मिष्ठा द्वारा गिरफ्तारी से पहले अपनी सुरक्षा को लेकर दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर उचित कार्रवाई की जाए।

# मध्यप्रदेश बनेगा ग्लोबल वैलनेस सेंटर: मुख्यमंत्री

### समिट में आए 1,950 करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव



**विशेष संवाददाता,** भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सरकार रोजगार सृजन के लिए तेजी से काम कर रही है। धार्मिक स्थानों पर सभी चिकित्सा पद्धतियों के बड़े केन्द्र बनाने के पीछे आशय यही है कि दुनिया भर के लोगों को स्वास्थ्य के साथ अध्यात्म भी प्राप्त हो। सीएम गुरुवार को उज्जैन में स्पिरिचुअल एंड वेलनेस समिट के शुभारंभ पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हील इंडिया और 'लाइफ स्टाइल' जैसे दूरदर्शी विचारों से प्रेरित होकर प्रदेश को समग्र जीवनशैली और वेलनेस नवाचार का ग्लोबल सेंटर बनाया जा रहा है। समिट के माध्यम से प्रदेश ने यह स्पष्ट कर दिया है कि वह भारत के वेलनेस मिशन का नेतृत्व करने को पूरी तरह से तैयार है। उन्होंने समिट को एक परिवर्तनकारी पहल बताया और कहा कि यहां नीति, निवेश, अध्यात्म और समाज कल्याण का संगम हुआ है। प्रदेश अब भारत के वेलनेस मिशन का ग्लोबल इंजन बनने को तत्पर है। प्रदेश स्पष्ट नीति, सक्षम प्रशासन और मजबूत नेतृत्व के साथ निवेशकों को स्थायित्व और सफलता की गारंटी देता है। उन्होंने सभी वेलनेस उद्यमियों और संस्थाओं से प्रदेश में निवेश करने और उज्जैन से शुरुआत करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा मध्यप्रदेश आएं और भारत को विश्वगुरु बनाने की यात्रा में भागीदार बनें।

उन्होंने कहा कि हमने 2025 को उद्योग वर्ष घोषित किया है और लगातार सेक्टर वार समिट का आयोजन किया जा रहा है। मंदसौर और नरसिंहपुर में एग्री समिट के अलावा इंदौर में आईटी समिट के अच्छे परिणाम आए हैं। सीएम ने बताया कि विश्व पर्यावरण दिवस और गंगा दशहरा एक ही दिन होने का सुखद संयोग हुआ है। इस अवसर पर 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान का प्रदेश में पुनः शुभारंभ किया गया है। इस अभियान के अंतर्गत प्रदेश में 5 करोड़ पौधे रोपे गए हैं।

### तेज गति से बढ़ते राज्यों में मप्र अग्रणी

समिट के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पत्रकारों से चर्चा की और उन्हें बताया कि नीति आयोग ने प्रदेश को तेज गति से आगे बढ़ने वाले राज्यों में अग्रणी माना है। प्रदेश में सरप्लस बिजली, उत्कृष्ट अधोसंरचना और नई नीतियों के चलते निवेशकों ने यहां का रुख किया है। उन्होंने एमएसएमई सहित अन्य उद्योगों को घोषित नीति के अनुसार 5000 करोड़ रुपए का अनुदान दिए जाने का उल्लेख भी किया। उन्होंने बताया कि पिछले साल सभी संभागीय मुख्यालयों पर हुई रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव और ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट में जहां 30 लाख करोड़ रुपए से अधिक के निवेश प्रस्ताव मिले, वहीं 21 लाख 75 हजार रोजगार सृजित होने की संभावना भी है।

## दिल्ली में पांच महीने के बच्चे की कोरोना से मौत

**नई दिल्ली, जेएनएन।** देश में कोरोना के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। गुरुवार को दिल्ली में कोविड से जुड़ी दो और मौतें दर्ज की गईं। इनमें एक पांच महीने का बच्चा भी शामिल है। दिल्ली में केरल के बाद कोरोना के सबसे ज्यादा एक्टिव 562 केस हैं।

**देश में 4866 एक्टिव केस, अब 51 मौतें**

देश में कोरोना से मौत का आंकड़ा 51 पर पहुंच गया है। गुरुवार को कोरोना से कुल 7 लोगों की जान चली गई। इनमें महाराष्ट्र में तीन, दिल्ली-कर्नाटक में दो-दो मौतें शामिल हैं। गुरुवार को दिल्ली सहित 15 राज्यों में 564 मरीज मिले, इनमें से 437 मामले सिर्फ 4 राज्यों से हैं।

# मेडिकल छात्र ने हॉस्टल से कूदकर कर ली आत्महत्या

**जागरण, जबलपुर।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज जबलपुर में फर्स्ट ईयर के एक छात्र ने हॉस्टल की छत से छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली। यह छात्र रीवा का रहने वाला है और फिलहाल हॉस्टल के रूम में अकेला था। छात्र के गिरते ही कॉलेज का स्टॉफ उसे अस्पताल ले गया, जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया।

**रीवा का रहने वाला है छात्र, अवसाद में उठाया कदम**

छात्र की पहचान शिवांश गुप्ता के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि वह अवसाद में था। गुरुवार दोपहर वह अचानक हॉस्टल की चौथी मंजिल पर पहुंचा और वहां से छलांग लगा दी। उसे मौके पर मौजूद छात्र और कर्मचारी गंभीर हालत में अस्पताल लेकर पहुंचे। छात्र के सिर, हाथ और पैरों में गंभीर चोटें पाई गईं। मृतक छात्र का पूरा परिवार गुड़गांव में रहता है। शुक्रवार सुबह तक परिवार वाले जबलपुर पहुंचेंगे, जिसके बाद पोस्टमॉर्टम किया जाएगा। फिलहाल पुलिस की शुरुआती जांच में सामने आया है कि शिवांश ने आत्महत्या की कोशिश से पहले अपने दो दोस्तों को मैसेज किया था। उसने लिखा कि वह परेशान है। जब दोस्तों ने वजह पूछी, तो उसने कोई जवाब नहीं दिया।

## यात्रियों को आसानी से मिलेगा तत्काल टिकट



**नई दिल्ली, जेएनएन।** रेलवे ने तत्काल टिकट बुकिंग की व्यवस्था में बड़ा बदलाव करने की घोषणा की है। मीडिया रिपोर्ट्स में बताया गया है कि नई व्यवस्था जून के महीने के अंत तक लागू हो जाएगी। अब टिकट बुकिंग के वक्त ई-आधार वेरिफिकेशन जरूरी होगा। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के जरिए इसकी जानकारी दी है। उन्होंने कहा इस नियम से जरूरतमंद और सही यात्रियों को कन्फर्म टिकट मिल सकेगा। इससे फर्जी आईडी, एजेंट्स की धांधली और बॉट्स की बुकिंग पर लगाम लगेगी। दरअसल, बुकिंग विंडो खुलने के पहले 10 मिनट तक सिर्फ उन्हीं यात्रियों को टिकट बुक करने की इजाजत होगी, जिनका आईआरसीटीसी अकाउंट आधार से वेरिफाइड होगा। हालांकि, इन लोगों को अपने और अपने परिवार के लिए ही टिकट बुक करने की इजाजत होगी लेकिन इन 10 मिनट तक एजेंट्स टिकट बुक नहीं कर पाएंगे। तत्काल टिकटों की कालाबाजारी और फर्जी आईडी से बुकिंग रोकने के लिए यह कदम उठाया गया है। रेलवे के मुताबिक, ऑनलाइन तत्काल टिकटों का आधे से ज्यादा हिस्सा विंडो खुलने के 10 मिनट के भीतर ही बिक जाता है, जिसमें बड़ी संख्या में एजेंट और बॉट्स शामिल रहते हैं। इस पर रोक के लिए रेलवे ने पिछले एक साल में 3.5 करोड़ फर्जी यूजर आईडी ब्लॉक की हैं।

# टाटा ग्रुप का डसाल्ट से समझौता, भारत में ही बनेगी राफेल फाइटर जेट की बॉडी



**नई दिल्ली, जेएनएन।** राफेल फाइटर जेट की मेन बॉडी अब हैदराबाद में बनेगी। इसे फ्यूजलाज कहा जाता है। भारत की टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड (टीएएसएल) ने इसके लिए फ्रांस की कंपनी डसॉल्ट एविएशन के साथ एग्रीमेंट साइन किया है। हैदराबाद में बनाए जा रहे मैन्युफैक्चरिंग प्लांट से हर महीने दो पूरी मेन बॉडी तैयार होने की उम्मीद है। टाटा और डसॉल्ट की ये साझेदारी भारत के रक्षा क्षेत्र में निजी कंपनियों की भागीदारी को बढ़ाएगी। डसॉल्ट ने कहा कि यह प्रोजेक्ट भारत और फ्रांस के बीच रक्षा सहयोग का एक बड़ा कदम है। इससे भारत में रक्षा उपकरण बनाने की क्षमता बढ़ेगी और स्थानीय इंजीनियर्स को विश्व स्तरीय तकनीक सीखने का मौका मिलेगा। यह पहली बार होगा जब राफेल की मेन बॉडी फ्रांस के बाहर बनेगी। गौरतलब है कि टाटा ग्रुप पहले से ही डसॉल्ट के साथ मिलकर राफेल और मिराज 2000 जैसे विमानों के पुर्जे बनाता है। टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स के सीईओ सुकरन सिंह ने कहा, यह साझेदारी भारत के हवाई जहाज बनाने के सफर में एक बड़ा कदम है। भारत में राफेल की पूरी मेन बॉडी बनाना दिखाता है कि टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स की काबिलियत पर कितना भरोसा बढ़ रहा है और डसॉल्ट एविएशन के साथ हमारा रिश्ता कितना मजबूत है।

### ये है राफेल जेट का फ्यूजलाज

राफेल फाइटर जेट में फ्यूजलाज विमान का मुख्य ढांचा है। यह पायलट कॉकपिट, इंजन, इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम और हथियारों को जोड़ता है, साथ ही विंग्स और टेल को सहारा देता है। दसॉल्ट एविएशन के अनुसार राफेल का फ्यूजलाज हल्की और मजबूत कम्पोजिट सामग्रियों (जैसे कार्बन और केवलर फाइबर) से बना होता है, जो इसका वजन कम करता है।

### नई खोज | एमआईटी वैज्ञानिकों ने खोजा चुंबकत्व का नया रूप, जिससे बनेगी भविष्य की मेमोरी तकनीक

# डिजिटल मेमोरी की दुनिया में नई क्रांति होने की संभावना

**कैम्ब्रिज, जेएनएन।** मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) के वैज्ञानिकों ने चुंबकत्व का एक ऐसा नया रूप पहली बार देखा है, जो डिजिटल मेमोरी की दुनिया में क्रांति ला सकता है।

इस नई खोज को 'पी-वेव मैग्नेटिम' कहा गया है और इससे भविष्य में ऐसे स्पिन्ट्रॉनिक उपकरण बनाए जा सकते हैं जो परंपरागत इलेक्ट्रॉनिक चिप्स की तुलना में अधिक तेज, घने और बेहद कम ऊर्जा खपत वाले होंगे। यह शोध 28 मई को प्रतिष्ठित वैज्ञानिक जर्नल नेचर में प्रकाशित हुआ है। इसमें शोधकर्ताओं ने निकेल आयोडाइड (निल-2) नामक द्वि-आयामी क्रिस्टलीय पदार्थ के अंदर इस नए प्रकार के चुंबकत्व की खोज की है। गौरतलब है कि परंपरागत फेरोमैग्नेट (जैसे फ्रिज में इस्तेमाल होने वाले मैग्नेट) में इलेक्ट्रॉनों के स्पिन एक ही दिशा में होते हैं, जिससे एक स्पष्ट चुंबकीय क्षेत्र उत्पन्न होता है। दूसरी ओर, एंटीफेरोमैग्नेट्स में इलेक्ट्रॉनों के स्पिन एक-दूसरे की विपरीत दिशा में होते हैं, जिससे उनका चुंबकीय प्रभाव एक-दूसरे को रद्द कर देता है। लेकिन एमआईटी की टीम ने निकेल आयोडाइड में एक अनोखी स्थिति देखी। इसमें इलेक्ट्रॉनों के स्पिन सर्पिल आकार में व्यवस्थित होते हैं, जो बाएं और दाएं हाथ जैसे एक-दूसरे के प्रतिबिंब होते हैं। इस संरचना को एक छोटे विद्युत क्षेत्र द्वारा बदला जा सकता है। यानी बाएं सर्पिल को दाएं सर्पिल में और इसके विपरीत परिवर्तित किया जा सकता है। इस नियंत्रित परिवर्तनशीलता को ही 'पी-वेव मैग्नेटिज्म' कहा गया है।



### स्पिन्ट्रॉनिक्स के लिए नई राह

स्पिन्ट्रॉनिक्स एक ऐसी तकनीक है जिसमें इलेक्ट्रॉन के चार्ज की बजाय उसके स्पिन का उपयोग डेटा स्टोर और प्रोसेस करने में किया जाता है। इससे कंप्यूटर और मोबाइल जैसे उपकरणों की गति कई गुना बढ़ सकती है और ऊर्जा की खपत बहुत कम हो सकती है। मटेरियल रिसर्च लैबोरेट्री, एमआईटी के प्रमुख शोधकर्ता और वैज्ञानिक कियान सॉन्ग ने कहा है कि हमने दिखाया कि चुंबकत्व का यह नया रूप विद्युत रूप से बदला जा सकता है। यह खोज ऐसे चुंबकीय मेमोरी उपकरणों की नींव रखती है जो अल्ट्राफास्ट, कॉम्पैक्ट, ऊर्जा-कुशल और नॉन-वोलाटाइल होंगे।

### विचार से प्रयोग तक

यह खोज एमआईटी के प्रोफेसर रिक्कार्डो कोमिन की 2022 की शोध पर आधारित है, जिसमें उन्होंने निकेल आयोडाइड की आंतरिक संरचना में स्पिन के सर्पिल रूप को पहली बार देखा था। तब इसका महत्त्व पूरी तरह स्पष्ट नहीं था। यूनिवर्सिटी ऑफ इलिनॉय अर्बाना-शैंपेन के भौतिक विज्ञानी राफेल फर्नांडिस ने यह सिद्धांत प्रस्तुत किया कि यह सामग्री 'पी-वेव' मैग्नेटिज्म का सजीव उदाहरण हो सकती है। उन्होंने यह भी बताया कि यदि इस प्रकार के सर्पिल स्पिनों को विद्युत क्षेत्र से बदला जा सके, तो यह इलेक्ट्रॉनों के स्पिन को भी उलट सकता है जिससे डेटा को कम ऊर्जा में लिखा और पढ़ा जा सकता है।

### प्रयोग और पुष्टि

इस विचार की पुष्टि के लिए वैज्ञानिकों ने विशेष तकनीक से निकेल आयोडाइड के सिंगल-क्रिस्टल फ्लेक्स बनाए और उन पर परिपत्र रूप से ध्रुवीकृत प्रकाश डाला। इस प्रकाश की दिशा (घड़ी की दिशा या उसके विपरीत) के अनुसार इलेक्ट्रॉनों की प्रतिक्रिया दर्ज की गई। यदि इलेक्ट्रॉनों के स्पिन उस दिशा के अनुसार बदलते हैं, तो इसका अर्थ है कि सर्पिल स्पिन संरचना वास्तव में इलेक्ट्रॉनों के स्पिन को प्रभावित करती है और यही पी-वेव मैग्नेटिज्म का प्रमाण है।

# ट्रंप और मस्क में ठनी, नए टैक्स बिल को मस्क ने बताया काला



**वॉशिंगटन, जेएनएन।** टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा पेश किए गए टैक्स और खर्च से जुड़े बिग ब्यूटीफुल बिल पर फिर तीखा हमला बोला है। मस्क ने इस बिल को अमेरिका को दिवालिया करने वाला बताते हुए अपने 20 करोड़ से ज्यादा फॉलोअर्स से अपील की है कि वे सांसदों को फोन करके कहें कि किल द बिल। यानी इस बिल को पास मत होने दो। मस्क ने इस बिल को बजट घाटा बढ़ाने वाला और आर्थिक अनुशासन को धोखा देने वाला करार दिया है। मस्क सरकारी विभाग डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी (डोजी) के चीफ रह चुके हैं। हालांकि अब इस विभाग को समाप्त कर दिया गया है। लिहाजा मस्क अब अपनी पूरी ताकत इस बिल के खिलाफ लगा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बहुत बड़ा खर्च करने वाला यह बिल अमेरिका को तबाह कर देगा। मस्क का तर्क है कि इस बिल से अमेरिका का कर्ज 5 ट्रिलियन डॉलर तक और बढ़ेगा।

### बिल का टेस्ला पर होगा सबसे ज्यादा असर

यह बिल कुछ ऐसी सब्सिडी को खत्म करने की बात करता है, जिनका फायदा टेस्ला को मिलता है। यही कारण है कि मस्क इसका विरोध कर रहे हैं। दरअसल, टेस्ला बिजली से चलने वाली कारें बनाने के लिए अमेरिका सरकार से लागत की तुलना में 20 प्रतिशत सब्सिडी लेती है। ट्रंप का नया बिल इसे खत्म कर देगा।

# प्रिज्म जॉनसन में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सप्ताह भर चला जागरुकता अभियान

**जागरण, सतना**



प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को लगातार मजबूत करते हुये समाज में जागरूकता और भागीदारी सतत विकास और पर्यावरण संरक्षण के लिए सदैव प्रतिबद्ध रही है इस वर्ष भी विश्व पर्यावरण दिवस 2025 को अत्यंत उत्साह और संकल्प के साथ मनाया। इस वर्ष संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित थीम प्लास्टिक प्रदूषण का समाधान के अंतर्गत कंपनी परिसर में 31 मई से 5 जून तक पर्यावरण सप्ताह का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताएँ और वृक्षारोपण गतिविधियाँ आयोजित की गईं। प्रिज़्म जॉनसन लिमिटेड के एजीएम सीएसआर एवं जनसंपर्क देवेन्द्र मिश्रा ने बताया कि पर्यावरण सप्ताह की शुरुआत 31 मई को फ्लैग मार्च और प्लास्टिक जागरूकता रैली से हुई जिसमें कर्मचारियों कॉलोनीवासियों और बच्चों ने हिस्सा लिया। प्लास्टिक फ्री जोन के लिए जागरूकता फैलाने हेतु नुक्कड़ नाटक स्लोगन लेखन और हस्ताक्षर अभियान जैसे प्रयास किए गए। द्वितीय दिवस 1 जून को स्वच्छता एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें महिला कर्मचारियों और बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। पर्यावरण विभाग द्वारा प्लास्टिक हटाने और हरे क्षेत्र के विकास के लिए जूट बैग वितरित किए गए। 2 जून को जल संरक्षण दिवस मनाया गया जिसमें जल बचाने के सरल उपायों और जल संकट की गंभीरता को रेखांकित किया गया। चौथे दिन 3 जून को नो व्हीकल डे का आयोजन हुआ जहां अधिकारियों और कर्मचारियों ने वाहनों का प्रयोग न कर पर्यावरण अनुकूल व्यवहार को अपनाया। 4 जून को जागरूकता संगोष्ठी आयोजित की गई। सप्ताह के अंतिम दिन 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस पर प्लांट एवं माइंस एरिया में वृक्षारोपण और ग्रीन कमिटमेंट शपथ के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। बच्चों एवं महिलाओं के लिए पोस्टर प्रतियोगिता स्लोगन कंपटीशन और क्विज का आयोजन किया गया। पर्यावरण सप्ताह समापन के अवसर पर प्रेसीडेंट एंड प्लांट हेड मनीष सिंह ने अपने विचर व्यक्त करते हुये कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस हम सभी को यह याद दिलाता है कि प्रकृति के बिना हमारा अस्तित्व अधूरा है। इसी कार्यकक्रम में मनीष कुमार सिन्हा सीनियर वाइस प्रेसीडेंट एचआरएम एंड कार्पोरेट अफेयर्स ने अपने संबोधन में कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस सिर्फ एक दिन नहीं बल्कि प्रकृति के प्रति हमारी सतत प्रतिबद्धता का प्रतीक है। यह हमें याद दिलाता है कि पृथ्वी हमारी एकमात्र आश्रयस्थली है और इसे बचाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। इस अवसर पर दिनेश अग्रवाल प्रवीण श्रीवास्तव विनोद श्रीवास्तव मनोज कश्यप ओमप्रकाश वर्मा मनीष प्रसाद सुमिताभ द्विवेदी बिहारी सिंह शेखावत अंकिता परिहार रीमा तिवारी रुद्रप्रताप सिंह एवं विभिन्न अधिकारी व कर्मचारी भी शामिल हुए।

## विधिक साक्षरता जागरुकता शिविर संपन्न

**सतना।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, प्रधान जिला न्यायाधीश के अध्यक्ष रत्नेश चन्द्र सिंह बिसेन तथा जिला एवं सत्र न्यायालय सतना के सचिव पार्थ शंकर मिश्र के निर्देशन में बुधवार को सुनीता वेलफेयर सोसाइटी में विधिक साक्षरता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जागरूकता शिविर में जिला विधिक सहायता अधिकारी मुहम्मद जीलानी द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की समस्त योजनाओं के विषय पर प्रकाश डाला गया साथ ही निःशुल्क विधिक सहायता पीड़ित प्रतिकर योजना, लोक अदालत व नालसा-सालसा द्वारा संचालित योजनाओं पर जानकारी दी। साथ ही पैरालीगल वालेंटियर आरएन त्रिपाठी द्वारा महिला हिंसा पर जानकारी दी गई। जिसमें सामान्य जनमानस की ओर से कुछ प्रश्न पूछे गए जिनका सहजता पूर्वक उत्तर दिया गया। साथ ही शिवकांत पांडेय पैरालीगल वालेंटियर ने कहा कि ऐसे गरीब वंचित लोग जो किसी कारण बस अपने बच्चों का आधार कार्ड नहीं बनवा पा रहे या जिन बच्चों के माता-पिता नहीं है। साथ ही वे बच्चे अपनी शिक्षा विद्यालय में जाकर अर्जित नहीं कर पा रहे हैं। ऐसे बच्चों के आधार कार्ड नहीं है जिस हेतु आग्रह किया गया कि इन सभी का हमारी टीम के द्वारा सर्वे किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आप लोग भी सहयोग करें, अगर आपके समुदाय में या आसपास ऐसे बच्चे हैं तो उनसे मिल करके उनकी जानकारी एकत्रित करें।

# यूसीएल में हुआ पौधरोपण



**सतना।** युनिवर्सल केबिल्स लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर एवं सीईओ वायएस लोढ़ा के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में संस्थान में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर संस्थान के अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा सामूहिक वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के हेड एच आर एम एण्ड एडमिनिस्ट्रेशन एमपी त्रिपाठी एवं संस्थान के अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा एक एक आम का वृक्ष लगा कर किया गया। इसके पश्चात् एम पी त्रिपाठी ने अपने उद्बोधन में बताया कि सतना में यू सी एल एक ऐसी संस्था है। जिसके द्वारा बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण किया जाता है। संस्था की यह सोच है कि हम जितने पौधे लगायेंगे हमें उतनी ही मात्रा में अधिक से अधिक आक्सीजन हमारे वातावरण को मिलेगा जिससे पर्यावरण उतना ही सुंदर और स्वच्छ होगा। कारखाना परिसर में इस वर्ष लगभग 4 हजार पौधे लगाये जायेंगे और उसकी सुरक्षा व देख-रेख की जावेगी। वर्तमान में कारखाना परिसर में 2 लाख 43 हजार 384 जीवित वृक्ष है जिसके परिणाम स्वरूप कारखाना परिसर काफी हरा-भरा है। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी को यह सुझाव दिया कि हमें विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर अपनी माँ के नाम एक-एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिये। इस अवसर पर कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी अजीत गोयल महेश सिंह सुदीप जैन वाय एस तिवारी अमित चौपड़ा संदीप मोहंती अजीत सिंह चौहान आर के मिश्रा आशीष चन्द्रा प्रशांत सिंह चन्देल नारायण नाविक अशोक डागर सहित बड़ी संख्या में अधिकारीगण व संस्थान के कर्मचारी उपस्थित थे।

# आदिवासी वित्त की योजनाओं की कम प्रगति पर कलेक्टर ने जताई नाराजगी

## डीएलसीसी की त्रैमासिक बैठक संपन्न



**जागरण, सतना।** सतना जिले की जिला स्तरीय बैंकर्स समिति की त्रैमासिक बैठक कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस मौके पर बैंकों द्वारा मार्च 2025 को समाप्त त्रैमास में की गई उपलब्धियों की समीक्षा की गई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत संजना जैन, भारतीय रिजर्व बैंक से नवनीत तिवारी, नाबार्ड से जीडी गोपेश, अग्रणी जिला प्रबंधक गौतम शर्मा सहित सतना जिले के सभी बैंकों के नोडल शाखा प्रबंधक एवं शासकीय विभागों से विभिन्न अधिकारीगण उपस्थित रहे। बैठक में बताया गया कि 31 मार्च 2025 को समाप्त त्रैमास में सतना जिले का ऋण जमा अनुपात 54.06 प्रतिशत रहा है। जिस पर कलेक्टर द्वारा निर्देशित किया गया कि जमा ऋण अनुपात अगली तिमाही तक 70 प्रतिशत करने का प्रयास करें। आदिवासी वित्त की योजनाएं जैसे टंट्या मामा एवं बिरसा मुंडा में कम प्रगति के दृष्टिगत आगामी वर्ष में लक्ष्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। अंत्यावसायी विभाग एनआरएलएम पशुपालन एवं केसीसी की विभिन्न योजनाओं में लक्ष्य के सापेक्ष संतोषजनक प्रगति पर संतोष व्यक्त किया गया। साथ ही कलेक्टर द्वारा एनआरएलएम को विभिन्न ग्रामों में पर्याप्त प्रकरण के निर्देश दिए गए ।सीएम हेल्पलाइन में वित्त विभाग की प्रगति संतोषजनक पाई गई। अग्रणी जिला प्रबंधक द्वारा बताया गया कि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना आगामी समाधान ऑनलाइन में चयनित विषय है। अतः इससे संबंधित शिकायतों में सावधानी बरते। पीएम स्वनिधि योजना के शेष प्रकरणों की समीक्षा भी की गई। इस अवसर पर जिला विकास प्रबंधक नाबार्ड जीडी गोपेश द्वारा संभावित ऋण योजना की जानकारी दी गई। बैठक के अंत में अग्रणी जिला प्रबंधक के द्वारा प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना एवं स्वामित्व योजना के बारे में बैंकर्स को जानकारी दी गई। कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस द्वारा सतना जिले की वार्षिक ऋण योजना 2025-26 का विमोचन किया गया। अग्रणी जिला प्रबंधक गौतम शर्मा द्वारा जानकारी दी गई कि इस बार सतना जिले के लक्ष्य ब्लॉकवार एवं शाखा वार वितरित किए गए है।

# सेवा सप्ताह का पहला दिन गैवीनाथ को किया समर्पित



**जागरण, सतना।** विश्वहिंदू महासंघ भारत के गौरक्षपीठाधीश्वर एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिवस के अवसर पर विश्वहिंदू महासंघ के मध्यप्रदेश अध्यक्ष पुष्पराज सिंह के मुख्यातिथ्य एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रमोद द्विवेदी की अध्यक्षता में बिरसिंहपुर गैवीनाथ धाम में सेवा सप्ताह का शुभारंभ किया गया ।कार्यक्रम की शुरुआत भगवान गैंवीनाथ का जलाभिषेक कर की गई तत्पश्चात गैंवीनाथ धाम में प्रसाद वितरण कर किया गया ।वहीं कार्यक्रम की जानकारी देते हुए सतना शहर के अध्यक्ष प्रणय धाराधर ने बताया कि राष्ट्रीय कार्यकारणी के निर्देशानुसार योगी आदित्यनाथ का जन्मदिवस पूरे सप्ताह मनाया जाएगा जिसे सेवा सप्ताह नाम दिया गया है साथ ही कार्यक्रम का व्यवस्थापन बिरसिंहपुर के अध्यक्ष दिलीप द्विवेदी द्वारा भव्यता के साथ किया गया। साथ ही बताया गया कि आगे आने वाले दिनों में भी अलग अलग कार्यक्रमों के माध्यम से सेवा सप्ताह मनाया जाएगा ।आयोजित कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष रामानंद सिंह प्रदेश महामंत्री मातृ शक्ति श्रीमती मिथलेश सिंह बघेल शहर अध्यक्ष प्रणव धाराधर जिलाकोषा अध्यक्ष राकेश गुप्ता एस एन सिंह नितिन सिंह परमार बिरसिंहपुर अध्यक्ष दिलीप द्विवेदी नव नियुक्त ब्लाक उपाध्यक्ष निखिल राज द्विवेदी सुरेश प्रसाद त्रिपाठी विवेक माली सहित सैकड़ों लोग कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## तो क्या कागजों में गधों को मारकर भ्रष्टाचार कर रही छतरपुर नगर पालिका

**छतरपुर।** छतरपुर नगर पालिका में गधों की कथित मौत के नाम पर भ्रष्टाचार का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोप है कि नगर पालिका ने शहर के कई वार्डों में गधों की मृत्यु दर्शाकर उनके शव उठाने और अंतिम संस्कार के लिए फर्जी बिल बनाए हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि जिन वार्डों में गधों की मौत का दावा किया गया, वहां के स्थानीय लोग कहते हैं कि उनके क्षेत्र में वर्षों से कोई गधा नहीं है। वार्ड क्रमांक 38 के पार्षद प्रतिनिधि पुष्पेंद्र कुशवाहा ने बताया कि कुछ दिन पहले सागर से आई एक जांच टीम ने उनसे फोन पर संपर्क किया। टीम ने पूछा कि क्या उनके वार्ड में गधे की मृत्यु हुई थी और क्या उन्होंने इसकी सूचना नगर पालिका को दी थी। पुष्पेंद्र ने जवाब दिया कि पिछले तीन वर्षों से उनके वार्ड में एक भी गधा नहीं है, तो मृत्यु का सवाल ही नहीं उठता। उन्होंने बताया कि यह फोन 2700 रुपये के एक बिल के ऑडिट की पुष्टि के लिए आया था, जो नगर पालिका ने गधे का शव उठाने के लिए बनाया था।

## कलेक्टर ने किया अमृत सरोवर और गौशाला का निरीक्षण



**सतना।** कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने गुरूवार को सोहावल जनपद के रेवरा फॉर्म और उचेहरा जनपद के बांधी मौहर ग्राम के अमृत सरोवर और गौशाला का निरीक्षण किया। इसके बाद कलेक्टर द्वारा ग्राम पंचायत बचवई में प्रगतिरत अमृत सरोवर और ब्लॉक प्लांटेशन के लिए उपयुक्त साईट का निरीक्षण किया गया। यहां एक पेड़ माँ के नाम अभियान अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर कलेक्टर ने पौधरोपण भी किया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत संजना जैन और जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# विकसित कृषि संकल्प अभियानः 6 से 8 जून तक आयोजित होंगे कार्यक्रम

## विभिन्न विकासखण्डों में किया जाएगा आयोजन

**जागरण, सतना।** खरीफ सीजन को दृष्टिगत रखते हुये कृषक हितार्थ योजनाओं, सामयिक तकनीकी जानकारी मृदा स्वास्थ्य कार्ड, धान की सीधी बुवाई प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में अऋणी कृषकों को जोड़ने प्राकृतिक खेती फसल विविधीकरण कृषि मशीनरी एवं ड्रोन का जीवंत प्रदर्शन, उद्यानिकी पशुपालन को लक्ष्यगत करते हुये किसानों को 6 से 8 जून के सतना एवं मैहर जिले के विभिन्न विकासखण्डों में कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास मनोज कश्यप ने बताया कि विकसित कृषि संकल्प अभियान 2025 के तहत प्रत्येक विकासखण्ड के 03-03 ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। जिसमें 6 जून को विकासखण्ड सोहावल के डांडी टोला मेदनीपुर खुशियारा विकासखण्ड रामपुर बघेलान के कुंड डेंगरहट सगौनी मझगवां के मचखडा नयागांव खुटहा नागौद के पिपरी महतैन उमरहट उचेहरा के श्यामनगर सेमरी जाखी में कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इसी प्रकार मैहर जिले के विकासखण्ड अमरपाटन के सरबका धौरहरा मौहार मैहर के दुवेही कंचनपुर करौंदी उपाध्याय तथा विकासखण्ड रामनगर गंगासागर कर्रा गोविन्दपुर में कार्यक्रम होंगे। इसी प्रकार 7 जून को विकासखण्ड सोहावल के रामपुर चौरासी, सगमा, करही कोठार, रामपुर बघेलान के देवरा नं 1 चितगढ, बिहरा नं 1 मझगवां के तेलनी मेहुती, बांधी नागौद के द्वारी खुर्द सेमरवारा भाईहाई, उचेहरा के पतौरा बीरपुर पिपरोखर में कार्यक्रम होंगे। मैहर जिले के विकाखण्ड अमरपाटन के कठहा मगराज, डोमा मैहर के चपना बरेठी गोबरी तथा विकाखण्ड रामनगर के जोवा नारायणपुर, सगौनी में कार्यक्रम आयोजित होंगे। इसके बाद 8 जून को विकासखण्ड सोहावल के ग्राम पंचायत भुमकहर सोहावल बेलहटा रामपुर बघेलान के सिजहटा गोरइया, घुघुचिहाई मझगवां के डोमहाई कलवलिया झोटा नागौद के मौहारी उरदान अमकुई तथा उचेहरा के परसमनिया आलमपुर गडौत में कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। मैहर जिले के विकासखण्ड अमरपाटन के खरमसेडा चोरखडी सुआ मैहर के भेडा नरौरा पहाडी तथा विकासखण्ड रामनगर के पदमी नौगांव 4 गुलवार गुजारा में कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा।

# राज्यमंत्री ने पौधरोपण कर किया एक पेड़ मां के नाम अभियान का शुभारंभ



**जागरण, सतना।** नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने गुरूवार 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय व्यंकट क्रमांक-1 के परिसर में पौधरोपण कर एक पेड मां के नाम अभियान का शुभारंभ किया और पर्यावरण को बचाने का संदेश दिया। इस मौके पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती सुस्मिता सिंह परिहार, कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस सीईओ जिला पंचायत सुश्री संजना जैन तथा जिला शिक्षा अधिकारी टीपी सिंह सहित विद्यालय के छात्र-छात्राओं तथा शैक्षणिक स्टाफ द्वारा विद्यालय परिसर में 50 फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया गया। राज्यमंत्री ने कहा कि प्रकृति जीवन का सबसे बड़ा आधार है। इसके संरक्षण के लिए हर किसी को आगे आकर इसके लिए काम करना होगा। क्योंकि हरा-भरा पर्यावरण ही हमारे जीवन और स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव डालता है।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं घोषणा करता हूँ कि मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम RAJENDRA KUMAR लिखा था जिसे मैं बदल कर अब अपना नया नाम RAJENDRA KUMAR MITTAL S/O BHAGWAN DAS MITTAL कर लिया है कृपया अब से मुझे नये नाम RAJENDRA KUMAR MITTAL S/O BHAGWAN DAS MITTAL के नाम से जाना एवं पहचाना एवं संबोधित किया जाय एवं आगे के सभी दस्तावेजों में दर्ज किया जाय तथा मेरे निवास का पता- 77 .C.L. STAFF FLAT SATNA RAGHURAJNAGAR DISTRICT SATNA (M.P.) है।

**न्यायालय अपर कलेक्टर, जिला रीवा (म0प्र0)**

प्रकरण क्रमांक -0163 /अपील/2024-25
रीवा दिनांक 27/05/2025

01. महेन्द्र कुमार मिश्रा तनय स्व. चन्द्रवली प्रसाद मिश्रा निवासी ग्राम पतैना तहसील रायपुर कर्चुलियान जिला रीवा (म.प्र.)
............. निगरानीकर्ता।

बनाम

01. श्रीमती मीरा मिश्रा पत्नी प्रेमशंकर मिश्रा 02. रवि मिश्रा पिता प्रेमशंकर मिश्रा 03. रणजीत मिश्रा पिता प्रेमशंकर मिश्रा निवासी 1 ता 3 ग्राम हर्दी तहसील मनगवां जिला रीवा (म.प्र.) 04. शिव शंकर मिश्रा पिता स्व. चन्द्रवली मिश्रा निवासी हाल पता ग्राम जोगिनिहाई तहसील रायपुर कर्चु. जिला रीवा (म.प्र.) 05. प्रेम सागर मिश्रा पिता स्व. चन्द्रवली मिश्रा निवासी ग्राम हर्दी (लाल गाँव) तहसील मनगवां जिला रीवा (म.प्र.)
..........गैर निगरानीकर्तागण ।

//आम इश्तहार//

गैर निगरानीकर्ता क्रमांक 05 प्रेम सागर मिश्रा पिता स्व. चन्द्रवली मिश्रा निवासी ग्राम हर्दी (लाल गाँव) तहसील मनगवां जिला रीवा (म.प्र.) को सूचित किया जाता है कि निगरानीकर्ता महेन्द्र कुमार मिश्रा तनय स्व. चन्द्रवली प्रसाद मिश्रा निवासी ग्राम पतैना तहसील रायपुर कर्चुलियान जिला रीवा (म.प्र.) के द्वारा अनुविभागीय अधिकारी तहसील रायपुर कर्चुलियान जिला रीवा मध्यप्रदेश के राजस्व प्रकरण क्रमांक 0025/अपील/ 2021-22 आदेश दिनांक 23.09.2024 के आदेश के विरूद्ध मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 50 (1) के तहत निगरानी प्रस्तुत की गई है। उक्त प्रकरण में सुनवाई हेतु दिनांक 18.06.2025 को पेशी नियत है। अतः गैर निगरानीकर्ता क्रमांक 05 को सूचित किया जाता है कि उक्त प्रकरण की पेशी दिनांक 18.06.2025 को समय 11:00 बजे दिन स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर प्रकरण की सुनवाई की कार्यवाही में भाग लें, गैर निगरानीकर्ता क्रमांक – 05 के उक्त दिनांक एवं समय में अनुपस्थित रहने पर गैर निगरानीकर्ता क्रमांक 05 के विरूद्ध प्रकरण में एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

अपर कलेक्टर
जिला-रीवा (म.प्र.)

RN- 82620

# जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित

## 2321 खेत तालाब निर्माण से लाभांवित होंगे किसान, 1570 कूपों में बनेगी रिचार्ज संरचना

**जागरण, डिंडोरी।** जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जिला पंचायत सभाकक्ष में जिला स्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या, जिला पंचायत अध्यक्ष रूद्रेश परस्ते, सीईओ जिला पंचायत अनिल कुमार राठौर, मनरेगा परियोजना अधिकारी प्रदीप कुमार शुक्ला सहित सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, सहायक यंत्री, उपयंत्री, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी तथा सहायक लेखाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में बताया गया कि जिले को 2171 खेत तालाब निर्माण का लक्ष्य प्राप्त हुआ था, जिसके विरुद्ध 2321 कार्य स्वीकृत कर 2200 कार्यों का निर्माण प्रारंभ कर दिया गया है। इन तालाबों के निर्माण से लघु एवं सीमांत कृषक लाभांवित होंगे तथा जल स्तर में वृद्धि होने से जल संकट दूर होगा और आजीविका के नये साधन भी उपलब्ध होंगे। कलेक्टर श्रीमती मारव्या ने निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्य तय समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं। साथ ही मजदूरी एवं सामग्री की नियमित मूल्यांकन प्रक्रिया पूर्ण कर एफटीओ जारी किए जाएं। जिले में 1500 कूपों में जल स्तर बढ़ाने हेतु रिचार्ज संरचना निर्माण का लक्ष्य था, जिसमें अब 1570 कूपों में कार्य स्वीकृत किया जा चुका है। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि एक सप्ताह के भीतर सभी कूपों में गुणवत्तापूर्ण रिचार्ज संरचना निर्माण कार्य पूर्ण कर एफटीओ की प्रक्रिया पूर्ण की जाए। जिले में 13 अमृत सरोवर एवं प्रत्येक जनपद पंचायत में कुल 187 सार्वजनिक तालाबों का निर्माण किया जा रहा है। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि तालाबों में बंड, पिचिंग और वेस्ट वेयर का निर्माण प्राथमिकता से गुणवत्तापूर्वक किया जाए और इसकी रिपोर्ट समय पर प्रस्तुत की जाए।

# कोतवाली प्रभारी और दलाल पर लोकायुक्त सागर ने किया मामला दर्ज

## सट्टा का फर्जी मुकदमा दर्ज कर मांगी 3 लाख की रिश्वत

**टीकमगढ़।** थाना कोतवाली अंतर्गत आने बाले पुरानी टेहरी निवासी आवेदक पुनीत राज इटोरिया उर्फ गोरु अपने मित्र रुद्र प्रताप सिंह तोमर (शिक्षक) के पारिवारिक मकान में स्थित राधे रेस्टोरेन्ट को किराये से चलाने का कार्य करता है। आवेदक पुनीत उर्फ़ पुनीत राज इटोरिया उर्फ गोरु एवं आनंद शर्मा के विरुद्ध कोतवाली टीकमगढ़ में आईपीएल का सट्टा खेलने/खिलवाने का प्रकरण दिनांक 8 अप्रैल 25 को दर्ज किया गया था। उक्त प्रकरण में आनंद शर्मा की गिरफ़्तारी हो चुकी है एवं पुनीत उर्फ गोरु की गिरफ्तारी शेष है। आवेदक पुनीत उर्फ गोरु की जमानत आदि कार्यवाही के लिए अनावेदक पंकज शर्मा निरीक्षक थाना कोतवाली जिला टीकमगढ़ द्वारा 3 लाख रुपये की रिश्वत की माँग की गयी, साथ ही आवेदक पुनीत उर्फ गोरु के मित्र रूद्र प्रताप सिंह तोमर एवं उसके भाई मयंक तोमर को इस केस में फ़साने की धमकी देकर अपने दलाल शिवम् रिछारिया के माध्यम से उनसे भी 2-3 लाख की माँग की गयी। इसके बाद आवेदक पुनीत उर्फ गोरु एवं रुद्र प्रताप सिंह तोमर अनावेदक निरीक्षक पंकज शर्मा के भय से उससे मिलने नहीं गए एवं उनके मित्र ऋषभ जैन उर्फ रुपेश जैन (पत्रकार) को निरीक्षक से चर्चा करने के लिए भेजा, बातचीत में निरीक्षक ने रुपेश जैन से बिना पैसे लिए लिखापढ़ी करने से इंकार कर दिया। अनावेदक पंकज शर्मा निरीक्षक थाना कोतवाली जिला टीकमगढ़ द्वारा रिश्वत की माँग किये जाने पर आवेदक पुनीत उर्फ़ पुनीत राज इटोरिया द्वारा अपने मित्र रुद्र प्रताप सिंह तोमर एवं ऋषभ जैन उर्फ रुपेश जैन (पत्रकार) के साथ लोकायुक्त पुलिस सागर में अनावेदक पंकज शर्मा के विरुद्ध कार्यवाही हेतु आवेदन पत्र दिया। जिस पर पुलिस अधीक्षक लोकायुक्त सागर द्वारा उक्त शिकायत के सत्यापन हेतु उप पुलिस अधीक्षक लोकायुक्त संजय जैन को अधिकृत किया। श्री जैन द्वारा शिकायत का सत्यापन कराने पर शिकायत सही पाई गयी। अनावेदक पंकज शर्मा निरीक्षक थाना कोतवाली जिला टीकमगढ़ द्वारा ऋषभ जैन उर्फ रुपेश जैन (पत्रकार) से बातचीत में आवेदक पुनीत उर्फ़ पुनीत राज इटोरिया की लिखापढ़ी कर जमानत पर छोड़ने के लिए 3 लाख की माँग की गयी ।जिस पर दिनांक 27.5.25 को ट्रैप कार्यवाही हेतु रूपेश उर्फ ऋषभ जैन ने टीआई पंकज शर्मा को फोन लगाया तो उसके द्वारा फोन नहीं उठाया गया। इस पर शिकायतकर्ता एवं उसके साथी रूपेश जैन द्वारा बताया गया कि टीआई को संदेह हो गया है इसीलिए वह फोन नही उठा रहा है इस पर ट्रेप कार्यवाही विधिवत स्थगित की गई थी। वही दिनांक 2 जून 25 को शिकायतकर्ता पुनीत इटोरिया उर्फ गौरु तथा उसके साथी रूपेश जैन ने बताया कि टीआई पंकज शर्मा को संदेह हो गया है अतः वह अब हम लोगो से रिश्वत राशि नही लेगा तथा पूर्व में दिये आवेदन एवं रिकार्डिंग के आधार पर कार्यवाही की जावे। इस पर से थाना प्रभारी थाना कोतवाली टीकमगढ़ निरीक्षक पंकज शर्मा तथा उनके दलाल के विरुद्ध धारा 7,12 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 संशोधित 2018 के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।




सत्यमेव जयते
EK BHARAT SHRESHTHA BHARAT
एक भारत श्रेष्ठ भारत
जम्मू और कश्मीर में
प्रगति का नया दौर
लगभग ₹44,000 करोड़
की रेल परियोजनाओं का उपहार
चिनाब ब्रिज
(दुनिया का सबसे ऊँचा रेल आर्च ब्रिज)
• 359 मीटर ऊँचा, 1,315 मीटर लम्बा एवं 467 मीटर का आर्च स्पैन
• जम्मू और कश्मीर के रियासी जिले के कौरी एवं बक्कल एरिया को जोड़ने वाला ब्रिज
अंजी ब्रिज
(भारत का पहला केबल स्टेड रेल ब्रिज)
• 725 मीटर लंबा, 290 मीटर का मुख्य स्पैन
• जम्मू और कश्मीर के कटड़ा एवं रियासी जिलों को जोड़ने वाला ब्रिज
• 193 मीटर ऊँचे एकमात्र विशाल पायलन से जुड़ी 96 केबल्स
का उद्घाटन
उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला
रेल लिंक परियोजना
• जम्मू और कश्मीर को शेष भारत से जोड़ने वाली हर मौसम के अनुकूल उन्नत रेल कनेक्टिविटी
• कुल लम्बाई 272 किमी जिसमें टी-50 सुरंग (भारत की सबसे लंबी संचालित सुरंग) सहित 36 सुरंगें और 943 पुल शामिल हैं
का राष्ट्र को समर्पण
2 वंदे भारत ट्रेनों
श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा - श्रीनगर एवं
श्रीनगर - श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा
• श्रीनगर के लिए पहली सेमी-हाई-स्पीड ट्रेन
• पर्यटन और क्षेत्रीय संपर्क को बढ़ावा
• कटरा से श्रीनगर तक की यात्रा लगभग 3 घंटों में संभव
का शुभारंभ
नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री
के द्वारा
गरिमामयी उपस्थिति
नितिन जयराम गडकरी
केंद्रीय सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री
अश्विनी वैष्णव
केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण और इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
डॉ. जितेंद्र सिंह
केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा प्रधानमंत्री कार्यालय, कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन, परमाणु ऊर्जा विभाग एवं अंतरिक्ष विभाग राज्य मंत्री
वी. सोमन्ना
केंद्रीय रेल एवं जल शक्ति राज्य मंत्री
रवनीत सिंह
केंद्रीय रेल एवं खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री
मनोज सिन्हा
उपराज्यपाल, केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर एवं श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के अध्यक्ष
उमर अब्दुल्ला
मुख्यमंत्री, केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर
सुरिंदर कुमार चौधरी
उपमुख्यमंत्री, केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर
जुगल किशोर
सांसद (लोकसभा) जम्मू
आगा सैयद रुहुल्लाह मेहदी
सांसद (लोकसभा) श्रीनगर
गुलाम अली
सांसद (राज्यसभा)
शुक्रवार, 6 जून, 2025 प्रात: 11:00 बजे श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स कटरा (स्टेडियम)
INDIAN RAILWAYS
भारतीय रेल
DD NEWS कार्यक्रम का सीधा प्रसारण डीडी न्यूज पर देखें
www.indianrailways.gov.in
/RailMinIndia पर हमें फॉलो करें

## महान ट्रान्समिशन लिमिटेड

### सार्वजनिक सूचना

महान ट्रान्समिशन लिमिटेड, जिसका पंजीकृत कार्यालय सी–105, आनंद निकेतन, नई दिल्ली–110021 में है, विद्युत के पारेषण के लिए विद्युत लाइनें बिछाने या विद्युत संयंत्र लगाने के लिए विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 164 के तहत सभी शक्तियाँ या कार्यों के उचित समन्वय के लिए आवश्यक टेलीफोनिक या टेलीग्राफिक संचार के उद्देश्य से जो मध्य प्रदेश सरकार द्वारा स्थापित या अनुरक्षित या इस प्रकार स्थापित या अनुरक्षित किए जाने के लिए टेलीग्राफ के प्रयोजन से टेलीग्राफ लाइनें बिछाने और पोस्ट लगाने के संबंध में भारतीय टेलीग्राफ अधिनियम 1885 के तहत टेलीग्राफ प्राधिकरण रखता है, प्रदान करने के लिए भारत सरकार को आवेदन करना चाहता है और सर्वेक्षण, निर्माण, संस्थापन, निरीक्षण, निर्माण और अन्य कार्य आरंभ किए जाएँगे जिसके बाद मध्य प्रदेश राज्य के भीतर निम्नलिखित पारेषण योजनाओं के लिए कमीशनिंग, परिचालन, रखरखाव और अन्य कार्य होंगे:–

<u>**योजना का नाम:**</u> ''मे. महान एनर्जेन लि. (एमईएल) की प्रस्तावित 2X800 मेगावाट ताप विद्युत परियोजना से एसटीयू नेटवर्क के माध्यम से 1230 मेगावाट बिजली (एमपीपीएमसीएल भाग) की निकासी के लिए अंतर–राज्यीय ट्रान्समिशन प्रणाली का विकास''

**इस योजना के अन्तर्गत शामिल कार्य:–**

| क्र. | ट्रान्समिशन एलिमेंट का नाम |
|---|---|
| **1** | **400/220/132 केवी सबस्टेशन रीवा (सगरा) (जिला–रीवा)** |
| (i) | रीवा (सगरा) 400/220/132 केव्ही उपकेन्द्र का निर्माण कार्य |
| (ii) | पीटीईएमपीएल (एमईएल) स्विचयार्ड – रीवा (सगरा) 400 केव्ही डीसीडीएस लाईन (क्वाड मूस) |
| (iii) | रीवा – सिरमौर / बाणसागर–। 220 केव्ही लाईन के दोनों सर्किटों का 400 केव्ही रीवा (सगरा) उपकेन्द्र में लीलो कार्य |
| (iv) | रीवा (सगरा) 400 केव्ही– कोटर 220 केव्ही डीसीडीएस लाईन |
| (v) | रीवा (सगरा) 400 केल्ही – रीवा (सगरा) 132 केव्ही डीसीडीएस लाईन (इंटरकनेक्टर) |
| (vi) | रीवा (सगरा) 400 केव्ही – रीवा 132 केव्ही डीसीडीएस लाईन |
| (vii) | रीवा 220 केव्ही – मनगवां 132 केव्ही लाईन के दोनों सर्किट का रीवा (सगरा) 400 केव्ही उपकेन्द्र में लीलो कार्य |
| **2** | **400/220/132 केवी सबस्टेशन अमरपाटन (जिला–मैहर)** |
| (i) | अमरपाटन 400/220/132 केव्ही उपकेन्द्र का निर्माण कार्य |
| (ii) | रीवा (सगरा) – अमरपाटन 400 केव्ही डीसीडीएस लाईन (क्वाड मूस) |
| (iii) | मैहर – सतना (पीजीसीआईएल) 220 केव्ही लाईन के दोनों सर्किट का अमरपाटन 400 केव्ही उपकेन्द्र में लीलो कार्य |
| (iv) | अमरपाटन 400 केव्ही अमरपाटन 132 केव्ही डीसीडीएस ताईन (इंटरकनेक्टर) |
| (v) | अमरपाटन 400 केव्ही सतना–11 132 केव्ही डीसीडीएस लाईन |
| (vi) | अमरपाटन 400 केव्ही– रामपुर बघेलान 132 केव्ही डीसीडीएस लाईन |
| (vii) | अमरपाटन 400 केव्ही उंचेहरा 132 केव्ही डीसीडीएस लाईन |

इस योजना के अंतर्गत आवरित ट्रान्समिशन लाइनें मध्य प्रदेश राज्य के निम्नांकित गाँवों, कस्बों और शहरों से होकर, उन पर से, उनके आसपास से और बीच से होकर गुज़रेगी।

**1. (ii) पीटीईएमपीएल (एमईएल) स्विचयार्ड – रीवा (सगरा) 400 केव्ही डीसीडीएस लाईन (क्वाड मूस)**

**जिला:** रीवा **तहसील:** हुजूर

**गाँव:** सावॉन, पुरैनी, मनकहारी, कुशहा, कंचनपुर, लपटा, मरहा, टिकिया, विसार, बहुरी बाँध, दुबहा, गोहिया एन, मसुरिहानटोल, अमवा, गंगाहरा नाला, भिटवा,, खामहरिया, खामहरिया बिहार नदी, भेरौरा नाला, ईटाह, बगदरा, डिहिया, गगहरा, किटवरिया, पैपखारा, टिकुरी, बारा (393), बारा (395), बारा (396), साँव, पुरैनी जागीर, पुरैनी कोथर, मनकहरी, कुशहा (95), कचूर, टिकिया, अमव, भिटवा, खम्हरिया, खम्हरिया, इटहा, पैपखरा (344), पैपखरा (346)

**जिला:** रीवा **तहसील:** हुज़ूर नगर

**गाँव:** कंजी, लक्ष्मणपुर, लक्ष्मणपुर लौवा, बरा, हरिहरपुर, सगरा, मझगवां, भंती, हनुमानपुर, इंटोरा, तुर्की, नवागांव, अजगरहा, सोनौरा, पुरैना, मुराल, गोथवा, रताहरा, पुतरी, अजगरहा 1, अजगरहा 2, लक्ष्मणपुर, लौवा लक्ष्मणपुर, मझिगवां, भाँटी, इटौरा, टिकुरी, रतहरा, पुतरी

**जिला:** रीवा **तहसील:** रायपुर कर्चुलियान

**गाँव:** बक्छेरा, रौरा, रामपुर, शिवपुर्वा, पहारिया पटना, पतौना, कटैया नाला, कैरान, खीरा, महासुवा, जुगिनीहाई, बेलवा, कोस्ता, भुन्डहा, सिरखिनी, राम नई, चोरगढ़ी, रोर, कोस्ता, नैन, बच्छई, रायपुर, भलुही, भलुहा, अईतला, बरेही, बाराहादी, खुझ, तेप्रो, बुरवा, गोरगांव, कसई, कोलैया, बेटेल गार्डन, पतौता, लामाई, पहाडिया (365), पहाडिया (366), पहाडिया (367), महसुआ (515), महसुआ (516), महसुआ (517), जोगिनहाई, बेलहा, बेलहा (450), बेलहा (451), कोष्टा, ऐतला, बरेही (400), बरहदी, टेपरो, वुडवा, गोरगाँव (164), गोरगाँव (165), कोर्लेया

**जिला:** रीवा **तहसील:** गुढ़

अंतिम परीक्षा हमेशा प्रेम की परीक्षा है... अंतिम मूल्य हमेशा प्रेम का मूल्य है... जीवन की श्रेष्ठतर ऊंचाइयां प्रेम की ऊंचाइयां हैं... जीवन के हिम शिखर, जीवन के गौरीशंकर, जीवन के एवरेस्ट, प्रेम के एवरेस्ट हैं... जिसे हम विद्या कहते हैं, वह प्रेम सिखाती है...स्वार्थ... घृणा... प्रतिस्पर्धा... उपेक्षा... भेद-भाव... नहीं सिखलाती...

विद्या मैं उसे कहता हूं जो दूसरों से आगे बढ़ना न सिखाये, बल्कि स्वयं अपनी 'स्व' का... अपनी ही मनोचेतना के प्रकाश में दूसरों को स्वयं से आगे बढ़ने का पथ प्रकाशित करे...

और जिस दिन कोई आदमी स्वयं अपनी ही आत्म चेतना से आगे बढ़ने में दीक्षित हो जाता है, उसी दिन उसके जीवन में अलौकिक आनंद के नये द्वार खुल जाते हैं... और जो आदमी दूसरे से आगे होने में दीक्षित हो जाता है, उसके जीवन में रोज-रोज दुःख-तनाव और पीड़ा- अशांति के नये-नये मार्ग आते चले जाते हैं...

जीवन एक बड़ी प्रतिध्वनि का केंद्र है-जीवन के भवन में जो हम चिल्लाते हैं, वही वापस आ जाता है... तो अगर हम सिखा रहे हैं, दूसरों को दुःख देना, दूसरों को पीछे छोड़ना, दूसरों को उदास करना, दूसरों को पराजित करना, तो स्मरण रहे, यही सब हम पर वापस लौट आयेगा, और जीवन के अंत में यही हमारी बची हुई जमा पूँजी होगी...

ऐसी संपदा हमें कैसे मुक्ति को निकट ला सकती है? यह तो नरक को निकट लायेगी, दुःख को निकट लायेगी, पीड़ा को, बंधन को निकट लायेगी...

यह बड़े आश्चर्य की बात है कि अगर हम किसी के रास्ते पर कांटे फेंकें तो हम बंधते हैं और हम फूल फेंकें तो हम नहीं बंधते हैं... बंधने का मतलब केवल इतना है कि... जब कांटे हम पर लौटते हैं तो दुःख लाते हैं और फूल हम पर लौटते हैं तो दुःख का कोई कारण नहीं रहता...

मनुष्य के जगत में जो भी दुःख... जो भी अंधकार... जो भी घृणा और हिंसा पैदा हुई है, वह अविद्या को विद्या समझ लेने से पैदा हुई है... और अगर मनुष्य के जीवन को परिवर्तित करना है तो स्पष्ट समझना होगा-क्या है अविद्या... और क्या है विद्या?

जो सिर्फ और सिर्फ आजीविका सिखाती है, जो लिविंग मींस देती है, रोजी-रोटी देती है, वह है अविद्या...

और जो जीवन सिखाती है, 'लाइफ' देती है-लिविंग नहीं, 'लाइफ' आजीविका नहीं, जीवन की कला सिखलाती है, वह है विद्या...

हमें अविद्यालय भी खोलने चाहिए और विद्यालय भी खोलने चाहिए... अविद्यालय खोलने चाहिए कि वहां लोग रोजी-रोटी कमाना सीख सकें... क्योंकि आदमी बिना रोटी के नहीं जी सकता... लेकिन मनुष्य केवल रोटी से भी जी नहीं सकता है...और इन्हीं अविद्यालय का नाम हम कभी संत ज्ञानेश्वर, गुरुनानक देव और महावीर जैसा प्यारा नाम भी रख देते हैं...

पर अभी तो महावीर, गुरुनानक देव या गौतम बुद्ध या संत ज्ञानेश्वर के नाम लगाने लायक कोई विद्यालय जमीन पर नहीं है... अभी ऐसे विद्या के मंदिर बनने में देर है...! बहुत देर है... अभी सब विद्यालय आदमियों के हैं... आदमियों को रोजी-रोटी... बोली-भाषा सिखाने वाले हैं... अभी मानव को महावीर, गुरुनानक देव, गौतम बुद्ध जैसा बनाने वाला कोई विद्यालय नहीं है...

लेकिन हो सकता है, अगर हम चाहें तो हो सकता है... किसी दिन हो सकता है कोई विद्यालय महावीर के जैसे, बुद्ध के जैसे, विवेकानंद के जैसे, उन महामानवों को सृजन करने वाले ज्ञान के पवित्र केन्द्र बन जायें... जो 'अविद्या' की जगह 'विद्या' की प्रज्ञा को जागृत कर सकें, जैसा जीवन इन मनीषियों ने जिया वह 'दैविक' और 'अलौकिक' जीवन भारत के होनहार फिर से जी सकें, वह दिन भी आये... इसकी परमात्मा से और आपसे प्रार्थना करता हूं...

''तत्कर्म यन्न बंधाय सा विद्या या विमुक्तये।''

''वह कर्म जो बंधन में न बांधे, वही कर्म है, और वह विद्या जो मुक्ति दे, वही विद्या है।''

(श्री मदनमोहन के लेखों, पुस्तकों, कविताओं की वेबसाइट)
https://adhyatmsanatandharma.com

# विकास के विनाशकारी प्रभावों की भरपाई असंभव

विश्व पर्यावरण दिवस

कुलभूषण उपमन्यु



**ग्लेशियर पिघलने से लाखों सालों से दबे कई तरह के वायरस भी प्रकट हो रहे हैं जिनके बारे में कोई समझ अभी विकसित होना कठिन है। वन्य प्राणियों के शरण स्थल वन घटते जा रहे हैं। जलवायु परिवर्तन के चलते धरती पर पानी के भंडार खतरे में पड़ गए हैं। जिस गति से प्रकृति का विनाश किया जा रहा है, उसकी भरपाई करना असंभव होता जा रहा है।**

मानव समाज ज्यों ज्यों विकसित होता जा रहा है त्यों त्यों प्रकृति प्रदत्त जीवनदायी तत्वों का विनाश बढ़ता ही जा रहा है। हालांकि प्रकृति मित्र विकास के मॉडल विकसित करने के दावे और प्रयास किए जा रहे हैं, किन्तु जिस गति से प्रकृति का विनाश किया जा रहा है, उसकी भरपाई करना असंभव होता जा रहा है। हवा, पानी और भोजन जीवन की सबसे मूल जरूरतें हैं। हवा प्रदूषण इस हद तक बढ़ गया है कि विश्व के अनेक क्षेत्र गैस चैंबर बनते जा रहे हैं। जलवायु परिवर्तन के चलते धरती पर पानी के भंडार खतरे में पड़ गए हैं। हिमनदों के पिघलने की गति बढ़ती जा रही है जिसके चलते आने वाले 40-50 वर्षों में ग्लेशियर समाप्त होने के कगार पर होंगे। अमरीका के रौकिज से लेकर यूरोप की ऐल्प्स, काकेशस, और भारत की हिमालय पर्वत श्रृंखलाएं हिमनद विहीन होने वाली हैं। विज्ञान पत्रिका 'साइंस' के मुताबिक यदि हम वैश्विक तापमान वृद्धि को औद्योगिक क्रांति के बाद से 2 डिग्री सेंटीग्रेड के भीतर नहीं रोक सके तो विश्व के ग्लेशियरों में सदी के अंत तक 10-15 फीसदी ही बर्फ बची रहेगी। इससे पानी की आपूर्ति करने वाली सदानीरा नदियां मौसमी बन कर रह जाएंगी जिनमें बारिश होने पर ही पानी होगा, या थोड़ा बहुत वनों द्वारा संरक्षित जल पर ही आबादी को निर्भर रहना पड़ेगा। भूजल की स्थिति भी अच्छी नहीं है। भारत में 45 फीसदी क्षेत्र भूजल के अधिक दोहन के कारण लाल सूची में आ गए हैं। हिमनदों के जल्दी पिघलने के कारण हिमालयी क्षेत्रों में हिमनद जनित झीलें बन रही हैं। हिमनदों की बर्फ कच्चे मलबे के साथ टूट कर पर्वतीय संकरी घाटियों में गिर कर बर्फीले मलबे के बांध बना देती है, जिसमें हिमनदों का पानी जमा होता रहता है और जब पानी की मात्रा बांध की दीवार की झेलने की शक्ति से ज्यादा हो जाती है, तब ये हिमनद बांध टूट कर निचले क्षेत्रों में बाढ़ लाकर भारी तबाही का कारण बनते हैं। हिमाचल में 90 के दशक में पार्छू से आई बाढ़ और उत्तराखंड में विष्णुगाड़ बाढ़ ताजा उदाहरण हैं। हिमालय में इस समय 28000 के करीब हिमनद झीलें बन चुकी हैं जिनमें से बहुत सी खतरनाक साबित हो सकती हैं। उपजाऊ जमीनें अत्यधिक उपज लेने के चक्कर में रासायनिक खादों और कीटनाशक और खरपतवार नाशक दवाइयों के प्रयोग के कारण अपनी शक्ति खोती जा रही हैं। यानी जिंदा रहने के लिए सबसे जरूरी तीनों तत्व खतरे की चपेट में हैं। और जलवायु परिवर्तन के कारण प्राकृतिक आपदाओं का क्रम भी बढ़ता जा रहा है। अति वृष्टि और अनावृष्टि का क्रम आम हो गया है। इस वर्ष हिमाचल में मार्च में औसत से कम बारिश हुई है। जब बारिश होती है तो बहुत भारी बारिश होती है। हिमाचल और उत्तराखंड में पिछले दो वर्षों से बरसात में भारी तबाही हो रही है। गत वर्ष हिमाचल में 450 के लगभग लोग अकाल मृत्यु का ग्रास बन गए थे। इस वर्ष मई महीने में ही कुल्लू और चंबा जिलों में बादल फटने की घटनाएं हो चुकी हैं, जिससे जन-धन की हानि हुई है। भारतीय ऊर्जा, पर्यावरण एवं जल परिषद ने इस वर्ष देश के 57 फीसदी जिलों को जिनमें 76 फीसदी आबादी का निवास है, अत्यंत भीषण गर्मी की चपेट में आने की चेतावनी दी है। 1993 से 2022 के बीच मौसम खतरा सूचकांक 2025 के अनुसार मौसम की भारी मार झेलने वाले देशों में भारत छठे स्थान पर है। 2024 की रिपोर्ट के अनुसार 2012-22 के बीच 55 फीसदी तहसीलों में बारिश में भारी वृद्धि दर्ज की गई। वैश्विक तापमान में अप्रत्याशित वृद्धि के कारण ही यह स्थिति बनी है। तापमान में वृद्धि ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन में वृद्धि के कारण हुई है। इन गैसों के उत्सर्जन में वृद्धि अंधाधुंध निर्माण कार्यों में वृद्धि के कारण हुई है। अत्यधिक ऊर्जा की मांग के कारण जीवाश्म ईंधनों के प्रयोग में वृद्धि हो रही है। निर्माण कार्यों के कारण ग्रीन हाउस गैसों को प्रचूषित करके नियंत्रण करने वाले वनों का भी बहुत कटान हो रहा है। भारतवर्ष चीन और अमरीका के बाद सबसे ज्यादा कार्बन उत्सर्जन करने वाला देश बन गया है। गत वर्षों में भारत कोयले के खनन को लगभग 5 फीसदी बढ़ा चुका है। जरूरत तो इसे कम करते जाने की है। हालांकि स्वच्छ ऊर्जा के लिए सौर ऊर्जा उत्पादन के लिए अच्छे प्रयास हुए हैं। 2015 में सौर ऊर्जा का कुल ऊर्जा उत्पादन में योगदान 0.5 से बढ़ कर 5.8 फीसदी हो गया है। इस समय भारत की स्थापित सौर ऊर्जा क्षमता 73 गीगावाट है, जो विश्व स्तर पर छठे स्थान पर है। किन्तु 70 फीसदी ऊर्जा जरूरतें अभी भी कोयले से पूरी की जा रही हैं। इसे लगातार कम करने की जरूरत है। अत्यधिक बनावटी मांग पैदा करना एक बड़ी समस्या बनती जा रही है। पूरा मीडिया इसी काम में लगा रहता है। उत्पादन प्रक्रिया का फलसफा अमरीकी फलसफे पर आधारित होता जा रहा है, जिसमें 'यूज एंड थ्रो' का सिद्धांत सर्वोपरि है। पुराने समय में उत्पाद ऐसे होते थे जिनकी मरम्मत करके सालों साल प्रयोग किया जा सकता था। मरम्मत करने वाले लोगों की एक बड़ी फौज को रोजगार भी मिलता था। अब तो ऐसी वस्तुएं बनने लगी हैं जिनको एक बार प्रयोग करके फैंकना ही पड़ता है। इससे एक तो संसाधनों का अत्यधिक दोहन और खनन करना पड़ता है और दूसरे, इतना ज्यादा कचरा पैदा हो रहा है जिसके निपटारे की समस्या नियंत्रण से बाहर हो रही है। इस सबके लिए अतिरिक्त ऊर्जा की जरूरत पड़ती है। टिकाऊ उत्पाद बनाने से इस फिजूलखर्ची से बचा जा सकता है। यदि ग्लोबल वार्मिंग 3 डिग्री सेल्सियस से अधिक हो जाती है तो इन देशों में वर्तमान उत्पादन का लगभग तीन-चौथाई हिस्सा खतरे में पड़ जाएगा। वैश्विक तापमान का असर सब जगह एक जैसा नहीं होगा। नया अध्ययन निम्न अक्षांश और मध्य से उच्च अक्षांश क्षेत्रों (भूमध्य रेखा और ध्रुवीय क्षेत्रों के बीच में गर्म और ठंडी जलवायु वाले क्षेत्र) के बीच एक स्पष्ट अंतर को दर्शाता है। भूमध्य रेखा के नजदीकी देशों को जहां फसल की भारी क्षति और विविधता में गिरावट का सामना करना पड़ सकता है, वहीं ठंडी जलवायु वाले देश अपने समग्र उत्पादन स्तर को बनाए रख सकते हैं। वैज्ञानिकों ने यह भी अनुमान लगाया है कि मध्य और उच्च अक्षांश वाले क्षेत्र गर्म होती दुनिया में फसलों की एक विस्तृत श्रृंखला की खेती करने में सक्षम हो सकते हैं। अध्ययन के वरिष्ठ लेखक मैटी कुम्मू का कहना है कि जलवायु में अनुकूल बदलाव अधिक पैदावार की गारंटी नहीं देता है। जलवायु परिवर्तन से कुछ स्थानों पर उत्पादन बढ़ सकता है लेकिन वार्मिंग नए कीट पैदा कर सकती है और चरम मौसम की घटनाएं ला सकती है। इस फालतू कचरे के कारण वायु और जल प्रदूषण भी बढ़ता जा रहा है। प्लास्टिक कचरे के जल में पहुंचने से माइक्रो प्लास्टिक और नैनो प्लास्टिक मछलियों के पेट में पहुंच रहा है और वहां से मनुष्य के भोजन के रास्ते मनुष्य शरीर में पहुंच कर नई नई समस्याएं पैदा कर रहा है। ग्लेशियर पिघलने से लाखों सालों से दबे कई तरह के वायरस भी प्रकट हो रहे हैं जिनके बारे में कोई समझ अभी विकसित होना कठिन है। वन्य प्राणियों के शरण स्थल वन घटते जाने से वन्य प्राणियों के आबादियों में आने से मानव-वन्य प्राणी संघर्ष तो बढ़ ही रहा है, साथ ही उनके वायरस भी मनुष्य प्रजाति को खतरा पैदा कर रहे हैं। कोरोना भी तो जंगली चमगादड़ों के ही माध्यम से फैला था, चाहे उन पर किए जा रहे कुछ प्रयोगों की वजह से ही क्यों न हो। अत-अति उपभोग पर आधारित सभ्यता को सादगी की ओर ले जाने की दिशा में सोचना होगा। टिकाऊ विकास की बात को यथार्थ में जमीनी स्तर पर लाना होगा।

# राहुल के बयान पर प्रदेश में सियासी बवाल

## नरेन्द्रर-सरेंडर वाले बयान पर भाजपा नेताओं ने राहुल को घेरा तो कांग्रेस ने किया बचाव

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के नरेन्द्रर-सरेंडर वाले बयान ने मध्यप्रदेश में सियासी चिंगारी सुलगा दी है। बयान को लेकर जहां भाजपा नेताओं ने राहुल और कांग्रेस को जमकर घेरा है, तो वहीं कांग्रेस ने राहुल के बयान को लेकर उनका बचाव किया है। गौरतलब है कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने अपने भोपाल प्रवास के दौरान ऑपरेश सिंदूर को लेकर बयान दिया था कि अमेरिकी राष्ट्रीय ट्रम्प के फोन पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ऑपरेशन को बंद करा दिया था। उन्होंने कहा था कि नरेन्द्रर-सरेंडर जैसे वाक्य का प्रयोग किया। इस बयान ने भोपाल से लेकर दिल्ली तक के भाजपा नेताओं ने राहुल गांधी की जमकर आलोचना की है।



### राहुल गांधी की भाषा को देश बर्दाश्त नहीं करेगा: सीएम



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर को लेकर कांग्रेस के सांसद विदेश में बात कर रहे हैं और राहुल गांधी नादान तरीके से बात कर रहे हैं। नेता प्रतिपक्ष की एक गरिमा होती है। राहुल गांधी ने जिस भाषा का इस्तेमाल किया, उसे देश बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि ये दुर्भाग्यपूर्ण है। राहुल गांधी मर्यादा छोड़कर जिस तरह से बात कर रहे हैं वो संस्कारों के खिलाफ है। उससे उनका हल्कापन सामने आता है। इन्हीं सब कारणों से राहुल गांधी को पप्पू कहा जाता है। ऐसे बयान पर उनके साथ वाले ताली बजा रहे हैं। मध्यप्रदेश के लोग इसे सहन नहीं करेंगे। इस पूरी घटना की कांग्रेस को कीमत चुकानी होगी।

### शर्म आना चाहिए राहुल गांधी को: वीडी



भाजपा प्रदेशाध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का प्रधानमंत्री के बारे में इस तरह मजाक उड़ाना बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। इसकी कड़ी आलोचना करता हूं। राहुल गांधी चीन के एंजेट और पाकिस्तान के प्रवक्ता की भूमिका निभा रहे हैं। मैं उनसे पूछना चाहता हूं कि वर्ष 1971 में हमारी सेना के पराक्रम के बाद भी बंदियों को किसने छोड़ा था? मोदी के पीएम बनने के बाद पाकिस्तान खौफ में है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को इस तरह की भाषा बोलने पर शर्म आनी चाहिए। देश यह देख रहा है, देश इसका जवाब देगा।

### सरेंडर और सीजफायर का अंतर समझें राहुल: उमा भारती



पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने सवाल किया कि राहुल गांधी को इतनी भी अंग्रेजी नहीं आती हैं क्या। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि सरेंडर और सीजफायर का राहुल गांधी अंतर समझें। उन्होंने लिखा कि आज तक भारतीय सेना ने पाकिस्तान के सामने सरेंडर नहीं किया है। मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा कि राहुल गांधी ने बचपने का बयान दिया है। जब पूरी दुनिया हमारी सेना और सैनिकों का लोहा मान नही है, उस समय इस तरह का बयान देशद्रोह की श्रेणी में आता है। सवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति पर इस प्रकार की टिप्पणी नहीं की जाती। राहुल गांधी संस्कारहीन, उन्हें नहीं मालूम कि किस तरह से राजनीति में परिपक्वता लाई जाती है। पूरी दुनिया प्रधानमंत्री मोदी को वैश्विक नेता मान रही है, लेकिन राजनीतिक प्रतिद्वंद्वता में राहुल बहुत नीचे उतर गए।

### ट्रम्प के बयान पर पीएमओ चुप क्यों है: जीतू



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा ट्वीट कर एक बार नहीं 10 बार यह कहा गया कि उन्होंने सीजफायर कराया। इस पर न तो विदेश मंत्रालय द्वारा और न ही प्रधानमंत्री द्वारा कोई प्रतिक्रिया दी गई। यदि प्रधानमंत्री अमेरिका के सामने नहीं झुके तो केन्द्र सरकार को इसका प्रतिकार करना चाहिए। यदि केन्द्र सरकार और प्रधानमंत्री अमेरिका के सामने सरेंडर नहीं हुए हैं, तो चुप क्यों हैं? पीएमओ चुप्पी का हिसाब दे और सीएम मध्यप्रदेश जवाब लें।

### तुलसी सिलावट और उमंग सिंघार में हुई बहस

राहुल के बयान पर सरकार के मंत्री तुलसी सिलावट और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के बीच सोशल मीडिया पर तीखी बहस हुई है। दरअसल मंत्री सिलावट ने राहुल गांधी के बयान पर एक्स पर लिखा था कि जी हुजूर का सार्थक अर्थ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं से बेहतर कौन समझ सकता है। जब सदियों तक उन्हें एक ही परिवार की जी हुजूरी करनी पड़ी। इमरजेंसी की जी हुजूरी, पीओके छोड़ने की जी हुजूरी, चीन की जी हुजूरी। कई ऐसी विदेशी आक्रांताओं की जी हुजूरी जो देश के लिए खतरनाक साबित हुई। आदरणीय नरेन्द्र मोदी जी के लिए खिलाफ अनर्गल बयान देने से क्या राहुल जी कांग्रेस के कर्मों को छुपा सकते हैं। सिलावट के बयान पर नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने पलटवार करते हुए उन्हें एहसान फरामोश बता दिया। एक्स पर सिंघार ने लिखा कि तुलसीराम सिलावट जी, मैं आपको याद दिलाना चाहता हूं कि सन् 1982 से 2020 तक करीब 40 साल आप भी कांग्रेस परिवार के सदस्य रह चुके हैं। सामान्य कार्यकर्ता से लेकर पार्षद, 4 बार विधायक और मंत्री बनने तक मौका इसी पार्टी ने आपको दिया। मुझे गर्व है कि कांग्रेस में ऐसे असंख्य बब्बर शेर मौजूद हैं, जिन्होंने पद और पैसे की लालसा में रातों-रात अपनी वैचारिक निष्ठा की बलि नहीं दी और आज भी जनता के हक की आवाज को बुलंद करने के लिए दिन-रात तत्पर हैं।





## संक्षिप्त खबरें

### जनता को मिले सभी योजनाओं का लाभ

**विसं, भोपाल।** नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री एवं ऊर्जा विकास निगम के अध्यक्ष राकेश शुक्ला ने विभागीय सभी योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों को देने के निर्देश दिये हैं। मंत्री शुक्ला ने मध्यप्रदेश ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड की 196 वीं बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की बैठक में बुधवार को ऊर्जा विकास निगम के मुख्यालय में उक्त निर्देश दिये। शुक्ला ने प्रदेश के किसानों के लिए सौर ऊर्जा आधारित पीएम कुसुम एच्च और सीयोजना के साथ प्रधानमंत्री कृषक मित्र सूर्य योजना के साथ महत्वपूर्ण विषयों पर समीक्षा के बाद स्वीकृति प्रदान की। बैठक में अपर मुख्य सचिव मनु श्रीवास्तव, ऊर्जा विकास निगम के प्रबंध संचालक अमनवीर सिंह बैंस सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### हाईटेंशन लाइनों के पास नहीं लगेंगी दुकानें

**विसं, भोपाल।** ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि हाईटेंशन लाइन के पास दुकानें नहीं लगने दी जाएगी। क्योंकि जरा सी असावधानी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है। तोमर ने कहा कि कई जगह चाय की गुमठियां भी विद्युत लाइनों के समीप तथा ट्रांसफार्मरों से सटाकर चलाई जा रही है, जिनके कारण करंट लगने से कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

### स्वतंत्रता सेनानी को भरना पड़ा दो लाख का बिल

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** किडनी और लीवर इन्फेक्शन से पीड़ित स्वतंत्रता सेनानी को आयुष्मान योजना का लाभ नहीं मिल सका है। उन्हें स्वतंत्रता सेनानी कार्ड का भी लाभ नहीं मिल सका है। उन्होंने मामले की शिकायत कलेक्टर सहित अन्य अधिकारियों से की है। शाहजहांनाबाद निवासी पंडित रामजीवन दुबे ने दैनिक जागरण को बताया कि उन्हें किडनी लीवर पोस्टेड इन्फेक्शन होने पर शाहजहांनाबाद स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, लेकिन पांच दिन बाद आराम न मिलने पर उन्हें शिवाजी नगर स्थित पारुल अस्पताल और बाद में अरेरा कालोनी स्थित नेशनल अस्पताल में एडमिट कराया गया। दोनों ही अस्पतालों में उन्हें आयुष्मान कार्ड और स्वतंत्रता सेनानी कार्ड का लाभ नहीं मिल सका। नतीजतन उन्हें दो लाख रुपए उधार लेकर अस्पताल का बिल चुकाना पड़ा। ऐसे में उन्होंने शासन से मामले की जांच कर आयुष्मान योजना का लाभ दिलाने या इसकी एवज में आर्थिक सहायता देने की मांग की है, ताकि लोगों से लिया गया कर्ज चुकाया जा सके।

### लोकायुक्त ने आरटीओ एजेंट को 10 हजार की रिश्वत लेते पकड़ा

**भोपाल।** लोकायुक्त पुलिस की इंदौर टीम ने बुधवार दोपहर बड़वानी जिले के अंजड़ में एक आरटीओ एजेंट को 10 हजार की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। एजेंट को पकड़ने के बाद तत्काल जिला परिवहन कार्यालय लाया गया, जहां गहन छानबीन के बाद जिला परिवहन अधिकारी को भी आरोपी बनाया गया है। अंजड़ के रहने वाले चेतन शर्मा ने पिछले महीने लोकायुक्त एसपी इंदौर को शिकायत देकर आरोप लगाया था कि जिला परिवहन अधिकारी रीना किराड़े ने प्राइवेट एजेंट विवेक मलतारे के जरिए उनसे 22 लाइसेंस रिन्यू कराने के एवज में 30 हजार की रिश्वत मांगी थी। बाद में एजेंट ने बुधवार को पहली किस्त के रूप में 10 हजार देने को कहा था।

**मंदिर के बाहर ली रिश्वत, टीम सीधे ऑफिस ले गई**

लोकायुक्त टीम ने शिकायत का सत्यापन होने के बाद बुधवार को अंजड़ के गायत्री मंदिर के पास चेतन शर्मा ने एजेंट विवेक मलतारे को बुलाया। जैसे ही मलतारे ने रिश्वत की पहली किस्त के 10 हजार रुपए लिए, वैसे ही पास मौजूद लोकायुक्त टीम ने उसे धर दबोचा। इसके बाद लोकायुक्त पुलिस की टीम एजेंट विवेक मलतारे को अपने साथ लेकर बड़वानी के आरटीओ कार्यालय पहुंची।

## मणिपुर जाएंगे आईपीएस राकेश सगर और पाठक

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** गृह विभाग ने आदेश जारी करते हुए एमपी कैडर के दो आईपीएस अफसरों को मणिपुर से बुला लिया है। उनकी जगह एमपी कैडर के दो अन्य आईपीएस अधिकारियों को मणिपुर में पदस्थ किया है। सुप्रीम कोर्ट ने 7 अगस्त 2023 को निर्देश जारी करते हुए पुलिस मुख्यालय को एसपी स्तर के 3 अधिकारियों को मणिपुर भेजने के निर्देश दिए थे। 14 फरवरी 2024 को 2012 बैच के आईपीएस शिवदयाल और 2016 बैच के संजीव कुमार कंचन को हिंसा प्रभावित मणिपुर भेजा था। पीएचक्यू से भेजे गए प्रस्तावों के आधार पर राच्य सरकार ने अब दोनों अफसरों की पदस्थापना मणिपुर से वापस एमपी करते हुए इनके स्थान पर 2010 बैच के आईपीएस राकेश सगर और 2012 बैच के आईपीएस विकास पाठक को तत्काल प्रभाव से मणिपुर में पदस्थ किया है। सगर वर्तमान में दूसरी बटालियन ग्वालियर और पाठक 26वीं बटालियन गुना में कमांडेंट के पद पर पदस्थ हैं।

**तिवारी भी सीबीआई के लिए रिलीव:** एक अन्य आदेश में प्रदेश के 2016 बैच के आईपीएस सुनील तिवारी को केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर सीबीआई के लिए रिलीव कर दिया है। अब तक सीबीआई मुख्यालय में प्रतिनियुक्ति पर तैनात एमपी कैडर के 2015 बैच के आईपीएस अफसर अमित तोलानी को वापस प्रदेश बुला लिया है।

# देश में चार तो मध्यप्रदेश में दिव्यांगों को मिल रहा छह प्रतिशत आरक्षण: सीएम

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश में दिव्यांगों की तरक्की में आने वाली सभी तरह की परेशानियों को दूर करने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं। हम दिव्यांगजनों को सीधी भर्ती की शासकीय नौकरियों में 2 प्रतिशत का अतिरिक्त आरक्षण दे रहे हैं। गौरतलब है कि देशभर में दिव्यांगों को 4 प्रतिशत आरक्षण दिया जा रहा है लेकिन प्रदेश में सीएम के निर्देश पर दिव्यांगों को 2 प्रतिशत अतिरिक्त यानि 6 फीसदी आरक्षण दिया जा रहा है। सीएम बुधवार को राजधानी के पंडित खुशीलाल शर्मा शासकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण संचालनालय के इस कार्यक्रम में सीएम ने दिव्यांगजन को नियुक्ति पत्र तथा अन्य हितलाभ वितरण पत्र सौंपे। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजन अपनी क्षमता, योग्यता, संघर्षशीलता और सकारात्मकता के आधार पर समाज में अपना स्थान बनाते हैं। राज्य सरकार दिव्यांगजन को शासकीय नौकरियों में अतिरिक्त 2 प्रतिशत आरक्षण दे रही है। सरकार सर्वे भवन्तु सुखिनः की भावना से कार्य कर रही है। महाकवि सूरदास, अष्टावक्र, सकुरात, स्वामी रामभद्राचार्य, सुप्रसिद्ध संगीतकार रविंद्र जैन का उदाहरण देते हुए सीएम ने कहा कि शारीरिक सौंदर्य और शारीरिक पूर्णता से नहीं अपितु विशेषज्ञता पूर्ण क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान देकर इन महान व्यक्तित्वों ने समाज में योगदान दिया और इतिहास में स्थान बनाया। कार्यक्रम में सीएम ने हितग्राहियों को स्मार्टफोन एवं मोटराइज्ड साइकिल का



वितरण भी किया। उन्होंने दिव्यांग अधिकार अधिनियम 2016 ब्रेल लिपि में विकसित पुस्तिका का विमोचन किया।

### सामाजिक न्याय में 2600, पीडब्ल्यूडी में 33 पदों पर भर्ती

इस मौके पर मौजूद सामाजिक न्याय एवं समाज कल्याण मंत्री नारायण सिंह कुशवाहा ने बताया कि प्रदेश में 2600 पदों पर दिव्यांगजन की भर्ती की गई है। वरिष्ठ मंत्री राकेश सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री का संकल्प है कि सबको सम्मान से जीने का अधिकार मिले और समाज के किसी भी व्यक्ति को किसी की दया पर जीवन न जीना पड़े। जब सरकार संवेदनशील होती है तो वह अपनी जिम्मेदारी बखूबी समझती है। उन्होंने बताया कि उनके विभाग लोकनिर्माण विभाग द्वारा 33 उपयंत्रियों को नियुक्ति पत्र सौंपे गए है।

# स्लीपर सेल कांग्रेसियों की होगी पहचान

## पर्यवेक्षकों को दी जाएगी जानकारी, पहचान करने जिलों को दिए निर्देश

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के भोपाल प्रवास के बाद कांग्रेस फूल छाप कांग्रेसियों की सूची तैयार करने में जुट गई है। नेता पर्यवेक्षकों को स्लीपर सेल से जुड़े कांग्रेसियों की सूची सौंपेंगे। गौरतलब है कि राहुल गांधी ने प्रवास के दौरान साफ तौर पर कहा था कि कांग्रेस अब स्लीपर सेल नेताओं से दूरी बनाएगी। इसके लिए उन्होंने पर्यवेक्षकों और पार्टी के कुछ नेताओं को निर्देशित भी किया है कि ऐसे लोगों की पहचान करें, जो पार्टी के अंदर रहकर भाजपा नेताओं के लिए काम कर रहे हैं। राजनीतिक मामलों की समिति की बैठक के दौरान राहुल ने सभी सदस्यों से यह कहते हुए मोबाइल बंद करा दिए थे कि मोबाइल के जरिए भाजपा के पास जानकारी जाती है कि कांग्रेस की बैठक में क्या हो रहा है। राहुल गांधी के इस निर्देश के दूसरे दिन ही पीसीसी और उनके नेताओं ने ऐसे लोगों की सूची बनाने का काम शुरू दिया है, जो संगठन में रहकर पार्टी और नेताओं के लिए नुकसान पहुंचाने का काम कर रहे हैं। इस संबंध में पूर्व मंत्री पीसी शर्मा ने बुधवार को कहा कि जिला ऑब्जर्वर्स को स्लीपर सेल की सूची सौंपी जाएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा में शामिल कई कांग्रेसी नेताओं के समर्थक



आज भी संगठन में हैं और कांग्रेस में पद लिए हुए हैं। इनमें से कई समर्थक भाजपा के लिए काम कर रहे हैं। ऐसे नेताओं पर कार्रवाई होनी चाहिए, क्योंकि इन्हीं समर्थकों की वजह से कांग्रेस को नुकसान उठाना पड़ रहा है। शर्मा ने कहा कि हम ऐसे नेताओं की सूची पर्यवेक्षकों को देंगे, जो एआईसीसी और राहुल गांधी तक पहुंचाएंगे। इधर सूत्रों का कहना है कि पीसीसी ने अपने जिला संगठन से जुड़े वफादार नेताओं से फूल छाप कांग्रेसियों की सूची तैयार करने को कहा है। यह सूची 10 जून तक पीसीसी को सौंपने और उसकी प्रति पर्यवेक्षक के जिला प्रवास के दौरान देने को कहा है। बताया गया है कि सूची के आधार पर पर्यवेक्षक अपने स्तर पर उसकी सत्यता का परीक्षण कराएंगे और अपनी रिपोर्ट के साथ सूची को राष्ट्रीय नेतृत्व को सौंपी जाएगी।

### गलत बयानबाजी पर भी रहेगी नजर

कांग्रेस के जानकारों का कहना है कि पर्यवेक्षकों द्वारा उन नेताओं के बयानों का भी परीक्षण किया जाएगा, जो पार्टी लाइन के खिलाफ आए हैं। इन बयानों से पार्टी को कितना नुकसान उठाना पड़ा है और इससे पार्टी और नेतृत्व की किस तरह से छवि खराब हुई है, उसका भी आंकलन किया जाएगा। इधर कांग्रेस की इस मुहिम पर भाजपा ने चुटकी ली है। प्रदेश उपाध्यक्ष चौधरी मुकेश सिंह चतुर्वेदी का कहना है कि कांग्रेस को अपने ही कार्यकर्ताओं पर भरोसा नहीं है, तो वह जनता का भरोसा कैसी जीत सकती है। पार्टी के पास वैसे भी नेताओं, नेतृत्व और नीति की कमी है। ऐसे में वह वे सिर पैर वाले निर्णय ले रही है। इस गुटबाजी के चलते कांग्रेस के कई समर्पित और वफादार नेता और कार्यकर्ताओं का शहीद होना तय है।

# दबिश का असर, बयान देने भोपाल पहुंचे सहारा के ईडी

## कटनी, भोपाल और जबलपुर की जमीन बिक्री को लेकर अनिल इब्राहिम से चार घंटे तक किए सवाल

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** सहारा रियल एस्टेट की भोपाल, जबलपुर और कटनी की 800 करोड़ मार्केट रेट वाली लगभग 312 एकड़ जमीन केवल 90 करोड़ में बीजेपी विधायक संजय पाठक के परिजनों की कंपनियों को बेचने के मामले में बुधवार को आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) में सहारा के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर (ईडी) अनिल इब्राहिम से चार घंटे तक पूछताछ की गई। इब्राहिम से जमीन के सौदे से लेकर उसकी रकम के भुगतान और इस राशि को सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर सहारा सेबी के ज्वाइंट खाते में जमा कराने को लेकर सवाल किए गए। इब्राहिम पिछले दो माह से ईओडब्ल्यू के सम्मन का न तो जवाब दे रहे थे और न ही बयान दर्ज कराने आ रहे थे। इसके बाद पिछले सप्ताह ईओडब्ल्यू की टीम सहारा के लखनऊ स्थित मुख्यालय पहुंच गई थी, जिससे वहां हड़कंप मच गया था। ईओडब्ल्यू की टीम ने लखनऊ में सख्ती दिखाते हुए अफसरों को बयान देने के लिए भोपाल आने को कहा था और कई दस्तावेज जब्त कर साथ ले आई थी। दबिश के बाद सहारा के कॉर्पोरेट क्रेडिट डिपार्टमेंट के ईडी अनिल इब्राहिम बुधवार को खुद ईओडब्ल्यू के भोपाल स्थित दफ्तर पहुंच गए। इब्राहिम ने जबलपुर और कटनी की जमीनों की बिक्री को लेकर कई अहम जानकारियां ईओडब्ल्यू को दे दी हैं।



### जेबी राय, ओपी श्रीवास्तव और अमितेष आहूजा से सोमवार-मंगलवार को होगी पूछताछ

ईओडब्ल्यू ने अब सहारा के संचालक रहे सुब्रत रॉय के निधन के बाद कंपनी की कमान संभाल रहे उनके भाई जेबी रॉय, सहारा समूह के संचालक ओपी श्रीवास्तव और सहयोगी कंपनी एसपीसीएल के हेड अमितेष आहूजा को सोमवार और मंगलवार को भोपाल आकर बयान दर्ज कराने को कहा है। इसके साथ ही इन जमीनों का सौदा कराने वाले ब्रोकर देवाशीष को भी सोमवार को तलब किया गया है। ईओडब्ल्यू दो दिनों तक इन चारों से पूछताछ कर करोड़ों की जमीन कौड़ियों के दाम बेचने से जुड़े कई राज पर से पर्दा उठाने की कोशिश करेगी। ईओडब्ल्यू की अब तक की छानबीन में ये साफ हो गया है कि भोपाल समेत कटनी, जबलपुर, ग्वालियर और सागर की जमीनें बाजार भाव से बेहद कम दाम में बिकीं और इनकी रकम सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद भी सहारा-सेबी के खाते में जमा नहीं कराई गई। इब्राहिम ने बुधवार को ईओडब्ल्यू के अफसरों को बताया कि उनकी एंजियोप्लास्टी हुई है, जिसके कारण वे दो माह से बयान के लिए नहीं आ पाए थे।

### पिछले तीन साल में बेची जमीन, दूसरे खातों में ट्रांसफर कर लिए पैसे

सहारा समूह द्वारा भोपाल, जबलपुर और कटनी में 800 करोड़ की जमीन 90 करोड़ में विधायक संजय पाठक से जुड़ी कंपनियों को बेच दी गई थी। ईओडब्ल्यू को पड़ताल में पता चला कि ग्वालियर और सागर में भी सहारा की 150 एकड़ जमीन बाजार भाव से कम दाम पर बेचकर रकम सहारा-सेबी के संयुक्त खाते में जमा नहीं कराई गई। भोपाल की 110 एकड़ जमीन 48 करोड़, 100 एकड़ जमीन 20 करोड़ और कटनी में 100 एकड़ जमीन 22 करोड़ में बिकी, जिसे विधायक संजय पाठक की मां निर्मला पाठक और बेटे यश की शेयर होल्डिंग कंपनी सिनाप रियल एस्टेट व नायसा देवबिल्ड ने खरीदा है। इस जमीन का बाजार भाव लगभग 800 करोड़ रुपये है। इससे पहले ईओडब्ल्यू को एक मई को सहारा रियल एस्टेट के फाइनेंस डिवीजन के चीफ मैनेजर इरफान उल्लाह और डिप्टी चीफ मैनेजर रुद्रनाथ यादव से पूछताछ की गई थी, जिसमें कई खुलासे हुए थे।

**पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा 2023 फर्जीवाड़ा, 16 एफआईआर दर्ज**

# 24 आरोपी गिरफ्तार परीक्षा से तीन माह पहले एक्टिव हो गया था बिहार का गिरोह

**भोपाल।** पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा 2023 में धोखाधड़ी का खुलासा होने के बाद इसमें संगठित आपराधिक गिरोह का हाथ सामने आया है। इस मामले में अब तक 16 एफआईआर दर्ज की गई हैं और 24 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि इस फर्जीवाड़े को अंजाम देने वाला गिरोह बिहार से संचालित हो रहा था और परीक्षा से करीब छह महीने पहले ही एक्टिव हो गया था। जांच में सामने आया है कि इस गिरोह ने आवेदन के समय कुछ चुनिंदा उम्मीदवारों की आधार आईडी की डिटेल्स बदल दी थी। ऐसा इसलिए किया गया ताकि उनके स्थान पर सॉल्वर लिखित परीक्षा दे सकें और किसी को शक न हो। लिखित परीक्षा हो जाने के बाद, आधार कार्ड की डिटेल्स को दोबारा अपडेट किया गया ताकि वास्तविक उम्मीदवार शारीरिक दक्षता परीक्षा में शामिल हो सकें।

**तीन बार बदला नाम लेकिन फर्जीवाड़ों का सिलसिला जारी:** प्रदेश में मध्य प्रदेश व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापमं) का नाम कई बार बदला गया है। 1970 में इसकी शुरुआत मध्य प्रदेश प्री मेडिकल टेस्ट बोर्ड के रूप में हुई थी और 1981 में प्री इंजीनियरिंग बोर्ड का गठन किया गया। इसके बाद 1982 में इन दोनों बोर्डों का विलय कर इसे व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापमं) का नाम दिया गया था। 2013 में व्यापमं घोटाले के सामने आने के बाद इसका नाम बदलकर एमपी प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड (पीईबी) कर दिया गया। 18 फरवरी 2022 को प्रदेश कैबिनेट ने एक बार फिर इसका नाम बदलने का निर्णय लेते हुए इसे मध्य प्रदेश कर्मचारी चयन मंडल (एमपीईएसबी) कर दिया। इसका संचालन अब सामान्य प्रशासन विभाग के अधीन है, जबकि पहले यह तकनीकी शिक्षा विभाग का एक अंग था। व्यापमं से लेकर अब तक प्री-मेडिकल टेस्ट घोटाला, पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा 2012 और 2013 में फर्जीवाड़ा, शिक्षक भर्ती परीक्षा 2011, वन रक्षक भर्ती परीक्षा 2013, सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा 2012, खाद्य निरीक्षक और डेयरी फेडरेशन परीक्षा समेत अन्य सरकारी विभागों में भर्तियों में अनियमितताएं पाई गई थीं।

### अन्य भर्ती परीक्षाओं पर भी उठे सवाल

फर्जीवाड़ा उजागर होने के बाद प्रदेश में होने वाली अन्य भर्ती परीक्षाओं की निष्पक्षता पर संदेह हो रहा है। कर्मचारी चयन मंडल द्वारा आयोजित की गई इन परीक्षाओं में धोखाधड़ी सामने आने के बाद अब सवाल उठ रहा है कि क्या अन्य भर्ती परीक्षाओं में आधार डिटेल्स के जरिए फर्जीवाड़ा किया गया होगा।

### 8 जिलों में मिली गड़बड़ी, 24 गिरफ्तार

पुलिस आरक्षक भर्ती 2023 में 7411 पदों के लिए कर्मचारी चयन मंडल ने विज्ञापन जारी किया था, जिसका अंतिम परीक्षा परिणाम क 12 मार्च को वेबसाइट पर जारी किया गया. इसमें 6446 अभ्यर्थियों को अंतिम रूप से चयनित किया गया था। दूसरे राउंड के शारीरिक दक्षता परीक्षण के दौरान नवंबर 2024 में मुरैना में 5 अभ्यर्थियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज हुआ था। इसके बाद पुलिस मुख्यालय भोपाल ने अंतिम परिणाम जारी होने के बाद सभी सफल अभ्यर्थियों का चरित्र सत्यापन एवं नियुक्ति प्रक्रिया के दौरान उनकी आवंटित इकाइयों से बायोमेट्रिक एवं आधार हिस्ट्री की जांच फिर से कराने के निर्देश दिए थे। इसमें 8 जिलों में उम्मीदवारों द्वारा आधार कार्ड में परीक्षा के पूर्व एवं परीक्षा के बाद बायामैट्रिक अपडेट (फोटो, फिंगर) कराकर स्थान पर सॉल्वर को परीक्षा में बैठाए जाने की जानकारी आई है। इसके बाद शिवपुरी, श्योपुर, इंदौर, ग्वालियर, अलीराजपुर, राजगढ़, मुरैना, शहडोल में 17 अब्यर्थियों के खिलाफ कुल 16 एफआईआर दर्ज कर 24 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

**तैयारी** | ईएनसी राणा ने जारी किए बरसात के पहले पुल, भवन और सड़कों को दुरुस्त करने के आदेश

# सात दिन में लोकपथ ऐप से भरे जाएंगे गड्ढ़े, होगी सड़कों की मरम्मत

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** पीडब्ल्यूडी की सड़कों का जाल समूचे प्रदेश में फैला हुआ है। बरसात से निपटने के लिए पीडब्ल्यूडी एक्टिव मोड पर कार्य करने में जुट गया है। सड़कों पर बड़े-बड़े गड्ढ़े हो गए हैं। सड़कें टूट गई हैं। उन्हें सात दिन के अंदर ठीक कर दिया जाएगा। इसके लिए आमजन को सड़कों पर मौजूद गड्ढ़े और टूटी सड़क की फोटो लोकपथ एप पर अपलोड करनी होगी। उन्हें सात दिन में मरम्मत कर ठीक किया जाएगा। इससे लोगों को बरसात में कोई परेशानी नहीं आएगी। बरसात के पहले सड़कों को दुरुस्त करने के लिए सरकारी भवन और पुलों की मरम्मत करने के आदेश ईएनसी कृष्णपाल सिंह राणा ने जारी कर दिए हैं। हर जिले में पीडब्ल्यूडी के जलमग्नीय पुल और रपटों को चिन्हित कर उनकी सूची कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक को दी जाएगी। बाढ़ से निपटने पीडब्ल्यूडी अमला एक्शन मोड में कार्य करेगा। मुख्य इंजीनियर सभी कार्यों की साप्ताहिक समीक्षा करेंगे। बाढ़ के समय पुल-पुलियों या मार्ग क्षतिग्रस्त होने और सड़क बंद की जानकारी पुलिस अधीक्षक एवं जिला कलेक्टर को नियमित रूप से दी जाएगी। यहां तक स्थानीय बस स्टैंड पर भी यह जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। ऐसे सभी ब्रिज जिनके अपस्ट्रीम में डैम बने और बरसात में एक साथ बांध के गेट खुलने के कारण पुल क्षतिग्रस्त होने की संभावना हो, ऐसे पुलों की जानकारी जिला कलेक्टर एवं कार्यपालन यंत्री जल संसाधन विभाग को तत्काल दी जाए।

### मरम्मत के बाद फोटो की जाएगी अपलोड

पीडब्ल्यूडी आम लोगों द्वारा सड़कों पर गड्ढ़ों एवं टूटी सड़कों की रिपोर्टिंग लोकपथ मोबाईल एप पर कराएगा। इनकी मरम्मत के लिए संबंधित अधिकारी द्वारा मरम्मत कार्य के बाद फोटो अपलोड किये जाएंगे। मोबाइल एप के माध्यम से प्राप्त होने वाली गड्ढों और क्षतिग्रस्त सड़कों की सूचना पर तत्काल कार्यवाही कर जिम्मेदारी संबंधित कार्यपालन यंत्री और सड़क विकास निगम के संभागीय प्रबंधक को दी जाएगी।

### ठेकेदार से अनुबंध अनुसार कराएंगे कार्य

परफारमेंस गारंटी के तहत आने वाली सभी सड़कों का निरीक्षण किया जाएगा। इसी रिपोर्टर तैयार पीडब्ल्यूडी कार्यालय को भेजी जाएगी। परफारमेंस गारंटी के तहत आने वाले कार्यों की समस्त मरम्मत संबंधित ठेकेदार से अनुबंधानुसार करवा ली जाएगी। ठेकेदार बरसात के पहले सड़क की मरम्मत के संसाधन जुटाएंगे, ताकि बरसात में भी सड़क बेहतर सर्विस दे सके। ठेकेदार द्वारा परफारमेंस गारंटी के तहत सुधार व मरम्मत कार्य नहीं कराया जाता है, तो उसके विरुद्ध कार्रवाई करते हुये सड़क में आवश्यक सुधार कार्य कराए जाएंगे। परफॉरमेंस गारंटी के दौरान सड़क संधारण लापरवाही बरतने वाले ठेकेदारों के विरुद्ध पंजीयन नियमों के तहत भी कार्रवाई की जाये।

### निकलेगी पांच साल पहले लगी कोलेप्सबल रेलिंग

बारिश के दौरान जलमग्न होने वाले पुलों पर लगाई गई कोलेप्सबल रेलिंग को बरसात के आने से पहले हटाकर सुरक्षित स्थान पर रखा जाएगा, ताकि बाढ़ की स्थिति में रेलिंग और पुल को क्षति नहीं पहुंचे। बरसात समाप्त होने के बाद कोलेप्सबल रेलिंग को पुनः लगा दिया जाएगा। वर्ष 2019-20 की वर्षा के दौरान एक जलमग्न हुए पुल की कोलेप्सबल रेलिंग को निकालने के स्थान पर वेल्ड कर दिया गया था, जिसके कारण बाढ़ के दौरान रेलिग में झाड़ी, पेड, पौधे के फंसने से अतिरिक्त वाटर करंट निर्मित हुआ और पुल क्षतिग्रस्त हो गया था। पुल-पुलियाओं के अबटमेंट, रेलिंग, कर्व पेड़ और झाड़ियां उग गई हैं। उन्हें कटवा जाएगा। समस्त पुलियों एवं रपटों का सूक्ष्म निरीक्षण कर उनमें पानी के भराव की स्थिति नहीं बनने दी जाएगी। सड़क के दोनों ओर नालियों की सफाई अच्छी तरह से की जाएगी। विशेष रूप से घाट पोर्शन एवं शहरी क्षेत्रों में साईड ड्रेन्स की सफाई अच्छी तरह से करा ली जाये।

### मवेशियों के सींग एवं पैरों के खुरों पर रिफलेक्टिव टेप

विभागीय सड़कों पर ऐसे स्थानों को चिन्हित कर आवश्यक सुधार कार्य किया जाएंगे। जहां बरसात के समय दुर्घटना होने की संभावना है। साथ ही सड़कों के ऐसे स्थान भी चिन्हित कर लिये जाये जहां पर मवेशी बैठते हैं। उक्त क्षेत्रों में मवेशियों के सींग एवं पैरो के खुरों पर रिफलेक्टिव टेप स्थानीय निकायों को दिए जाएंगे।

### स्कूल और अस्पतालों को मिलेगी प्राथमिकता

भवनों की छतों एवं छज्जो की सफाई की जाएगी। पानी के निकासी के पाईप साफ किए जाएंगे। भवनों की छतों में मरम्मत की जाएगी। स्कूल भवनों एवं अस्पताल भवनों के कार्यों को प्राथामिकता प्रदान की जाये। कवेलू वाले मकान, रेस्ट हाऊस और सर्किट हाउस में मेंटेनंस का कार्य जल्द ही पूर्ण किए जाएंगे। लकडी के ट्रसेस राफ्टर्स का सूक्ष्म निरीक्षण कर क्षतिग्रस्त राफ्टर्स को सुधारने एंटी टरमाईट ट्रीटमेंट करवा जाएगा। यहां तक वहां वृक्षारोपण भी किया जाएगा। ईएनसी राणा ने आदेश दिए हैं कि बरसात में बाढ़ और तेज बारिश से होने वाली क्षति, जलमग्नीय पुलो पर यातायात रुकने पर सूचना एवं यातायात पुनः बहाल करने कार्यालय में कंट्रोल रूम स्थापित किया जाएगा। इसमें ईई अविनाश शिवरिया नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं, जिनका (मोबाइल नं. 94240-73450) है।

# जिले में अवैध रेत उत्खनन पर ताबड़तोड़ कार्यवाही



जागरण कार्यवाही

### कलेक्टर के निर्देश पर खनिज विभाग ने जब्त की जेसीबी मशीन

### सहकार ग्लोबल अवैध तरीके से जिले में कर रहा था नदी से रेत उत्खनन



जागरण, सीधी

कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी के निर्देश पर रेत के अवैध उत्खनन पर जिले में ताबड़तोड़ कार्यवाही का सिलसिला शुरू है। इसी तारतम्य में सहकार ग्लोबल कंपनी की अवैध रेत के अवैध उत्खनन पर फिर मामला दर्ज हुआ है। साथ ही संयुक्त टीम द्वारा मौके से सहकार ग्लोबल कंपनी की अवैध रेत उत्खनन में लगी मशीन को भी जप्त किया गया है। अवैध उत्खनन को लेकर एक्शन में आये कलेक्टर सीधी स्वरोचिष सोमवंशी के निर्देश पर खनिज एवं राजस्व विभाग द्वारा सतत् की जा रही कार्यवाही के तहत आज फिर रेत संविदाकार सहकार ग्लोबल कंपनी के खिलाफ अवैध उत्खनन प्रकरण दर्ज कर रेत का अवैध उत्खनन करते पाए जाने पर एक हाइड्रोलिक एक्सकैवेटर जब्त किया गया। प्रभारी खनिज अधिकारी सीधी शिशिर यादव ने जानकारी देकर बताया कि कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी के निर्देशानुसार 4 जून को ग्राम-डोल, तहसील-बहरी, जिला-सीधी में खनिज एवं राजस्व के संयुक्त दल द्वारा अवैध रेत उत्खनन की जांच के दौरान गोपद नदी ग्राम-डोल, तहसील-बहरी, जिला सीधी के अखक्र. 249 में एक पोकलेन मशीन द्वारा रेत का अवैध उत्खनन करते पाया गया। मौके पर उपस्थित राजस्व दल द्वारा मौका पैमाईश पर ग्राम डोल, तहसील बहरी, जिला सीधी अंतर्गत लगभग 6400 घन मीटर खनिज रेत का उत्खनन किया जाना पाया गया। बिना अनुमति/वैध दस्तावेजों के खनिज रेत का उत्खनन करने पर मप्र खनिज अवैध खनन, परिवहन तथा भंडारण का निवारण नियम 2022 के तहत एक हाइड्रोलिक एक्सकैवेटर मॉडल टाटा हिताची मॉडल ईएक्स200सीएल सुपर+ मशीन सीरियल नंबर एसपी20-57760 को जब्त कर थाना बहरी परिसर में सुरक्षार्थ खड़ा कराया गया। मौके पर उपस्थित ग्रामीणों के कथनानुसार अनावेदक कंपनी मेसर्स सहकार ग्लोबल लिमिटेड मुंबई के विरुद्ध अवैध उत्खनन का प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है। उधर जानकारों का कहना है कि काफी समय से सहकार ग्लोबल कंपनी द्वारा बहरी थाना क्षेत्र की गोपद नदी के डोल में मशीन लगाकर रेत का बड़े पैमाने पर अवैध उत्खनन किया जा रहा है। इसकी शिकायतें लगातार हो रही थी। फिर भी इससे पूर्व जिम्मेदार अधिकारी सहकार ग्लोबल पर हांथ डालने का साहस नहीं जुटा पा रहे थे। कलेक्टर सीधी स्वरोचिष सोमवंशी को जब सहकार ग्लोबल के रेत के अवैध उत्खनन की जानकारी मिली तो उनके द्वारा संयुक्त टीम को कार्यवाही करने के लिए, निर्देशित किया। रेत के अवैध कारोबार को लेकर सीधी जिले में इससे पूर्व सबकुछ अच्छा दिखाने का प्रयास जिम्मेदार विभागों के अधिकारियों द्वारा किया जा रहा था। संयुक्त टीम जब कार्यवाही करने के लिए उतरी तो रेत के अवैध उत्खनन के बड़े मामले सामने आ रहे हैं। सहकार ग्लोबल कंपनी द्वारा रेत के अवैध उत्खनन से करोड़ों का मुनाफा कमाने की पूरी कार्ययोजना पूर्व से ही तय कर ली गई थी। उसके इस अवैध कारोबार में खंड स्तरीय प्रशासनिक अमला पूरी तरह से संरक्षण प्रदान कर रहा था। इसी वजह से रेत के अवैध उत्खनन एवं परिवहन को लेकर मीडिया में लगातार खबरों का प्रकाशन होने के बाद भी जिम्मेदार अधिकारी एवं कर्मचारी उस पर पूरी तरह से पर्दा डालने में लगे हुए थे। खनिज विभाग का अमला इसमें पूरी तरह से सहभागी बना रहा।

### चार गुना महंगे दामों में बिक रही रेत

सीधी जिले में रेत खदानों का ठेका ई-टेण्डरिंग के माध्यम से सहकार ग्लोबल कंपनी को मिला। सहकार ग्लोबल कंपनी की मंशा सीधी जिले की रेत खदानों के संचालन करने की आरंभ से नहीं थी। इसी वजह से उसके द्वारा सर्वाधिक बोली करीब 83 करोड़ रुपए लगाने के पश्चात खनिज विभाग के साथ रेत खदानों के संचालन के लिए अनुबंध नहीं किया गया। जानकारों का कहना है कि सहकार ग्लोबल कंपनी की रेत खदानें सीधी जिले की समीपी सीमावर्ती शहडोल एवं सिंगरौली जिले में पूर्व से संचालित हैं। इसी वजह से उसकी कार्ययोजना थी कि सीधी जिले में किसी अन्य को यहां की रेत खदान का ठेका न मिले और वह आगे मामले को हाईकोर्ट में ले जाकर कानूनी दांव-पेंच में फंसाकर समीपी जिलों की टीपी पर सीधी जिले की रेत खदानों से अवैध उत्खनन कर करोड़ों का मुनाफा कमाया जाएगा। सहकार ग्लोबल कंपनी द्वारा यही किया गया और सीधी जिले में रेत खदानों का संचालन करने की बजाय हाईकोर्ट में याचिका दायर कर यह कहा गया कि टेंडर के समय खदानों में रेत की जो मात्रा वर्णित थी वह मौके पर नहीं है। जबकि टेंडर कार्यवाही के दौरान खनिज विभाग द्वारा स्पष्ट निर्देश दिए गए थे कि रेत खदानों का निरीक्षण करने एवं संतुष्ट होने के बाद ही संविदाकार टेंडर कार्यवाही में भाग लें। सहकार ग्लोबल द्वारा उस दौरान टेंडर डाल दिया गया और बाद में खदानों में रेत की कम मात्रा होने की दलीलें देकर खदानों का संचालन करने से इंकार कर दिया गया। सहकार ग्लोबल की इसी मनमानी से सीधी जिलेवासियों को निर्धारित से चार गुना महंगे दामों में रेत की खरीदी करने की मजबूरी बनी हुई है।

## मझौली ब्लॉक में पौधरोपण अभियान की हुई शुरुआत



**जागरण, मझौली।** विश्व पर्यावरण दिवस पर हरित भारत परियोजना अंतर्गत इंस्टीट्यूट फॉर लिवलीहुड रिसर्च एंड ट्रेनिंग द्वारा आज प्रज्ञा भवन जनपद पंचायत मझौली में एक सप्ताह तक चलने वाले वृक्षारोपण अभियान की औपचारिक शुरुआत की गई। कार्यक्रम का आयोजन विश्व पर्यावरण दिवस 2025 की थीम इंडिंग प्लास्टिक पोल्यूशन ग्लोबली के संदेश को लेकर किया गया। कार्यक्रम की संचालन आईएलआरटी से संजय शर्मा द्वारा स्वागत वक्तव्य से हुई, जिसमें उन्होंने वृक्षारोपण अभियान के उद्देश्यों और पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तहसीलदार दशरथ सिंह ने अपना वक्तव्य दिया। इस दौरान नायब तहसीलदार आशिष मिश्रा, एपीओ अरविंद तिवारी, ब्लॉक प्रबंधक आजीविका मिशन ग्रामीण से चंद्रकांत सिंह, कुमार सिंह नोडल आजीविका मिशन ग्रामीण, रेंज अधिकारी जीवन सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता ताला से आकाश सिंह चंदेल सहित सभी अधिकारियों ने विश्व पर्यावरण दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए जागरूक किया। कृषि विभाग के प्रतिनिधियों सहित 10 ग्राम पंचायत के पंच सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक और उत्पादक समूह की महिलाएं ने कार्यक्रम में भाग लेते हुए वृक्षारोपण के महत्व तथा सिंगल यूज प्लास्टिक पर रोकथाम की दिशा में सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर अपने विचार रखे। वृक्षारोपण अभियान मझौली से आरंभ होकर आगामी एक सप्ताह तक प्रतिदिन एक-एक पंचायत में आयोजित किया जाएगा। इस अभियान के तहत बांस, महुआ और कटहल के पौधों का रोपण किया जा रहा है, जो न केवल पर्यावरण के अनुकूल हैं बल्कि ग्रामीण आजीविका को भी सशक्त बनाने में सहायक सिद्ध होंगे।

## सिविल न्यायालय मझौली में हुआ पौधरोपण



**जागरण, मझौली।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आज विधिक सेवा प्राधिकरण जिला सीधी के आदेश अनुसार सिविल न्यायालय मझौली में वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी मझौली सुश्री शिवांगी सिंह परिहार एवं अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष सुधींद्र शुक्ला एवं साथी अधिवक्ता गण एवं न्यायालय कर्मचारीगण की उपस्थिति में किया गया।

## थाना मझौली में शांति समिति की बैठक आयोजित



**जागरण, मझौली।** आने वाले आगामी त्यौहारों 7 जून को ईदुज्जुहा एवं 6 जुलाई को मोहर्रम को सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाए जाने व शांति सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक सीधी डॉ. रविंद्र वर्मा के मार्गदर्शन में नवागत थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर अंतर सिंह कुशवाह द्वारा थाना प्रांगण में एसडीएम, तहसीलदार, मझौली, एसडीओपी कुसमी-मझौली की विशेष उपस्थिति में शांत समिति की बैठक आयोजित कर शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करने तथा शांति व सोहार्दपूर्ण वातावरण में त्यौहार मनाने लोगों से अपील की गई। थाना प्रभारी द्वारा क्षेत्र में मनाए जाने वाले त्यौहारों के गांव, कस्बे तथा स्थिति की जानकारी ली गई। साथ ही स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था के बनाए रखने के बारे में लोगों से राय मसीवरा किया गया। एसडीएम मझौली द्वारा उपस्थित लोगों को समझाइस देते हुए कहा गया कि शासन के निर्देशानुसार गाइडलाइन का पालन करते हुए शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्यौहारों को मनाए, साथ ही सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें। तहसीलदार द्वारा मनाए जाने वाले त्यौहारों में शासन के गाइड लाइन की विस्तार से जानकारी दी गई तथा त्यौहारों को शांतिपूर्ण ढंग से भाईचारे के रूप में मनाए जाने की अपील की गई। वहीं एसडीओपी कुसमी मझौली द्वारा लोगों से शांति व भाईचारे के रूप में हंसी खुशी त्यौहार मनाते हुए पुलिस प्रशासन को शांति व सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने की लोगों से अपील की गई। बैठक में एसडीम मझौली आरपी त्रिपाठी, एसडीओपी सुश्री रोशनी सिंह ठाकुर, तहसीलदार दशरथ सिंह, नायब तहसीलदार श्री द्विवेदी, प्रभारी सीएमओ अमित सिंह, नगर अध्यक्ष शंकर लाल गुप्ता, मदन मोहन तिवारी, यमुना प्रसाद वर्मा, डांगा सरपंच एड. अखिलेश जायसवाल, एंड. राजेश द्विवेदी, राजेश सिंह राज्जे, रजनीश गुप्ता, अतुल सिंह, हेमराज लोनी, विपिन सिंह. मो. मजीद खान छवारी, सरोज साहू के साथ क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि, पत्रकार तथा क्षेत्रीय जन सैकड़ो की संख्या मे शामिल रहे।

## ताला में श्रीदुर्गा चालीसा का हुआ पाठ

**जागरण, मझौली।** भगवती मानव कल्याण संगठन जिला सीधी के जिला प्रचार मंत्री रोहित कुमार गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि धर्म सम्राट युग चेतना पुरूष सद्गुरूदेव परमहंस योगीराज श्री शक्तिपुत्र महाराज के द्वारा विश्वशांति, जनकल्याण सामाजिक सद्भावना एवं धर्मरक्षार्थ, आत्मोत्थान हेतु दिनांक 15 मार्च 1995 को भगवती मानव कल्याण संगठन का गठन किया गया है, जिसका केन्द्रीय कार्यालय परम् पूज्य सद्गुरूदेव जी के द्वारा स्थापित पंचज्योति शक्तितीर्थ सिद्धाश्रम में स्थित है। इस पावन पवित्र आश्रमस्थल में श्री द्य दुर्गा चालीस अखण्ड पाठ परम पूज्य सद्गुरूदेव जी महाराज के संरक्षण एवं निर्देशन व आशीर्वाद से दिनांक 15 अप्रैल 1997 से अनवरत अनन्तकाल के लिए सतत् चल रहा है। इसी कड़ी में जन-जन के कल्याण हेतु भारतवर्ष के प्रत्येक प्रान्तों के जिलों, तहसीलों व मां भक्तों के घरों पर 24 घण्टे के श्री दुर्गा चालीसा के अखण्ड पाठ गुरूवर श्री के आशीर्वाद व निर्देशन में भगवती मानव कल्याण संगठन को सदस्यों के द्वारा सतत् कराए जा रहे हैं। उसी कड़ी में सीधी जिले के श्याम मैरिज हॉल मेन रोड ताला मझौली के उद्घाटन समारोह के उपलक्ष्य में श्री दुर्गा चालीसा अखण्ड पाठ का जिलास्तरीय आयोजन किया गया है। जो 9 जून सोमवार समय सुबह 10 बजे से प्रारंभ होकर अगले 24 घंटे तक लगातार संगीतमय तरीकें से चलते हुए 10 जून दिन मंगलवार को समय सुबह 10 बजे समापन होगा। इस कार्यक्रम में सभी जाति, धर्मए समप्रदायों की धर्मप्रेमी जनता को शामिल होने की अपील की गई है।

# पर्यावरण दिवस पर पुलिस अधीक्षक ने किया वृक्षारोपण



**जागरण, सीधी।** विश्व पर्यावरण दिवस के पावन अवसर पर पुलिस अधीक्षक सीधी डॉ. रविंद्र वर्मा के नेतृत्व में एक भव्य वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना एवं प्राकृतिक संतुलन की दिशा में सक्रिय योगदान देना रहा। कार्यक्रम में पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारीगण सहित विभिन्न थाना प्रभारियों, पुलिस स्टाफ तथा दिशा लर्निंग सेंटर के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर पुलिस परेड ग्राउंड में आम, अमरूद, जामुन, कटहल, बेल, आंवला, नींबू एवं सीताफल जैसे फलदार एवं छायादार पौधों का सामूहिक रोपण किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक डॉ. रविंद्र वर्मा ने पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए कहा वृक्ष हमारे जीवन की मूलभूत आवश्यकता हैं। वे न केवल वायुमंडल को शुद्ध करते हैं, बल्कि जैव विविधता को भी संरक्षित रखते हैं। प्रत्येक व्यक्ति को कम-से-कम एक वृक्ष अवश्य लगाना चाहिए और उसकी देखभाल करनी चाहिए। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव, उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय श्रीमती गायत्री तिवारी, थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक कन्हैया सिंह बघेल, थाना प्रभारी यातायात निरीक्षक अभिषेक उपाध्याय, महिला थाना प्रभारी निरीक्षक रीता त्रिपाठी, थाना प्रभारी जमोड़ी उप निरीक्षक दिव्य प्रकाश त्रिपाठी, पुलिस लाइन से उप निरीक्षक तरुण बेड़िया, पुलिस अधीक्षक कार्यालय एवं पुलिस लाइन के अधिकारी-कर्मचारी तथा दिशा लर्निंग सेंटर के विद्यार्थी सक्रिय रूप से शामिल हुए।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर नपा में हुआ पौधरोपण

शासन के निर्देशानुसार एवं मुख्य नगर पालिका सीधी के मार्गदर्शन में अमृत 2.0 एवं एनयूएलएम कन्वर्जेंस के तहत एक पेड़ मां के नाम वूमेन फॉर ट्री अभियान अंतर्गत दिनांक 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर स्थानीय मेघदूत पार्क में वृहद पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अभियान के तहत 5 जून 2025 से 31 अगस्त 2025 तक पौधरोपण का कार्य किया जाना है। जिसके तहत नगर पालिका परिषद सीधी द्वारा आम, जामुन, मुनगा, आंवला, नीम, हरसिंगार, अमरूद, कचनार, पुत्रजीवा, इत्यादि फलदार एवं छायादार पौधों को रोपित किया गया। अभियान के तहत आगामी 1 वर्ष तक संबंधित पौधों की देखरेख स्व सहायता समूहों के सदस्यों के द्वारा किया जाएगा। आयोजित कार्यक्रम में कार्यक्रम में प्रभारी सीएमओ सीधी/अमृत नोडल नगर पालिका सीधी बीके तिवारी, गैर सरकारी संगठन चंद्रलोक जनजागरण समिति चितरंगी, हार्टिकल्चर विशेषज्ञ सीधी प्रकाशचंद्र शुक्ला, स्वच्छता अधिकारी गौरव सिंह, सीएमएम संदीप मिश्रा, मनोज चौबे आदि उपस्थित रहे।

## मानवाधिकार जनसेवा एसोसियेशन जिलाध्यक्ष बने सचिन



**जागरण, सीधी।** मानवाधिकार जनसेवा एसोसिएशन सीधी का जिलाध्यक्ष सचिन मिश्रा निवासी ग्राम पहाड़ी कोतरा, ब्लाक सिहावल, जिला सीधी को नियुक्त किया गया है। यह एक आईएसओ प्रमाणित संस्था है जो मानवाधिकारों की रक्षा, सामाजिक सेवा और न्याय दिलाने के लिए पूरे भारत में सक्रिय रूप से कार्यरत है। यह संस्था केंद्र सरकार के कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय के अंतर्गत कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 8 के तहत पंजीकृत है, जो इसे एक गैर-लाभकारी संस्था के रूप में मान्यता प्रदान करती है। मानवाधिकार जनसेवा एसोसियेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रिंस कुमार तिवारी ने सचिन मिश्रा को सीधी जिलाध्यक्ष नियुक्ति के साथ मानवाधिकार के कार्यों को निष्ठा के साथ करने की अपेक्षा की है।

## प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में मना पर्यावरण दिवस



**जागरण, सीधी।** स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना उच्च शिक्षा मध्य प्रदेश भोपाल के वार्षिक कैलेंडर अनुसार दिनांक 5 जून 2025 को महाविद्यालय में विश्व पर्यावरण दिवसष्का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पीके सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि पर्यावरण में नकारात्मक एवं सकारात्मक प्रभाव स्थानीय तथा वैश्विक स्तर पर होते हैं स वैश्विक स्तर पर होने वाले प्रभावों में से समुद्री प्रदूषण, ग्लोबल वार्मिंग, कार्बन उत्सर्जन, परमाणु विस्फोट आदि पर नियंत्रण रखने हेतु संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन विश्व पर्यावरण पर आधारित होता है। वैश्विक स्तर के इस आयोजन से स्थानीय स्तर के पर्यावरणीय दुष्प्रभाओं के समाधान भी निकाले जाते हैं स अर्थशास्त्र के विभागाध्यक्ष डॉ. आरबीएस चौहान ने अपने वक्तव्य में छात्र-छात्राओं को बताया कि वैश्विक स्तर की समस्याओं का समाधान हमारे स्तर का भले ना हो लेकिन पर्यावरण के स्थानीय स्तर के नकारात्मक प्रभावों को दूर करने का प्रयास हमारी जिम्मेदारी है। समाजशास्त्र के विभागाध्यक्ष डॉ. दिलीप सोनी ने अपने उद्बोधन में बताया कि हमारी जो सनातन संस्कृति है वह पर्यावरण के अनुरूप है और इस विषय पर मेरा शोध कार्य भी चल रहा है। पीपल तथा बरगद के पेड़ को जल देना इनका संरक्षण करना,सूरज को जल चढ़ाना आदि सब पर्यावरण आधारित कार्य हैं। हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष विनोद कुमार साकेत ने बताया कि पर्यावरण और जीव विशेषकर मानव का अंतर्संबंध अनंततम है।

# पांच लाख से ज्यादा वन भूमियों में रोपित होंगे पौधे

### बरसात के दिनों में पौधरोपण की वृहद तैयारी

### वन भूमियों में पौधे रोपित करने खोदे जा रहे गड्ढे

जागरण, सीधी



वन मंडल सीधी बरसात के दिनों में सीधी जिले में 5 लाख से ज्यादा पौधों का रोपण कराने की तैयारी की जा रही है। विभाग द्वारा वन भूमियों में गड्ढों की खुदाई कराई जा रही है। जिससे तेज बारिश का दौर शुरू होते ही पौधरोपण का काम शुरू करा दिया जाए। सीधी जिले के सभी वन क्षेत्रों में बरसात के दिनों में वृहद पौधरोपण कराया जाएगा। इसी वजह से विभागीय अमला इन दिनों पौधरोपण की तैयारी में पूरी तरह से जुटा हुआ है। वन मंडल की नर्सरी में पर्याप्त संख्या में विभिन्न प्रजातियों के पौधों की उपलब्धता सुनिश्चित कर दी गई है। जिससे तेज बारिश शुरू होने पर सभी वन परिक्षेत्राधिकारी कार्यालयों के माध्यम से वृहद पौधरोपण का काम शुरू करा दिया जाए। वन मंडल द्वारा मुख्य रूप से बांस, सागौन, आंवला, हर्रा, बहेरा, करंजी, सीशम, सरई शामिल हैं। चर्चा के दौरान विभागीय अमले का कहना था कि वन मंडल द्वारा हर वर्ष बरसात के दिनों में वृहद पौधरोपण का काम कराया जाता है। जिससे जंगलों एवं आसपास की खाली वन भूमि को हरा-भरा बनाया जा सके। वन मंडल सीधी जल्द ही पौधरोपण शुरू करेगा।

### पौधरोपण के पश्चात सुरक्षा की रहेगी व्यवस्था

वन मंडल सीधी द्वारा वन भूमियों में पौधरोपण की जहां वृहद तैयारियां की जा रही हैं वहीं पौधरोपण के पश्चात रोपित किए जाने वाले पौधों की सुरक्षा को लेकर भी आवश्यक इंतजाम किए जाएंगे। वन मंडल के कर्मचारियों का कहना था कि रोपित किए गए पौधे नष्ट न हों इसको लेकर विशेष इंतजाम किए जाते हैं। बरसात के दिनों में रोपित किए जाने वाले पौधे आसानी के साथ लग जाते हैं। कई बार देख-रेख के अभाव में रोपित किए गए काफी पौधे विभिन्न कारणों से नष्ट भी हो जाते हैं। ऐसे में विभागीय अमले का यह प्रयास रहेगा कि रोपित किए जाने वाले अधिकांश पौधे सुरक्षित रहें और आगे चलकर यह वृक्षों का आकार ले सकें। जंगलों के हरा-भरा रहने से पर्यावरण भी सुरक्षित रहता है। यही संदेश हमेंशा विभाग लोगों तक पहुंचाता है।

**न्यायालय-परमानंद सनोडिया व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड रामपुर नैकिन, जिला सीधी म0प्र0**

// नोटिस //

उत्तराधिकार प्र.क. 01/2025
प्रोसेस नं0 310/2025
दिनांक 15/5/2025

पप्पू साकेत पिता सरिमन साकेत उम्र-38 वर्ष निवासी वार्ड कमांक 04 लालनटोला नगर परिषद रामपुर नैकिन थाना व तहसील रामपुर नैकिन जिला सीधी म0प्र0

----------**आवेदक**

**बनाम**

01. वितरक इण्डेन गैस ग्रामीण वितरक रामपुर नैकिन जिला सीधी म0प्र0
02. हर आम एवं खास

----------**अनावेदकगण**

इस न्यायालय में लंबित उत्तराधिकार प्रकरण कमांक 01/2025 पप्पू साकेत **विरूद्ध इण्डेन गैस ग्रामीण वितरक वगैरह** में उत्तराधिकार अंतर्गत धारा 372 उत्तराधिकार अधिनियम 1925 **प्र0क0 01/2025** में अनावेदक क्रमांक 02-**हर आम खास** को सूचित किया जाता है कि वह स्वयं या किसी अधिवक्ता के माध्यम से **दिनांक 17/06/2025 को 11:00 बजे दिन** इस न्यायालय में उपस्थित रहे एवं अपना जवाब पेश करे। **अगर उक्त दिनांक को न्यायालय मे उपस्थित न होने पर आपके विरूद्ध प्रकरण मे एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगीं।**

**जारी दिनांक 15/5/2025**

**(परमानंद सनोडिया)**
व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठखण्ड
रामपुर नैकिन जिला सीधी म0प्र0


**RUKMINI RISING STAR HIGH SCHOOL SIDHI**

**Admission open** for session 2025-26 NUR. TO 10TH

| Sr. | Subject | No of vacancy |
|---|---|---|
| 1. | Math | 01 |
| 2. | Social science | 01 |
| 3. | English | 01 |
| 4. | Computer | 01 |
| 5. | Sanskrit | 01 |

**Address:- Infront of Ramagovind palace Collage Stadium Road North Karaundiya sidhi**

Mob. No.- 7024967935, 6264798158, 7898612068


**कार्यालय सम्पदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल संभाग सिंगरौली (म.प्र.)**

**हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी पचखोरा बैढ़न जिला सिंगरौली मध्य प्रदेश 486886**

E-Mail ID-eednhbsgl@mp.gov.in

**विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि गायत्री कॉलोनी सीधी में स्थित ईडब्लयूएस भवन क्रमांक 20 हितग्राही श्री विश्वनाथ गुप्ता पिता स्व. श्री वैजनाथ प्रसाद गुप्ता निवासी ग्राम पुराना हनुमान मंदिर कोटहा पोस्ट सीधी तह. गोपद बनास जिला सीधी (म.प्र.) के नाम मण्डल द्वारा आवंटित किया गया था। आवन्टी द्वारा उक्त भवन के विरुद्ध सम्पूर्ण राशि मण्डल के खाता से जमा कर विक्रय विलेख निष्पादित कराने के उपरांत, उक्त भवन को श्रीमती पूजा विश्वकर्मा पति श्री शिव कुमार शर्मा पता ग्राम कोतर कला वार्ड नं. 05 पोस्ट सीधी तह. गोपद बनास जिला सीधी (म.प्र.) के नाम विक्रय विलेख निष्पादित कराया गया है। श्रीमती पुजा विश्वकर्मा द्वारा उक्त ईडब्ल्यूएस भवन क्रमांक 20 को अपने नाम नामांतरण कराने हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः विज्ञप्ति प्रकाशित लिथि से 21 दिवस के अन्दर किसी व्यक्ति, वारिस अथवा किसी वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो ठोस आधार के साथ निर्धारित समयावधि में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय को सूचित करे। अन्यथा समयावधि समाप्त हो जाने के उपरांत उक्त ईडब्ल्यूएस भवन क्रमांक 20 नामांतरण आवेदिका श्रीमती पूजा विश्वकर्मा के नाम कर दिया जावेगा। इसके पश्चात कोई भी दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं होगा।

**सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधो. विकास मण्डल**
**संभाग सिंगरौली म.प्र.**


**RAISBEAN CITY HIGH SCHOOL PADRA**

Medium:- Hindi/English

TEACHERS REQUIRED



| Sr. | Subject | Qualification | vacant seat |
|---|---|---|---|
| 1. | Mathematics | M.Sc., B.Ed. | 2 POST |
| 2. | English | M.A., B.Ed. | 2 POST |
| 3. | Social science | M.A., B.Ed. | 1 POST |
| 4. | Science | M.Sc., B.Ed. | 2 POST |
| 5. | Physical Education | BPED with sound English | 1 POST |
| 6. | Music and Dance teacher | ___ | 1 POST |
| 7. | Computer Teacher | CPCT & PGDCA | 1 POST |

Walk in interview - 15/06/2025, Time 11am to 1 pm

Add- Nh. 39 Rewa Singrauli By Pass Road padra Sidhi (M.P.)
E-mail:- rchspadra@gmail.com
Contact No.:- 9752847634, 6267295254, 6261514926

ADMISSION OPEN 2025-26

Our Special Features
* Trained and Qualified staff.
* Big play Ground.
* Computer Lab.
* Music art and yoga, Dance Class
* Big Library.
* Full Emphasis on Spoken Class
* Teaching through digital smart board Audio vedio and play way method of teaching.
* Well Maintained and safe Transport Facility.

Fully secured and CCTV Sureillance campus





# प्रकृति का मत करो शोषण इससे होता हमारा पोषण: बहन जी

## जीवन में होगी खुशहाली प्रकृति की करो रखवाली सात्विक जीवन शैली अपनायें छोटी-छोटी बातों का परिवर्तन करें : डीएफओ पन्ना

**पन्ना।** विश्व पर्यावरण दिवस पर ब्रह्माकुमारी विद्यालय में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बहन जी ने पर्यावरण दिवस का महत्व बताते हुए कहा कि हमारी जीवन शैली सदा ही पर्यावरण मित्र शैली रही जो कि पर्यावरण संरक्षण का कार्य स्वतः करती है, परंतु वर्तमान समय में हम प्रकृति से बहुत दूर चले गए हैं और प्रकृति तथा आध्यात्मिक का समन्वय भी बिगड़ गया है जिसके फल स्वरुप प्रकृति के पांच तत्वों का विध्वंसक रूप भी देखने को मिल रहा है प्रकृति यह संदेश दे रही है कि अब यह जागने का समय है प्रकृति के साथ संबंध जोड़कर उसे देव तुल्य मानने की परंपरा को आधुनिक युग में जीवित रखने की अति आवश्यकता है, आगे आपने कहा है कि हम सभी जानते हैं एक बाहर की प्रकृति और एक मनुष्य के अंदर की प्रकृति होती है हमेशा यह देखा गया कि मनुष्य की आंतरिक प्रकृति का प्रभाव बाहर की प्रकृति पर भी पड़ता है इसलिए आवश्यकता है कि हम आंतरिक प्रकृति को सही करे ताकि हम बाहर की प्रकृति को भी ठीक रख सके, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अनुपम शर्मा जी डीएफओ पन्ना अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हम अपने जीवन शैली में कुछ छोटे-छोटे परिवर्तन करके पर्यावरण को शुद्ध बना सकते हैं जैसे, मार्केट जाते समय कपड़े के बेग का उपयोग यदि



बहुत कम दूरी पर जाना है तो पैदल जाएं कचरे को यथा स्थान पर ही डालें, अंत मे सभी ने प्रकृति को शुद्ध सात्विक बनाने की प्रतिज्ञा की बहन जी ने सभी से अपील करते हुए कहा कि सिर्फ पेड़ लगाना ही नहीं है लेकिन पेड़ों की बच्चों की तरह संभाल भी करनी है, प्लास्टिक मुक्त जीवन शैली अपनाये, पानी बिजली बचाकर स्वच्छ भारत बनाएंगे भारतीय संस्कृति को बचाएंगे आदि अनेक प्रतिज्ञा की कार्यक्रम में श्रीमती निशा जैन एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे, कार्यक्रम के अंत में वृक्षारोपण किया गया।

### न्यायालय अपर आयुक्त, रीवा संभाग, रीवा (म0प्र0)

प्रकरण क्रमांक –0902 /अपील/2015–16
रीवा दिनांक 04.06.2025
नोटिस बनाम उत्तवादीगण

चिन्तामणि तिवारी तनय स्व. देवशरण तिवारी (मृतक) वारिसान – नीलेश कुमार तिवारी पिता स्व. चिन्तामणि तिवारी व अन्य निवासी ग्राम पो. लोही तहसील हुजूर जिला रीवा (म.प्र.)
अपीलार्थीगण ........

विरूद्ध

1. रामशरण तिवारी तनय स्व. विन्धेश्वरी प्रसाद तिवारी निवासी ग्राम खाम्हा तहसील हुजूर जिला रीवा म.प्र. 2. त्रिभुवन प्रसाद तिवारी तनय स्व. श्री ददोली प्रसाद तिवारी निवासी लोही तहसील हुजूर जिला रीवा म.प्र. 3. रामबहादुर तिवारी तनय स्व. ददोली प्रसाद तिवारी निवासी लोही तहसील हुजूर जिला रीवा म.प्र. 4. सुशील प्रसाद तिवारी तनय स्व. ददोली प्रसाद तिवारी निवासी लोही तहसील हुजूर जिला रीवा म.प्र. 5. द्वारिका प्रसाद तिवारी तनय स्व. ददोली प्रसाद तिवारी निवासी लोही तहसील हुजूर जिला रीवा म.प्र. 6. नरेश प्रसाद तिवारी तनय ददोली प्रसाद तिवारी निवासी लोही तहसील हुजूर जिला रीवा म.प्र. 7. रामकिशोर तिवारी तनय बद्री प्रसाद तिवारी निवासी लोही तहसील हुजूर जिला रीवा म.प्र. 8. लालमणि तिवारी तनय रामचन्द्र तिवारी निवासी लोही तहसील हुजूर जिला रीवा म.प्र. 9. प्रेमलाल तनय रामानुज तिवारी निवासी लोही तहसील हुजूर जिला रीवा म.प्र. 10. रामनरेश तिवारी तनय रामानुज तिवारी निवासी लोही तहसील हुजूर जिला रीवा म.प्र. 11. श्यामलाल तिवारी तनय रामानुज तिवारी निवासी लोही तहसील हुजूर जिला रीवा म.प्र. 12. अनन्तलाल तिवारी तनय स्व. रामानुज तिवारी निवासी लोही तहसील हुजूर जिला रीवा म.प्र. 13. श्रीमती रामकली पत्नी स्व. रामानुज तिवारी निवासी लोही तहसील हुजूर जिला रीवा म.प्र. 14. श्रीमती सुशीला देवी पत्नी स्व. विन्धेश्वरी प्रसाद तिवारी निवासी खाम्हा तहसील हुजूर जिला रीवा म.प्र.।
.........उत्तरवादीगण

जो कि उक्त विषय की अपील/निगरानी/अभ्यावेदन इस न्यायालय में दायर है जिसकी सुनवाई के लिये पेशी दिनांक 26.06.2025 नियत है, अस्तु निर्देशित किया जाता है कि उपरोक्त दिनांक को आप स्वयं या द्वारा अभिभाषक या किसी ऐसे व्यक्ति के द्वारा जो आपकी ओर से पैरवी के लिए विधानान्तर्गत प्राधिकृत हो ठीक साढ़े दस बजे प्रातः इस न्यायालय में उपस्थित हों अन्यथा विरूद्ध एकतरफा कार्यवाही कर आदेश पारित किए जावेंगें।

RN- 32273
(नीतू माथुर)
अपर आयुक्त
रीवा संभाग, रीवा

## महेंद्र सागर तालाब पर बनेगा फ्लावर फॉरेस्ट

**टीकमगढ़।** महेंद्र सागर तालाब के किनारे नगर पालिका द्वारा एक नया पार्क विकसित किया जा रहा है। तहसीलदार द्वारा तालाब की 8.5 एकड़ जमीन को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया था। इस खाली जमीन पर अब ग्रीन जोन और सिटी फॉरेस्ट का विकास किया जाएगा। नगर पालिका सीएमओ ओमपाल सिंह भदोरिया ने गुरुवार को अपनी टीम के साथ निर्माणाधीन पार्क का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि यह पार्क अमृत योजना के अंतर्गत विकसित किया जा रहा है। पार्क की सुंदरता बढ़ाने के लिए फ्लावर फॉरेस्ट की योजना बनाई गई है। इसमें विभिन्न प्रकार के रंग-बिरंगे फूलों के पौधे लगाए जाएंगे। इंजीनियर और ठेकेदारों की टीम के साथ फ्लावर फॉरेस्ट की विस्तृत योजना तैयार की गई है। मानसून की शुरुआत के साथ ही पौधारोपण का कार्य आरंभ किया जाएगा। इस कार्य में सरकारी कर्मचारियों के साथ-साथ जन सहयोग भी लिया जाएगा। 1 महीने पूर्व तहसीलदार अरविंद यादव ने मध्य प्रदेश हाई कोर्ट के निर्देश पर तालाब की जमीन से 25 लोगों का अवैध कब्जा हटाया था। कलेक्टर ने इस खाली कराई गई भूमि पर सिटी फॉरेस्ट विकसित करने के निर्देश दिए हैं।

### न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी अनुभाग हुजूर, जिला-रीवा (म.प्र.)

क्रमांक 138/ प्रवाचक/2025
रीवा, दिनांक–24/04/2025
**आम सूचना**

आवेदक राघवेन्द्र त्रिपाठी तनय स्व. सुशील त्रिपाठी निवासी एसएएफ चौक भैरव मार्ग शिशु शिक्षा आश्रम स्कूल के पीछे बिछिया रीवा द्वारा तहसीलदार तहसील हुजूर के राजस्व प्रकरण क्रमांक 0048/अ–70/2023–24 में पारित आदेश दिनांक 28.08.2023 के विरूद्ध अपील प्रस्तुत की गई है। जो राघवेन्द्र त्रिपाठी बनाम रोहिणी विश्वकर्मा मौजा चिरहुला से विचाराधीन है, जिसमें आगामी सुनवाई तिथि 11/06/2025 नियत है। अपीलार्थी के द्वारा निवेदन किया गया है कि, उत्तरवादी की तलबी स्थानीय समाचार पत्र में प्रकाशन कराया जाकर न्यायालय में उपस्थित कराई जावे। उत्तरवादीगण के उक्त दिनांक एवं समय में अनुपस्थित रहने पर उत्तरवादीगणों के विरूद्ध प्रकरण में एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

RN- 82618
अनुविभागीय अधिकारी
अनुभाग हुजूर,
जिला रीवा (म.प्र.)

### म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल रीवा (म.प्र.)

**भवन हस्तानान्तरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दीनदयालधाम कालोनी पड़रा रीवा में आवंटित एल.आई.जी. भवन क्र. 07 के मूल आवंटी श्री वेदप्रकाश मिश्रा पिता श्री ब्रम्हदेव मिश्रा, पता दीनदयालधाम कालोनी पड़रा रीवा जिला रीवा (म.प्र.) के द्वारा उक्त आवंटित एल.आई.जी. भवन क्र. 07 दीनदयालधाम कालोनी पड़रा रीवा का हस्तानान्तरण श्री मिस्टर गेनरी पिता श्री रविनाथ सिंह, निवासी– एल.आई.जी. भवन क्र. 08 दीनदयालधाम कालोनी पड़रा रीवा जिला रीवा (म.प्र.) के नाम करने हेतु इस कार्यालय में दिनांक 28.05.2025 को आवेदन पत्र संयुक्त शपथ पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर निवेदन किया गया हैं।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को आपत्ति हो अथवा उक्त भवन को मूल आवंटी द्वारा किसी व्यक्ति अथवा संस्था को रहन दान विक्रय आदि किया गया हो तो समाचार पत्र में विज्ञापन प्रकाशित दिनांक से 15 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष लिखित आपत्ति प्रमाण के साथ प्रस्तुत कर सकते हैं। अन्यथा निर्धारण तिथि व्यतीत हो जाने के बाद कोई आपत्ति अथवा दावा स्वीकार नहीं होगा एवं भवन का हस्तानान्तरण श्री मिस्टर गेनरी पिता श्री रविनाथ सिंह के नाम पर कर दिया जावेगा।

RN-82619
(दीपेश रत्नाकर)
सम्पदा प्रबंधक
म.प्र. गृह निर्माण एंव अधोसंरचना
विकास मण्डल रीवा (म0प्र0)

### नामिनी का नाम सुधार सूचना

मैं कुसुमकली देवी उम्र 57 वर्ष पति स्व. शेषमणि मुड़हा, निवासी ग्राम – मड़ना, पो. फुलहा, थाना लौर, तहसील नईगढ़ी, जिला– मऊगंज (म.प्र.) आधार नं.– 4015 7739 5547, मो0नं0– 8191931378 है। मैं शपथ पूर्वक कथन करती हूँ कि, मैं जनरल रिजर्व इंजीनियर फोर्स (रक्षा मंत्रालय) में कुक के पद पर शिमला मनाली (हिमांचल प्रदेश) में पति की मृत्यु के बाद अनुकम्पा नियुक्त पर पदस्थ हूं मेरा जी.एस. नं.– 195874एल है। मेरे सर्विस रिकार्ड में नामनी के रूप में पुत्र शिवम केवट एवं पुत्री पंचवती केवट का नाम अंकित है। मेरे पुत्र शिवम केवट की मृत्यु 16.05.2023 एवं पुत्री पंचवटी केवट की मृत्यु 14.08.2014 को हो गई है। जिनके स्थान पर मैं अपने सर्विस रिकार्ड में पुत्री आशा देवी पति सत्यनारायण केवट ग्राम पोस्ट बांस थाना गढ़ तहसील मनगवां जिला रीवा (म.प्र.) एवं पुत्री कविता देवी पति पीतांबर वर्मा ग्राम– डिहिया पो. बदरांव गौतमान, तहसील सिरमौर, थाना बैकुण्ठपुर, जिला रीवा (म.प्र.) का नाम अंकित व संसोधित किया जाए।

RN- 82273
निवेदिका
कुशुम कली देवी
ग्राम मड़ना पोस्ट,फुलहा, जिला मऊगंज (म.प्र.)

### उत्तर मध्य रेलवे

गति शक्ति, ग्वालियर

ई-टेण्डर क्रमांकः DYCEGSUGWL0325 — दिनांकः 03.06.2025

**ई टेन्डरिंग टेन्डर नोटिस**

उप मुख्य इंजीनियर-॥/गति शक्ति यूनिट, ग्वालियर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए खुली ई-निविदा (टू-पैकेट सिस्टम) ऑनलाइन (ई-टेन्डरिंग) पद्धति से आमन्त्रित की जाती हैः-

**कार्य का विवरणः** बीना-झाँसी रेल सेक्शन के समपार संख्या 357 कि.मी. 1103/34-36 पर उपरिगामी सेतु के निर्माण के संबंध में।

**अनुमानित लागतः** ₹ 43.65 Crore — **निविदा बन्द होने की तिथिः 01.07.2025**

**कार्य पूर्ण करने की अवधिः** 18 माह

- ऑनलाइन निविदा **दिनांक 01.07.2025 को 11.00 बजे** तक जमा की जा सकती है।
- पूर्ण जानकारी तथा निविदा जमा करने के लिए कृपया भारतीय रेल की वेबसाईट www.ireps.gov.in देखें।

973/25(A)

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

### पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, रीवा

CBSE Affiliation No. 1040035 UDISE Code 23140423813 School Code-54042

(नवोदय विद्यालय समिति की एक इकाई)
शिक्षा मंत्रालय, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, भारत सरकार
PM SHRI SCHOOL JAWAHAR NAVODAYA VIDYALAYA REWA
(A unit of Navodaya Vidyalaya Samiti)
Ministry of Education, Deptt. Of School Education & Literacy, Govt. Of India
गाँवः सिरमौर जिलाः रीवा राज्यः मध्यप्रदेश पिन 486448
VILL.: SIRMOUR DIST. REWA STATE: M.P. PIN: 486448
Website- https://navodaya.gov.in/nvs/nvs-school/REWA/en/home/ Email: jnvrewa@gmail.com.

F. No. Admin / JNV Rewa/2025-26/ — Dated : 05.06.2025

**विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस विद्यालय हेतु इलेक्ट्रीकल आइटम एवं प्लाम्बिंग आइटम के लिए अधिकृत पंजीकृत डीलर/ निर्माता/आपूर्तिकर्ता / कंपनियों से मोहर बंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र/ दस्तावेज रू 500/– रू. (पाँच सौ मात्र) प्रति सेट के हिसाब से इस विद्यालय के कार्यालय से सुबहः 09:00 बजे से 04:00 बजे तक दिनांक 09.06.2025 से 17.06.2025 तक कार्यालीन दिवस में खरीदा जा सकता है। इसके अलावा विद्यालय की अधिकारिक वेवसाइट से भी डाउनलोड किया जा सकता है। निविदा प्रपत्र जामा करते समय निविदा प्रपत्र की लागत के रूप में प्राचार्य ज.न.वि. सिरमौर रीवा के पक्ष में डिमांड ड्राफ्ट के रूप में प्रतिसेट 500 रू. की राशि जामा करनी होगी। पूर्ण रूप से सीलबंद निविदाएं मय अर्नेस्ट मनी के डिमांड ड्राफ्ट (प्राचार्य ज.न.वि. सिरमौर रीवा के पक्ष) विद्यालय कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि 18.06.2025 पूर्वाहः 11:00 बजे तक विद्यालय द्वारा तयतिथि है। सीलबंद निविदाएं भौतिक रूप से या पंजीकृत डाक / स्पीड पोस्ट द्वारा भी भेजा जा सकता है निर्धारित तिथि / समय के बाद प्राप्त निविदाओ पर विचार नही किया जायेगा। निविदाएं विद्यालय द्वारा नियत तिथि 19.06.2025 को प्रातः 11:00 बजे क्रय सलाहकार समिति के द्वारा प्राचार्य ज.न.वि. सिरमौर रीवा के कक्ष में खोली जायेगी।

प्राचार्य
ज.न. वि. सिरमौर
जिला रीवा (म.प्र.)

### M.P. POWER GENERATING COMPANY LIMITED

Addl. Chief Engineer (THC), Sirmour, Rewa (M.P.)

**NOTICE INVITING TENDER (Through e-tendering Process Only)**

M.P. Power Generating Co. Ltd. invites e-tenders from reputed Contractor/Transporter/Firm/Service Provider/Joint Venture for the following jobs :

| Tender No. | Tender Particulars | Estimated Cost in Rs. (inclusive of Taxes)/Period/ Tender cost in Rs. | EMD in Rs. | Date and Time for Closing of Online Submission | Date & time of e- opening of Tender |
|---|---|---|---|---|---|
| 2025_ MPPGC_ 428948_1 | Hiring of 01 No. Diesel Jeep/ car (Bolero or equivalent) capacity (6+1 seater) with minimum engine capacity 1450 CC with two minimum air bag for use of E.E. (Civil)-I, O/o SE civil, THPS-I, Sirmour, on monthly run basis for 2000 km per month for a period of 24 Months | 14.05 Lakh/ 1,000/ | 28,200/- | 01.07.2025 Up to 16:00 hrs. | 03.07.2025 from 16:00 hrs. onwards |

It is mandatory for prospective bidders to get registration on Website **www.mptenders.gov.in** by making on line registration fees payment. Further for detailed NIT, eligibility criteria, tender documents etc., please visit website **www.mptenders.gov.in.**

M.P. Madhyam/120478/2025 //SAVE ELECTRICITY// ADDL. CHIEF ENGINEER (THC)

## जतारा वन विभाग ने एक माह के अन्दर अवैध लकड़ी परिवहन करते हुए छठवां ट्रक किया जब्त

**टीकमगढ़/जतारा।** बीती रात जतारा रेंजर शिशुपाल अहिरवार को मुखबिर से सूचना मिली कि एक ट्रक नरैनी एवं टीला गांव के पास से महानीम प्रजाति की लकड़ी लोड करके उत्तर प्रदेश जाने वाला है। जिसके बाद तत्काल टीम का गठन करते हुए रेंजर जतारा ने मौके से जप्ती के लिए रवाना किया गया तो कनेरा गांव के पास एक ट्रक पंजीयन क्रमांक ॥व्र67व्र3769 चालू हालत में खड़ा हुआ था जो मऊरानीपुर तरफ जाने ही वाला था। वन अमले को मिला जिसके ड्राइवर से पूछतांछ करने पर उसके द्वारा अपना नाम मोहम्मद हिलाल निवासी बदायूं बताया गया। जिसने ट्रक में लोड लकड़ी के लिए कटाई और परिवहन की अनुमति होना नहीं बताया गया तब मौके से जतारा के वन अमले द्वारा उक्त ट्रक को बिना टीपी के अवैध लकड़ी परिवहन करने के अपराध में जप्त कर वन अपराध प्रकरण क्रमांक 243/23 पंजीबद्ध करके वाहन चालक को ट्रक जतारा ले जाने के लिए कहा गया तो ट्रक ड्राइवर के द्वारा जल्दी से ट्रक को चालू करके वन अमले से दूर तेज़ गति से मऊरानीपुर तरफ भगा ले गया।

### कार्यालय कृषि यंत्री कृषि अभियांत्रिकी संभाग सतना

निविदा क्रमांक/174/2025-26/ — दिनांक 03.06.2025

शुद्धिपत्र (CORRIGENDUM-I)

कार्यालय कृषि यंत्री, कृषि अभियांत्रिकी संभाग - सतना कौशल विकास प्रशिक्षण केन्द्र सतना हेतु निविदा संख्या क्रमांक, दिनांक 09.05.2025 अंतर्गत मेस कार्य हेतु वर्ष 2025-2026 में विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित विज्ञापनों में वर्णित निविदा जमा करने अन्तिम तिथी दिनांक 05.06.2025को बढ़ाकर दिनांक 12.06.2025 को सायः 05:00 बजे तक कर दिया गया है तथा निविदा खोलने की तिथी दिनांक 06.06.2025 से बढ़ाकर दिनांक 13.06.2025 की जाती है।

कार्य तथा संस्थाओं की पात्रता का पूर्ण विवरण संबंधित निविदा प्रपत्र संशोधित तिथी तक कार्यालय से प्राप्त कर सकते है।

G- 13900/25
संभागीय कृषि यंत्री
रीवा-शहडोल संभाग

### कार्यालय नगर परिषद हनुमना, जिला मऊगंज (म.प्र.)

E-Mail ID- cmohanumana@mpurban.gov.in

क्रमांक/338/ऑनलाइन निविदा सूचना/नग.परि./2025 — हनुमना, दिनांक 03.06.2025

**तृतीय ऑनलाइन निविदा आमंत्रण–सूचना**

नगर परिषद हनुमना, जिला–मऊगंज द्वारा नाली निर्माण एवं पी.सी.सी. सड़क निर्माण हेतु म.प्र. लोक निर्माण विभाग मे नवीन केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अन्तर्गत पंजीकृत ठेकेदारों से फार्म ई – टेण्डरिंग के माध्यम से तालिका में वर्णित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है, एस. ओ. आर. दिनांक–02 अगस्त 2021 (संशोधित) के आधार पर निविदा प्रपत्र "अ" मे दरे आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने एवं निविदा से सम्बंधित समस्त शर्ते एवं जानकारी बेबसाईट http://mpetender.gov.in से एवं कार्यालय नगर परिषद हनुमना से प्राप्त की जा सकती है। निविदा मे किसी भी प्रकार का संशोधित केवल वेबसाईड पर ही प्रकाशित किया जावेगा।

| क्र. | सिस्टम टेण्डर नं. | कार्य का नाम एवं विवरण | प्राक्कलन राशि | धरोहर राशि का ऑनलाईन भुगतान | समय अवधि | निविदा फार्म का शुल्क |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2025_UAD_ 428548_1 | वार्ड क्रमांक–07 में राजमणि हरिजन के घर से श्री नारायण हरिजन के घर तक पी.सी.सी. सड़क का निर्माण कार्य करना। | 840807=00 | 8408=00 | 01 माह | 2000=00 |

उक्त निर्माण कार्यो के निविदा प्रपत्र दिनांक 04.06.2025 को प्रातः 10:30 से दिनांक 10.06.2025 को सायं 5:30 तक बेवसाईट पर लागू प्रोसेसिंग शुल्क के ऑनलाईन भुगतान कर प्राप्त कर सकेंगे।

(अरूण कुमार त्यागी)
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद हनुमना
जिला–मऊगंज (म.प्र.)

### कार्यालय नगर परिषद भैरुंदा, जिला-सीहोर

क्र./2025/ई-निविदा/3212 — भैरुंदा 03/06/2025

**/ / ई-निविदा सूचना //**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2025_UAD_ 428539_1 | मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना चतुर्थ चरण अन्तर्गत वार्ड क्र. 13 व 14 मे मुख्य सड़क किनारे बस स्टेण्ड से कृषक संगोष्ठी भवन तक कवर्ड आर.सी.सी. नाला निर्माण कार्य। | 1. 06 माह 2. 1,34,85,950/- | 1. 12500/- 2. 67500/- | 05.07.2025 |

नोट :- 1. निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन http://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा। अव्यवहारिक निविदाओं में अतिरिक्त परफॉरमेंस गारंटी संशोधित आदेश क्रमांक 237/2024/18–2 दिनांक 06.09.2024 अनुसार जमा कराना अनिवार्य होगा।
2. 2. ठेकेदार को स्थल पर नाला निर्माण से संबंधित लेवल शीट, ओ.जी.एल. सर्वे कर एवं स्ट्रक्चरल/हाईड्रोलिक ड्राईंग-डिजाईन का अनुमोदन शासकीय इंजीनियरिंग कालेज से कराना होगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद भैरुंदा
जिला-सीहोर (म.प्र.)

### कर्मचारी राज्य बीमा निगम

(श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार)
EMPLOYEES' STATE INSURANCE CORPORATION
(Ministry of Labour & Employment, Govt. of India)
क.रा.बी.नि. E.S.I.C.
पंचदीप भवन, सी.आई.जी. मार्ग, नई दिल्ली–110002
PANCHDEEP BHAWAN, CIG MARG, NEW DELHI - 110 002
Email : jd-rectt@esic.nic.in Tel. : 011 – 23219513
Website : www.esic.gov.in

**कर्मचारी राज्य बीमा निगम चिकित्सा अध्यापन संस्थाओं–स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान अनुसंधान संस्थानों/चिकित्सा महाविद्यालयों के लिए नियमित आधार पर डीन की भर्ती–2025**

कर्मचारी राज्य बीमा निगम, संसद के एक अधिनियम (क.रा.बी. अधिनियम, 1948) के अंतर्गत गठित तथा श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार के प्रशासनिक नियंत्रण के अधीन कार्यरत एक सांविधिक निकाय है। कर्मचारी राज्य बीमा निगम में सीधी भर्ती के आधार पर कर्मचारी राज्य बीमा निगम स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान अनुसंधान संस्थानों/चिकित्सा महाविद्यालयों के लिए नियमित आधार पर डीन की भर्ती निम्नानुसार प्रस्तावित है :

रिक्तियों का विवरण

| क्र. सं. | पद का नाम | संस्था का नाम | रिक्तियों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1. | डीन | क.रा.बी.निगम चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, सनथ नगर, हैदराबाद | 1 |
| 2. | | क.रा.बी.निगम चिकित्सा महाविद्यालय, अंधेरी, मुंबई | 1 |
| 3. | | क.रा.बी.निगम चिकित्सा महाविद्यालय, बेलटोला, गुवाहाटी | 1 |
| 4. | | क.रा.बी.निगम चिकित्सा महाविद्यालय, इंदौर, मध्य प्रदेश | 1 |
| 5. | | क.रा.बी.निगम चिकित्सा महाविद्यालय, जयपुर | 1 |
| 6. | | क.रा.बी.निगम चिकित्सा महाविद्यालय, नोएडा | 1 |
| 7. | | क.रा.बी.निगम चिकित्सा महाविद्यालय, लुधियाना | 1 |
| 8. | | क.रा.बी.निगम चिकित्सा महाविद्यालय, रांची | 1 |
| 9. | | क.रा.बी.निगम चिकित्सा महाविद्यालय, वाराणसी | 1 |
| 10. | | क.रा.बी.निगम चिकित्सा महाविद्यालय, नरोडा–बापूनगर, गुजरात | 1 |
| | | कुल | 10 |

| श्रेणी | अनारक्षित | अनुसूचित जाति | अनुसूचित जनजाति | अन्य पिछड़ा वर्ग | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| रिक्तियों की संख्या | 5 | 2 | 1 | 2 | 0 | 10* |

*कुल दस रिक्तियों में से एक रिक्ति (क) अंधता और कम दृष्टि बेंचमार्क निःशक्तता श्रेणी (पीडब्ल्यूबीडी) वाले व्यक्तियों के लिए आरक्षित है।

नोटः उपर्युक्त विज्ञापित रिक्तियाँ बढ़ाई या घटाई जा सकती हैं।

वेतन संरचना, शैक्षिक अर्हता, आयु, अनुभव, आरक्षण स्थिति और अन्य निबंधन और शर्तों की विस्तृत जानकारी से संबंधित विस्तृत विज्ञापन कर्मचारी राज्य बीमा निगम की वेबसाइट www.esic.gov.in/recruitments पर उपलब्ध है। उपर्युक्त पदों के लिए आवेदन करने के इच्छुक अभ्यर्थियों को विस्तृत विज्ञापन देखने की सलाह दी जाती है।

**आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि 07.07.2025 है।**
दिनांकः 5 जून, 2025
हस्ता/–
संयुक्त निदेशक (भर्ती)

### सूचना

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरुरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।

### आवश्यकता है

सैनिक स्कूल रीवा में कार्य करने हेतु सिक्यूरिटी गार्डस/सुपरवाइजर/कम्प्यूटर आपरेटर/स्वीपर
योग्यता :- 10वीं पास
ड्यूटी :- 8 घंटे (EPF एवं ESIC अलग से) तुरंत संपर्क करें।
कृपया सभी दस्तावेज के साथ संपर्क करें।
टारगेट सिक्यूरिटी सर्विस वार्ड नं. 15, सरदार पटेल काम्प्लेक्स, बाणसागर रोड समान तिराहा न्यू बस स्टैंड रीवा (म.प्र.)
मो.नं. 7000811252
9755257936 RN. GM sir/6/6

### लोन

लोन फाईनेंस सर्विस रीवा संभाग में विशेष लोन व्यवस्था मुद्रा लोन, आधार कार्ड, मार्कशीट, पर्सनल, कृषि लोन और सभी प्रकार के लोन 2% ब्याज 50% छूट (एजेंट आमंत्रित) संपर्क - 8962086944

### आवश्यकता है

ग्रोफ़ास्ट एग्रीटेक प्राइवेट लिमिटेड जबलपुर, भारत में कृषि के क्षेत्र में नंबर वन कंपनी को ग्राहक सर्विस प्रतिनिधि और सेल्स प्रतिनिधि
शिक्षा 12 वीं एवं स्नातक एग्रीकल्चर से
वेतन 10000 से 25000
आयु 20 से 30 वर्ष
PF इंश्योरेंस, प्रमोशन, टीए, डीए, पेट्रोल एवं मोटरसाइकिल की सुविधा
कार्य क्षेत्र - जबलपुर एवं आसपास के जिलों में
संपर्क सूत्र- 7985141380 8770714780 RN. 82522

## पन्ना पुलिस द्वारा पन्ना जिले के सटोरियो पर की गई प्रभावी कार्यवाही

**पन्ना।** पुलिस अधीक्षक पन्ना साईं कृष्ण एस. थोटा के निर्देशन में थाना अजयगढ़ एवं साइबर सेल पन्ना की संयुक्त टीम द्वारा ह्वक्कमैचों पर अवैध सट्टा संचालित कर रहे संगठित गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए 02 गिरफ्तार आरोपियो सहित 09 आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया किया गया है। इस अभियान में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जो ह्वक्कसहित विभिन्न क्रिकेट व अन्य मैचों में ऑनलाइन सट्टा गतिविधियों का संचालन कर रहे थे। गिरफ्तार आरोपियों में से एक को ह्वक्कसट्टेबाजी का बड़ा सरगना माना जा रहा है। इनके साथ 07 अन्य आरोपियों के विरुद्ध थाना अजयगढ़ मे अपराध क्रमांक 271/25 धारा 112 बी.एन.एस. एवं धारा 4(क) सट्टा अधिनियम मे मुकदमा दर्ज कर विवेचना प्रारंभ कर दी गई है। इस गिरोह के पास से करीबन 01 करोड़ वर्चुअल कॉइन (01 क्वाइन की कीमत 01 रुपये) ज़ब्त की गई है, जो डिजिटल प्लेटफॉर्म पर सट्टा लगाने में प्रयोग किये जा रहे थे। प्रारंभिक पूछताछ में यह तथ्य भी सामने आया है कि आरोपी विभिन्न् ऑनलाइन साइटो के माध्यम से पन्ना जिला सहित म.प्र. के विभिन्न जिलो में फैले ग्राहकों को जोड़कर एक सट्टा नेटवर्क चला रहे थे। विवेचना दौरान पुलिस द्वारा उक्त ऑनलाइन सट्टा की साइटो को बनवाने वाले व्यक्तियों की जानकारी प्राप्त की जाकर संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।

### कार्यालय कार्यपालन यंत्री (भवन)

लोक निर्माण विभाग, कला मंदिर रोड स्वागत भवन, रीवा (म.प्र.)
PHONE No. 07662-406740 E-mail:-dpepiurewa@gmail.com

एन.आई.टी. नं. - 15/2025/केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण/सीई/पी.डब्ल्यू.डी./भवन/1330 — रीवा, दिनांक:- 26.05.2025

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है:-

| स. क्र. | पोर्टल टेण्डर क्र. | कार्य का नाम | जिला | ठेके की अनुमानित राशि (पी.ए.सी.) (रू. लाख में) | अमानत राशि (ई.एम.डी.) (रू. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. में) | कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित) | 90 प्रतिशत अविवादित भूमि प्राप्त एवं एमओयू निष्पादित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 2025_PWPIU _428681 | ग्राम-मनिकवार, जिला-रीवा में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रप भवन एवं 1 नग एच टाईप तथा 1 नग जी टाईप आवासीय भवनों का शेष निर्माण कार्य (प्रथम आमंत्रण) | रीवा | 54.78 | 54780.00 | 10000 | 06 माह | हां |

1 निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट वेबसाईट http:// mptenders.gov.in पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे।
2 निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑन-लाईन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।
3 निविदा प्रपत्र केवल ऑन-लाईन दिनांक 30-05-2025 समय 10:00 से दिनांक 13-06-2025 समय 18:00 तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी वेबसाईट पर देखी जा सकती है।
4 निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त वेबसाईट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

G- 13902/25
कार्यपालन यंत्री (भवन)
लोक निर्माण विभाग, रीवा

# अपने घरों के आस-पास पौधरोपण कर हरित पृथ्वी बनाने का लें संकल्प : राजीव अकोटकर

## एनटीपीसी सिंगरौली में विश्व पर्यावरण दिवस 25 का आयोजन

**जागरण, शक्तिनगर**

एनटीपीसी सिंगरौली शक्तिनगर में विश्व पर्यावरण दिवस.25 के तहत पर्यावरण जागरूकता बढ़ाने हेतु विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर आयोजि आम जनमानस में पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने हेतु पर्यावरण जागरूकता रैली और पौधारोपण अभियान का आयोजन किया गया। एनटीपीसी सिंगरौली में इस वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस वैश्विक स्तर पर प्लास्टिक पॉल्यूशन का अंत थीम के अनुसार मनाया गया। इस अवसर पर एनटीपीसी सिंगरौली के आवासीय परिसर में स्थित चिल्का झील के परिक्षेत्र में पर्यावरण रैली का आयोजन किया गया। तदुपरान्त चिल्का झील पार्क में राजीव अकोटकर परियोजना प्रमुख जोसफ बास्टियन महाप्रबंधक ऑपरेशन एंड मेंटेनेन्स श्रीमती पीयूषा अकोटकर अध्यक्षा वनिता समाज वनिता समाज की अन्य सदस्याएँ अन्य सभी एनटीपीसी के विभाग प्रमुख वरिष्ठ अधिकारीगण यूनियन एवं एसोशिएशन के मानद प्रतिनिधि गण द्वारा पौधारोपण किया गया। राजीव अकोटकर ने अपने उद्बोधन में पर्यावरण संरक्षण हेतु सभी को सार्थक कदम उठाने के लिए प्रोत्साहित किया उन्होने सभी से आग्रह किया की प्रत्येक जन अपने घर मकान दुकान आदि के आस.पास पौधरोपण कर हरित पृथ्वी बनाने का संकल्प लेकर समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए जागरूकता बढ़ाएँ। इस अवसर पर एनटीपीसी सिंगरौली के सभी उच्चाधिकारी गण एवं




वनिता समाज की सभी वरिष्ठ सदस्याओं द्वारा बालिका सशक्तीकरण अभियान.25 की बालिकाओं के साथ कर्मचारी विकास केंद्र के प्रांगण में पौधारोपण किया गया। इन दिनों आम लोगों के बीच पर्यावरण संरक्षण की संस्कृति को बढ़ावा देने हेतु बच्चों गृहिणियों कर्मचारियों संविदा कर्मचारियोंआसपास के स्थानीय समुदायों के लिए बीते सप्ताह भर विभिन्न प्रतियोगिताएं जैसे नारा लेखन निबंध लेखन चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें सभी ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। ज्ञात हो किए एनटीपीसी सिंगरौली द्वारा पर्यावरण संरक्षण हेतु विभिन्न कदम जैसे उत्सर्जन के नये मानकों के पालन हेतु एफ़्जीडी सिस्टम की स्थापना वास्तविक रूप अर्जित करने हेतु अग्रसर एसपीएम उत्सर्जन कम करने हेतु सभी सात ईकाइयों का ईएसपी का नवीनीकरण जल संरक्षण के लिए ऐश वाटर रिसायक्लींग सिस्टम पर्यावरण संरक्षण हेतु लिक्वीड वेस्ट ट्रीटमेंट प्लांट से पुनः चक्रीकरण एवं डस्ट इक्स्ट्रेशन एण्ड सेपरेशन सिस्टम का निर्माण 21 लाख से अधिक वृक्षारोपण आस पास के वातावरण को ध्यान में रखते हुए शक्तिनगर टाउनशिप के साथ.साथ अनपरा क्षेत्र में मियावाकी पद्धति से 35000 वृक्षारोपण पर्यावरण संरक्षण एवं प्लास्टिक के उपयोग की रोकथाम हेतु जागरूकता अभियान राख उपयोग वृद्धि हेतु एनएच के निर्माण एवं ऐश ब्रिक के निर्माण हेतु राख का प्रेषण पर्यावरण अनुकूल हेतु 50 लाख राख ईंट का निर्माण सिवेज ट्रीटमेंट प्लांट का नवीनीकरण आवासीय परिसर एवं आस पास के क्षेत्र से अपशिष्ट कुल 18 किलो प्लास्टिक को एकत्रित और पृथक कर अल्ट्राटेक और डाला सीमेंट फैक्ट्री में सीमेंट निर्माण के लिए भेजे जाने जैसे अनेकों सार्थक कदम उठाए गए हैं। विश्व पर्यावरण दिवस 25 का सफल आयोजन नीरज यादव विभाग प्रमुख ईएमजी डी सी गुप्ता विभाग प्रमुख टाउनशिप सिविल एवं श्रीमती दीपिका सिंह वरिष्ठ प्रबन्धक ईएमजी एवं उनकी टीम के सहयोग से आयोजित किया गया।

# केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल ईकाई आरएचटीपी रिहन्द में किया गया वृहद पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन



## पर्यावरण दिवस के अवसर पर 200 पौधरोपण

**जागरण, रिहन्दनगर।** आज केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल ईकाई आरएचटीपी रिहन्द के परिवारीक आवासीय परिसर/परेड ग्राउंड के आस.पास एरिया में केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल सदस्यों द्वारा छायादार एवं फलदार लगभग 200 पौधारोपण का किया गया यह वृक्षारोपण कार्यक्रम ईकाई प्रभारी लक्ष्मण विशाल होल्कर उप कमांडेंट के कुशल मार्गदर्शन में किया गया। पर्यावरण दिवस पर ईकाई प्रभारी लक्ष्मण विशाल होल्कर ने बल सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण के अन्तर्गत जीव.जंतु वनस्पति वायु जल प्रकाश ताप मिट्टी नदी पहाड़ आदि सभी अजैविक तथा जैविक घटकों का समावेश है। इसमें वह सब कुछ समाविष्ट है जो पुथ्वी पर आदुश्य एवं दुश्य रूप से विद्यमान है। पर्यावरण में एक और पानी वायु तथा भुमि और मध्य अंत संबंध विद्यमान है और दूसरी और मानवीय प्राणी अन्य जीवित प्राणी पौधे सुक्ष्म जीवाणु एवं सम्पत्ति सम्मिलित हैं। इसके साथ केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल ईकाई आरएचटीपी रिहन्द के सहायक कमांडेंट/अग्नि अलोक कुमार चौधरी ने बल सदस्यों को बताया कि आज किये गए वृक्षारोपण के वृक्षों को बचाने के साथ पर्यावरण को बचाने के लिए हम सब बल सदस्य मिलकर प्रार्थना करते हैं। प्राकृति की दयालुता के लिए हरियाली को हर पेड़ को हम प्रेम करेंगे। वायु को जल को हम धन्यवाद देते हैं। प्राकृति को बचाने की हम सब प्रतिज्ञा लेते हैं। हमेशा केऔसुब ईकाई आरएचटीपी रिहन्द के द्वारा वृक्षारोपण के साथ सम्प्रजिक दायित्व में बढ़ चढ़ हिस्सा लेते आया है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में आरक्षित निरिक्षक. बिरबल सिंह निरिक्षक/कार्य युएबी मिश्रा एएवं बल सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# प्रतियोगिताओं के विजेताओं को किया गया सम्मानित, दिलाई गई पर्यावरण की शपथ

## एनटीपीसी विन्ध्याचल ने जुनून और प्रतिबद्धता के साथ मनाया विश्व पर्यावरण दिवस 25

**जागरण, विन्ध्यनगर।** एनटीपीसी विन्ध्याचल ने विश्व पर्यावरण दिवस 25 को एक उत्साही और प्रेरणादायक सप्ताह भर चलने वाले समारोह के साथ मनाया। इस आयोजन की थीम प्लास्टिक प्रदूषण पर काबू पाना रही। जागरूकता रचनात्मकता और पर्यावरणीय उत्तरदायित्व से भरपूर इस सप्ताह में कर्मचारियों उनके परिवारों तथा संविदा कर्मियों की सक्रिय भागीदारी ने समर्पित पर्यावरण चेतना को उजागर किया। आज टाउनशिप परिसर में एक जागरूकता रैली का आयोजन इस आयोजन की प्रमुख आकर्षण रही जिसमें पर्यावरण संरक्षण के नारों और जोश के साथ प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इस रैली में संजीव मेहरा क्षेत्रीय अधिकारी म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे जिन्होंने पर्यावरणीय मुद्दों पर जागरूकता फैलाने और स्थायी क्रियान्वयन की आवश्यकता पर बल दिया। प्रकृति पोषण के प्रतीकात्मक प्रयास स्वरूप टाउनशिप



के विभिन्न स्थानों पर पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम के दौरान अंग्रेजी में संजीब कुमार साहा महाप्रबंधक ओएंडएम और हिंदी में डॉ.बी.सी.चतुर्वेदी मुख्य महाप्रबंधक चिकित्सा द्वारा पर्यावरण शपथ भी दिलाई गई जिसमें सभी को अपने दैनिक जीवन में सतत कार्य प्रणालियों को अपनाने का आग्रह किया गया। इस समारोह में विभिन्न रोचक प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई जिनमें कर्मचारियों और उनके परिवारों के लिए क्विज़ व भाषण प्रतियोगिताएं तथा बच्चों के लिए चित्रकला पेंटिंग फैंसी ड्रेस और बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट जैसी गतिविधियाँ शामिल थीं। जेम 25 की बालिकाओं के लिए विशेष चित्रकला प्रतियोगिता भी आयोजित की गई जिसने इस आयोजन को समावेशी और सशक्तिकरण उन्मुख बनाया। सप्ताह भर के इस आयोजन का समापन मैत्री सभागार में पुरस्कार वितरण समारोह के साथ हुआ जहाँ विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिकारीगण संजीब कुमार साहा महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण डॉ. बी.सी. चतुर्वेदी मुख्य महाप्रबंधक चिकित्सा राजशेखर पाला महाप्रबंधक प्रचालन तथा राकेश अरोड़ा मानव संसाधन प्रमुख विन्ध्याचल उपस्थित रहे। साथ ही विभिन्न विभागाध्यक्षों यूनियन एवं एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने के साथ.साथ कर्मचारी एवं उनके परिवारजन भी इस आयोजन में भाग लिया। इस संपूर्ण आयोजन का सफल समन्वय संजय प्रकाश यादव अपर महाप्रबंधक पर्यावरण प्रबंधन समूह और उनकी टीम द्वारा किया गया। यह सप्ताह न केवल पर्यावरणीय चेतना को प्रोत्साहित करने में सफल रहा बल्कि सामूहिक सहभागिता से सतत विकास की दिशा में एक प्रभावी कदम सिद्ध हुआ। एनटीपीसी विन्ध्याचल एक जिम्मेदार और सतत ऊर्जा क्षेत्र की अग्रणी इकाई के रूप में पर्यावरण संरक्षण की प्रेरणा बनकर आगे बढ़ता रहेगा।

# एनसीएल में विश्व पर्यावरण दिवस 25 पर आयोजित किए गए कई कार्यक्रम



**जागरण, सिंगरौली।** आज भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड एनसीएल में वैश्विक स्तर पर प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करने की थीम पर विश्व पर्यावरण दिवस 25 मनाया गया। इस अवसर पर एनसीएल मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सीएमडी बी.साईराम ने बतौर मुख्य अतिथि ध्वजारोहण कर कार्यक्रम को संबोधित किया। इस अवसर पर श्री साईराम ने अपने उद्बोधन में उपस्थित सभी लोगों को विश्व पर्यावरण दिवस की शुभकामनाएँ दी। उन्होनें औद्योगिक क्रांति 4.0 की ऑटोमेशन व प्रौद्योगिकी एकीकरण जैसी तकनीकी को पर्यावरण प्रबंधन हेतु आत्मसात करने का आह्वान किया। साथ ही कहा कि ऑटोमेशन के माध्यम से पर्यावरण मानकों से संबन्धित डाटा को ऑनलाइन विश्लेषण कर त्वरित कार्यवाही व भविष्य की कार्य योजना बना सकते हैं। उन्होनें एनसीएल की हरित कोयला प्रेषण को समर्पित फ़र्स्ट माइल कनेक्टिविटी परियोजनाओं को पर्यावरणीय पहलों में एक मील का पत्थर बताया। इस अवसर पर एनसीएल के सीएमडी बी.साईराम निदेशक वित्त रजनीश नारायण कंपनी जेसीसी जेसीसी सदस्य सीएमएस से अजय कुमार आरसीएसएस से लाल पुष्पराज सिंह बीएमएस से श्यामधर दुबे एचएमएस से अशोक पांडेय मुख्यालय के महाप्रबंधकगण विभागाध्यक्षगण एवं अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# एनसीएल द्वारा आयोजित मेगा समर कैंप आरोहण का हुआ समापन

**जागरण सिंगरौली।** आज सिंगरौली स्थित कोल इंडिया की अनुषंगी कंपनी नॉर्दर्न कोलफ़ील्डस लिमिटेड एनसीएल द्वारा आयोजित मेगा समर कैंप.आरोहण का समापन हुआ। एनसीएल की सभी परियोजनाओं में कैंप स्थल पर समापन समारोह का आयोजन किया गया। समापन समारोह के दौरान परियोजनाओं में क्षेत्रीय महाप्रबंधकगण श्रमिक संघ प्रतिनिधि स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड मेंबर्स अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में बच्चे उपस्थित रहे। एनसीएल मुख्यालय में आयोजित समारोह के दौरान महाप्रबंधक मानव संसाधन/कल्याण राजेश त्रिवेदी मुख्यालय स्तरीय श्रमिक संघ प्रतिनिधि स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड मेंबर्स एवं अन्य अधिकारी व कर्मचारी तथा स्थानीय जन उपस्थित रहे। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम में बच्चों ने विभिन्न खेल एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया। समापन समारोह के दौरान विभिन्न खेल–कूद प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई जिनके विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। 16 मई से शुरू हुए इस ग्रीष्मकालीन शिविर में योग्य प्रशिक्षकों द्वारा बच्चों एवं युवाओं को विभिन्न विधाओं जैसे बैडमिंटन



टेबल.टेनिस क्रिकेट वालीबॉल तैराकी कबड्डी बास्केटबाल स्केटिंग एथलेटिक्स जूडो कराट फुटबॉल संगीत गायन.वादन नृत्य ड्रॉइंग पेंटिंग इत्यादि में पारंगत किया गया। इस वर्ष मेगा समर कैंप. आरोहण में 6–.14 आयु वर्ग के 4500 से अधिक बच्चों ने भाग लिया जिनमें एथलेटिक्स में 1138 बैडमिंटन में 385 टेबल–टेनिस में 45 वॉलीबॉल में 187 कबड्डी में 301 फुटबॉल में 606 क्रिकेट में 50 स्विमिंग में 263 डांस और म्यूजिक में 619 जूडो कराटे में 99 बास्केटबाल में 11 स्केटिंग में 125 व आर्ट्स एंड क्राफ्ट में 259 प्रतिभागी शामिल रहे।

# एनटीपीसी विन्ध्याचल में जेम की बालिकाओं ने किया प्रेरणादायक पौधरोपण

**जागरण, विन्ध्यनगर।** एनटीपीसी विन्ध्याचल ने विश्व पर्यावरण दिवस 25 को एक अर्थपूर्ण पहल के साथ मनाया जिसमें सतत विकास और नारी सशक्तिकरण का समावेश हुआ। बालिका सशक्तिकरण अभियान के अंतर्गत आज पर्यावरण प्रबंधन समूह द्वारा एक पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जेम 25 की बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक पौधारोपण में भाग लिया और परियोजना के वरिष्ठ प्रबंधन कर्मचारियों उनके परिवारों यूनियन और एसोसिएशन प्रतिनिधियों के साथ मिलकर पर्यावरण संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयास किया। इस अवसर पर संजीव मेहरा क्षेत्रीय अधिकारी म.प्र.प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अन्य विशिष्ट अतिथियों में संजीब कुमार साहा महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण डॉ. बीसी चतुर्वेदी मुख्य महाप्रबंधक चिकित्सा राजशेखर पाला महाप्रबंधक प्रचालन तथा राकेश अरोड़ा मानव संसाधन प्रमुख विंध्याचल उपस्थित रहे। इस अवसर पर पर्यावरण दिवस की शपथ संजीब कुमार साहा महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण ने अंग्रेजी में तथा डॉ.बीसी चतुर्वेदी मुख्य महाप्रबंधक चिकित्सा ने हिंदी में दिलाई। शपथ में सभी को प्लास्टिक प्रदूषण से निपटने हेतु व्यक्तिगत और सामूहिक प्रयास करने का आह्वान किया गया। जेम की बालिकाओं ने इस शपथ समारोह में सक्रिय भागीदारी निभाई जिससे उनका पर्यावरण के प्रति बढ़ता हुआ जागरूकता और सतत भविष्य के प्रति प्रतिबद्धता स्पष्ट रूप से झलकती है।

# दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के संचालन व प्रबंधन हेतु किया एमओयू

**जागरण सिंगरौली।** कोल इंडिया लिमिटेड की अनुषंगी कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड एनसीएल ने निगमित सामाजिक दायित्व सीएसआर के तहत जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र डीडीआरसी सिंगरौली के संचालन एवं प्रबंधन हेतु सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग सिंगरौली के साथ एमओयू किया।

## घर में कर रखी थी गांजे की खेती, मोरवा पुलिस ने पकड़ा गांजे के 80 पेड़

सिंगरौली। पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री द्वारा नशे के कारोबार के विरुद्ध चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहार के तहत मोरवा पुलिस ने नशे की बड़ी खेप को जप्त कर कार्यवाही की है। मोरवा पुलिस ने थाना क्षेत्र के मढौली में एक घर के बाउंड्री में लगे गांजे की फसल को जप्त कर आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई की है।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद बिजुरी, जिला–अनूपपुर(म.प्र.)**

Phone/Fax No.: 07658-264242, E-mail: emobijuri@mpurban.gov.in.

क्रमांक/267/न.पा./लो.नि./2025 बिजुरी, दिनांक 16.05.2025

**–: ई–निविदा आमंत्रण सूचना :–**

एतद् द्वारा मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीकृत प्रणाली के अन्तर्गत पंजीकृत ठेकेदार, पंजीकृत फर्म को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित कार्य की निकाय द्वारा ई–निविदा आमंत्रित की गई है।

| क्र. | ई–निविदा क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र शुल्क | ऑनलाईन निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 2025 UAD 424668 1 | Inviting Rate of Contract for Cleaning Materials at Municipal Council. Bijuri for Year 2025-26 | 40.00 लाख | 30,000.00 | 5,000.00 | 18-06-2025 (17:30 HRS) |
| 2 | 2025 UAD 424674 1 | Inviting Rate of Contract for Construction Related Maintenance Materials at Municipal Council Bijuri for Year 2025-26 | 80.00 लाख | 60,000.00 | 10,000.00 | 20-06-2025 (17:30 HRS) |
| 3 | 2025_UAD 424715_1 | Inviting Rate of Contract for Electrical Materials for all Electrical Maintenance work at Municipal Council Bijuri for Year 2025-26 | 80.00 लाख | 60,000.00 | 10,000.00 | 20-06-2025 (17:30 HRS) |
| 4 | 2025_UAD 424741 1 | Inviting Rate of Contract for Tent Materials at Municipal Council Bijuri for Year 2025-26 | 25.00 लाख | 18,750.00 | 5,000.00 | 20-06-2025 (17:30 HRS) |
| 5 | 2025_UAD 424696_1 | Inviting Rate of Contract for Water Supply Materials for all Water Supply Maintenance work at Municipal Council Bijuri for Year 2025-26 | 80.00 लाख | 60,000.00 | 10,000.00 | 20-06-2025 (17:30 HRS) |

1. निविदा प्रस्तुत करने संबंधी सभी जानकारी वेब साईट ( https://mptenders-gov-in) में निःशुल्क देखी व प्राप्त की जा सकती है।
2. बिड प्रस्तुतीकरण (ऑनलाईन) तिथि एवं अन्य जानकारी BID DATA SHEET व "KEY DATES" में देखी जा सकती है।
3. निविदा के किसी भी प्रकार का संशोधन का प्रकाशन केवल बेबसाईट में किया जावेगा, समाचार पत्र में नहीं ।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद बिजुरी
जिला–अनूपपुर (म.प्र.)



**कार्यालय नगर पालिका परिषद बिजुरी, जिला–अनूपपुर(म.प्र.)**

Phone/Fax No.: 07658-264242, E-mail: emobijuri@mpurban.gov.in.

क्रमांक/332/न.पा./लो.नि./2025 बिजुरी, दिनांक 23.05.2025

**–: ई–निविदा आमंत्रण सूचना :–**

एतद् द्वारा मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीकृत प्रणाली के अन्तर्गत पंजीकृत ठेकेदार, पंजीकृत फर्म को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित कार्य की निकाय द्वारा ई–निविदा आमंत्रित की गई है।

| क्र. | ई–निविदा क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र शुल्क | ऑनलाईन निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 2025_UAD 425888 1 | CONSTRUCTION OF RCC BODY BURNING SHED AT WARD NO. 01 | 14.23 लाख | 10676.00 | 2,000.00 | 23-06-2025 (17:30 HRS) |
| 2 | 2025 UAD 425410 1 | Inviting Rate of Contract for Flex. Materials for various events and programs at Municipal Council Bijuri for Year 2025-26 | 25.00 लाख | 18,750.00 | 5,000.00 | 23-06-2025 (17:30 HRS) |
| 3 | 2025_UAD 425421 1 | Inviting Rate of Contract for Motor Pumps repair Works for all types of motor pumps available at Municipal Council Bijuri for Year 2025-26 | 25.00 लाख | 18,750.00 | 5,000.00 | 23-06-2025 (17:30 HRS) |
| 4 | 2025 UAD 425437_1 | Inviting Rate of Contract for Supply of Motor Pumps of various categories for water supply work at Municipal Council Bijuri for Year 2025-26 | 50.00 लाख | 37,500.00 | 10,000.00 | 23-06-2025 (17:30 HRS) |
| 5 | 2025 UAD 425364_1 | Providing Of Labour Such As Unskilled Worker, Semi-skilled, And Skilled Accourding To M.p. Labour Department Revised Minimumwages (second Call) | 80.00 लाख | 60,000.00 | 10,000.00 | 06-06-2025 (17:30 HRS) |
| 6 | 2025_UAD 425447 1 | Inviting Rate of Contract for Water Purification Material at Municipal Council Bijuri for Year 2025-26 | 80.00 लाख | 60,000.00 | 10,000.00 | 23-06-2025 (17:30 HRS) |

1. निविदा प्रस्तुत करने संबंधी सभी जानकारी वेब साईट ( https://mptenders-gov-in) में निःशुल्क देखी व प्राप्त की जा सकती है।
2. बिड प्रस्तुतीकरण (ऑनलाईन) तिथि एवं अन्य जानकारी BID DATA SHEET व "KEY DATES" में देखी जा सकती है।
3. निविदा के किसी भी प्रकार का संशोधन का प्रकाशन केवल बेबसाईट में किया जावेगा, समाचार पत्र में नहीं ।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद बिजुरी
जिला–अनूपपुर (म.प्र.)



**कार्यालय नगर पालिका परिषद बिजुरी, जिला–अनूपपुर(म.प्र.)**

Phone/Fax No.: 07658-264242, E-mail: emobijuri@mpurban.gov.in.

क्रमांक/281/न.पा./लो.नि./2025 बिजुरी, दिनांक 19.05.2025

**–: ई–निविदा आमंत्रण सूचना :–**

एतद् द्वारा मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीकृत प्रणाली के अन्तर्गत पंजीकृत ठेकेदार, पंजीकृत फर्म को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित कार्य की निकाय द्वारा ई–निविदा आमंत्रित की गई है।

| क्र. | ई–निविदा क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र शुल्क | ऑनलाईन निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 2025 UAD 424/28 1 | Inviting Rate of Contract for Handpump Materials for all Handpump Maintenance work at Municipal Council Bijuri for Year 2025 26 | 30.00 लाख | 22,500.00 | 5,000.00 | 20/06/25 17:30 बजे |
| 2 | 2025 UAD 424774 1 | SUPPLY OF TWIN BIN DUST BINAS PER REQUIRED SPECIFICATIONS | 20.00 लाख | 15,000.00 | 5,000.00 | 18/06/25 17:30 बजे |
| 3 | 2025 UAD 424775 1 | SUPPLY OF (16000 NOS) PLASTIC DUST BIN DOMES-TIC USE AS PER REQUIRED SPECIFICATIONS. | 20.00 लाख | 15,000.00 | 5,000.00 | 18/06/25 17:30 बजे |

1. निविदा प्रस्तुत करने संबंधी सभी जानकारी वेब साईट ( https://mptenders-gov-in) में निःशुल्क देखी व प्राप्त की जा सकती है।
2. बिड प्रस्तुतीकरण (ऑनलाईन) तिथि एवं अन्य जानकारी BID DATA SHEET व "KEY DATES" में देखी जा सकती है।
3. निविदा के किसी भी प्रकार का संशोधन का प्रकाशन केवल बेबसाईट में किया जावेगा, समाचार पत्र में नहीं ।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद बिजुरी
जिला–अनूपपुर (म.प्र.)



**कार्यालय नगर पालिका परिषद बिजुरी, जिला–अनूपपुर(म.प्र.)**

Phone/Fax No.: 07658-264242, E-mail: emobijuri@mpurban.gov.in.

क्रमांक/269/न.पा./लो.नि./2025 बिजुरी, दिनांक 16.05.2025

**–: ई–निविदा आमंत्रण सूचना :–**

एतद् द्वारा मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीकृत प्रणाली के अन्तर्गत पंजीकृत ठेकेदार, पंजीकृत फर्म को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित कार्य की निकाय द्वारा ई–निविदा आमंत्रित की गई है।

| क्र. | ई–निविदा क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र शुल्क | ऑनलाईन निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 2025 UAD 424403_1 | CONSTRUCTION OF MANGALBHAVANAT WARD NO 141 | 253.26 लाख | 126631.00 | 15,000.00 | 18-06-2025 (17:30 HRS) |
| 2 | 2025_UAD _424400_1 | ELECTRIFICATION WORKFROM PARAENTRANCE GATE TO RAILWAY OVER BRIDGE | 253.94 लाख | 126,975.00 | 15,000.00 | 18-06-2025 (17:30 HRS) |
| 3 | 2025 UAD 424396 1 | CONSTRUCTION OF WARD NO 12 MINI STADIUMATLAL GULAB GROUND AT | 25.00 लाख | 85,031.00 | 12,500.00 | 18-06-2025 (17:30 HRS) |
| 4 | 2025 UAD _424394_1 | CONSTRUCTION OF MRF/COMPOSTING PLANTATWARDNO15 | 50.00 लाख | 55,138.00 | 12,500.00 | 18-06-2025 (17:30 HRS) |

1. निविदा प्रस्तुत करने संबंधी सभी जानकारी वेब साईट ( https://mptenders-gov-in) में निःशुल्क देखी व प्राप्त की जा सकती है।
2. बिड प्रस्तुतीकरण (ऑनलाईन) तिथि एवं अन्य जानकारी BID DATA SHEET व "KEY DATES" में देखी जा सकती है।
3. निविदा के किसी भी प्रकार का संशोधन का प्रकाशन केवल बेबसाईट में किया जावेगा, समाचार पत्र में नहीं ।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद बिजुरी
जिला–अनूपपुर (म.प्र.)

# आईपीएलः इस बार पहले से अधिक 200+ के स्कोर बने

## भारतीय बल्लेबाजों का वर्चस्व, बनाए 16 हजार से अधिक रन

**नई दिल्ली, जेएनएन**

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 मंगलवार को समाप्त हुआ, जिसमें रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने पंजाब किंग्स को फाइनल में हराकर पहली बार खिताब जीता। इस बार आईपीएल में कई रिकॉर्ड बने, तो कई बड़े रिकॉर्ड टूटते हुए दिखाई दिए। आईपीएल के 18वें सीजन में एक ओर पहले से ज्यादा बार टीमों ने 200 से अधिक स्कोर खड़ा किया। इस सीजन में भारतीय बल्लेबाजों का वर्चस्व सबसे प्रमुख पहलुओं में से एक था। उन्होंने न केवल 16,000 से अधिक रन बनाए, बल्कि 150 से अधिक स्ट्राइक रेट के साथ ऐसा किया। दोनों ही आईपीएल सीजन में पहली बार हुआ। उनका औसत 29.76 भी किसी सीजन में सबसे अधिक है। इसमें अनकैप्ड बल्लेबाजों का भी अहम योगदान रहा। नौ अनकैप्ड भारतीय बल्लेबाजों ने 250 से अधिक रन बनाए। 2023 और 2024 सीजन में प्रत्येक में छह अनकैप्ड बल्लेबाजों ने ऐसा किया था, जो पहले का रिकॉर्ड था।

### प्रभसिमरन सबसे ज्यादा रन बनाने वाले दूसरे अनकैप्ड



प्रभसिमरन सिंह केवल दूसरे अनकैप्ड भारतीय बल्लेबाज बने, जिन्होंने एक सीजन में 500 से अधिक रन बनाए, यशस्वी जायसवाल के बाद, जिन्होंने 2023 में यह उपलब्धि हासिल की थी। प्रभसिमरन के ओपनिंग पार्टनर प्रियांश आर्य ने डेब्यू सीजन में 450 से अधिक रन बनाए। 14 वर्षीय डेब्यूटेंट वैभव सूर्यवंशी ने टी-20 शतक बनाने वाले सबसे कम उम्र के बल्लेबाज का रिकॉर्ड तोड़ा। सबसे प्रभावशाली बात यह है कि अनकैप्ड बल्लेबाजों ने अंतरराष्ट्रीय अनुभव वाले गेंदबाजों के खिलाफ भी मजबूती से प्रदर्शन किया। ऐसे 10 उदाहरण थे, जहां अनकैप्ड बल्लेबाजों ने अंतरराष्ट्रीय गेंदबाजों के खिलाफ 200 से अधिक स्ट्राइक रेट से 20 से अधिक रन बनाए बिना आउट हुए, जो किसी सीजन में सबसे अधिक है।



### घर से दूर भी घर जैसा प्रदर्शन

इस सीजन में घरेलू लाभ का कोई विशेष महत्व नहीं रहा। लीग चरण में बाहर खेलने वाली टीमों ने 59.01 प्रतिशत मैच जीते। ये आंकड़े संबंधित टीमों के दूसरे घरेलू स्थल को शामिल करते हैं, लेकिन अंतिम 13 लीग मैचों के लिए पुनर्निर्धारित तटस्थ स्थलों को शामिल नहीं करते। सभी आईपीएल सीजनों में केवल 2023 में ही बाहर खेलने वाली टीमों की जीत प्रतिशत अधिक थी। इस पैटर्न ने शीर्ष चार टीमों के निर्धारण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। दिल्ली की दो घरेलू जीत विशाखापत्तनम में आईं; दिल्ली में पांच मैचों में, उन्होंने चार हारे और एक सुपर ओवर में राजस्थान के खिलाफ टाई हुए मैच से दो अंक प्राप्त किए। सीएसके ने चेपॉक में अपने छह मैचों में से केवल एक जीता। कुल मिलाकर, 10 में से सात टीमों ने अपने घरेलू मैचों का 50 प्रतिशत से अधिक गंवा दिया। आरसीबी, जो एकमात्र टीम थी जिसने अपने घरेलू मैचों का 50 प्रतिशत से अधिक गंवाने के बाद भी क्वालिफाई किया, ने शानदार बाहर के रिकॉर्ड के साथ ऐसा किया। वे एक सीजन में अपने सभी सात बाहर के मैच जीतने वाली पहली टीम बनीं और अंक तालिका में दूसरे स्थान पर रहीं, इससे पहले कि वे बेंगलुरु से बाहर दो और मैच जीतकर ट्रॉफी उठाएं।

### 200 प्लस

यह पहला आईपीएल सीजन था, जिसमें 50 से अधिक 200-प्लस टोटल्स थे। 144 पूर्ण पारियों में 52 ऐसे उदाहरण थे, जो हर 2.77 पारियों में एक 200-प्लस स्कोर का अनुवाद करता है। 2023 में 37 और 2024 में 41 200-प्लस स्कोर थे। पिछले चार सीजनों से 200-प्लस टोटल्स की संख्या बढ़ रही है। इसके परिणामस्वरूप, पहली पारी में 200 से अधिक स्कोर करना पहले की तरह सुरक्षित नहीं रहा। 33 बार 200-प्लस चेज में, पीछा करने वाली टीम ने 19 बार 200 रन बनाए। उनमें से नौ सफल प्रयास थे, जिससे एक आईपीएल सीजन में सबसे अधिक सफल 200-प्लस रन चेज हुए। 2023 सीजन में आठ सफल 200-प्लस चेज थे, जो दूसरा सबसे अधिक था, इसके बाद 2024 में छह। 2015 से 2022 के बीच, केवल आठ ऐसे चेज हुए थे।

### कहां थे करीबी मुकाबले?

आईपीएल 2025 एक ऐसा सीजन था, जिसमें केवल कुछ ही रोमांचक मुकाबले थे। जबकि 200-प्लस रन चेज देखने में रोमांचक थे, उनमें से पांच अंतिम ओवर शुरू होने से पहले ही समाप्त हो गए थे। 37 सफल चेज में से कोई भी अंतिम गेंद तक नहीं गया। केवल छह मैच 10 रन से कम के अंतर से तय हुए। पूरे सीजन में, केवल चार मैच अंतिम डिलीवरी पर प्रभावी रूप से जीवित थे, जिसमें दिल्ली और राजस्थान के बीच का सुपर ओवर मुकाबला शामिल है। कुल मिलाकर, केवल 21.13 प्रतिशत मैच करीबी थे (जहां अंतर 10 रन से कम था या सफल रन चेज में छह गेंदों से कम शेष रहते हुए तीन विकेट से कम बचे थे)। केवल 2011 में कम करीबी गेम्स थे 20.83 प्रतिशत। यहां तक कि प्लेऑफ क्वालिफिकेशन भी काफी सीधा था, शीर्ष चार 63वें लीग गेम के बाद तय हो गए। यह लीग चरण समाप्त होने से सात मैच पहले था, जो किसी सीजन में शीर्ष चार के सबसे जल्दी पुष्टि होने का रिकॉर्ड है।

---

**खेल एक नजर**

## कुलदीप यादव ने बचपन की दोस्त की सगाई



भारतीय टीम के स्पिनर गेंदबाज कुलदीप यादव ने अपनी बचपन की दोस्त वंशिका से सगाई कर ली है। लखनऊ में यह समारोह एक निजी होटल में आयोजित किया गया, जिसमें परिवार के करीबी सदस्य, दोस्त और कुछ क्रिकेटर शामिल हुए। कुलदीप की मंगेतर वंशिका कानपुर की रहने वाली हैं और एलआईसी में कार्यरत हैं। दोनों की दोस्ती बचपन से है, जो समय के साथ प्यार में बदल गई। कुलदीप यादव की सगाई समारोह में भारतीय टीम के स्टार क्रिकेटर रिंकू सिंह भी शामिल हुए। रिंकू ने सोशल मीडिया पर अपनी कई फोटो शेयर की हैं। रिंकू कुलदीप के सबसे करीबी दोस्तों में शामिल हैं। इसके साथ ही सपा सांसद प्रिया सरोज भी इस कार्यक्रम में पहुंचीं। उन्होंने कुलदीप और वंशिका के साथ फोटो भी शेयर की। प्रिया सरोज ने कैप्शन में लिखा- कुलदीप भैया और वंशिका को हार्दिक बधाई! क्रिकेटर रिंकू सिंह और सांसद प्रिया सरोज भी शादी करने वाले हैं। जेएनएन

## गुकेश समेत 15 भारतीय ग्रैंड स्विस शतरंज में खेलेंगे

**नई दिल्ली, जेएनएन।** विश्व चैंपियन डी गुकेश, अर्जुन एरिगैसी, आर प्रज्ञानानंदा, आर वैशाली और कोनेरू हम्पी समेत 15 भारतीय खिलाड़ियों ने उज्बेकिस्तान के समरकंद में तीन से 16 सितंबर तक होने वाले 2025 फिडे ग्रैंड स्विस और महिला ग्रैंड स्विस के लिए क्वालिफाई कर लिया है। फिडे ग्रैंड स्विस (ओपन) में गुकेश, एरिगैसी और प्रज्ञानानंदा के अलावा आठ अन्य भारतीय हिस्सा ले रहे हैं। इसमें अरविंद चिदंबरम, विदित गुजराती, पेंटाला हरिकृष्णा, निहाल सरीन, रौनक साधवानी, मुरली कार्तिकेयन, अभिमन्यु पौराणिक और आर्यन चोपड़ा शामिल है।

# जेमी ओवर्टन की तीन साल बाद टेस्ट में वापसी, वोक्स भी टीम में

## भारत के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए इंग्लैंड की टीम घोषित, पहला टेस्ट मैच 20 जून से

**जेएनएन, लंदन।** भारत के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जेमी ओवर्टन की इंग्लैंड टेस्ट टीम में चौंकाने वाली वापसी मिली है। उनके सरे टीम के साथी गस एटकिंसन हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण इस मैच से बाहर हो गए हैं, जिसके कारण उन्हें यह मौका मिला है। बल्लेबाज जेकब बेथेल की टेस्ट टीम में वापसी इंग्लैंड टीम प्रबंधन के लिए एक मीठा सिरदर्द है कि वे अपने शीर्ष क्रम में किसे खिलाएं। वहीं जिम्बाब्वे के खिलाफ एकमात्र टेस्ट में चोट के कारण बाहर रहने वाली तेज गेंदबाजी जोड़ी क्रिस वोक्स और ब्रायडन कार्स की भी टीम में वापसी हुई है। ओवर्टन ने अपना इकलौता टेस्ट हेडिंग्ली में खेला था, जहां 20 जून से भारत के खिलाफ पहला टेस्ट भी खेला जाएगा। यह मुकाबला 2022 में न्यूजीलैंड के खिलाफ था, जहां उन्होंने



97 रन बनाए थे और दोनों पारियों में एक-एक विकेट लिया था। उन्होंने पिछले हफ्ते वेस्टइंडीज के खिलाफ एक वनडे में अपनी छोटी उंगली तोड़ ली थी और पिछले सीजन की शुरुआत से अब तक चोट और आईपीएल के कारण केवल तीन काउंटी चैंपियनशिप मैच खेले हैं। हालांकि चयन की दौड़ में वह मैथ्यू पॉट्स से आगे निकल गए। इंग्लैंड को शुरू में उम्मीद थी कि एटकिंसन समय पर फिट हो जाएंगे।

**इंग्लैंड की टीमः** बेन स्टोक्स (कप्तान), शोएब बशीर, जैकब बेथेल, हैरी ब्रूक, ब्राइडन कार्स, सैम कुक, जैक क्रॉली, बेन डकेट, जेमी ओवरटन, ओली पोप, जो रूट, जेमी स्मिथ (विकेटकीपर), जोश टंग और क्रिस वोक्स।

## इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दूसरे अनधिकृत टेस्ट में नजरें राहुल पर



**मैच आज दोपहर 3:30 से**

**नॉर्थम्पटन, जेएनएन।** इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले केएल राहुल की नजरें लाल गेंद के प्रारूप में अभ्यास पर होंगी, जब भारत-ए टीम शुक्रवार से इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दूसरा और आखिरी अनधिकृत टेस्ट खेलने उतरेगी। भारत के अधिकांश हिस्सों में मानसून होने के कारण राहुल ने टेस्ट टीम से पहले अभ्यास के लिए ब्रिटेन पहुंचने का फैसला किया। पहला टेस्ट 20 जून से शुरू होगा। शुभमन गिल की कप्तानी वाली भारतीय टीम शुक्रवार को मुंबई से रवाना होगी। इंग्लैंड में दो शतक लगा चुके राहुल भारतीय टेस्ट टीम के सबसे सीनियर सदस्य हैं। विराट कोहली और रोहित शर्मा टेस्ट क्रिकेट से विदा ले चुके हैं। राहुल ने 58 टेस्ट में 33.57 की औसत से रन बनाए हैं, लेकिन उन्हें अधिकांश सफलता शीर्षक्रम में मिला है।

**भारत-ए :** अभिमन्यु ईश्वरन (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, करुण नायर, ध्रुव जुरेल, नीतिश कुमार रेड्डी, शार्दुल ठाकुर, इशान किशन, मानव सुतार, तनुष कोटियान, मुकेश कुमार, आकाश दीप, हर्षित राणा, अंशुल कंबोज, खलील अहमद, रुतुराज गायकवाड़, सरफराज खान, तुषार देशपांडे, हर्ष दुबे।

**इंग्लैंड लायंस :** जेम्स रियू (कप्तान), फरहान अहमद, जोर्डन कॉक्स, रिकी फ्लिंटॉफ, एमिलियो गे, टॉम हैंस, जॉर्ज हिल, मैक्स होल्डन, बेन मैकिनी, एडी जैक, अजीत सिंह डेल, जोश टंग, क्रिस वोक्स।

## फ्रेंच ओपन : विश्व नंबर एक सिनेर से सेमीफाइनल में भिड़ेंगे जोकोविच



पेरिस, जेएनएन। दूसरी वरीयता प्राप्त कोको गॉफ ने अमेरिका की ही मेडिसन कीस को 6-7, 6-4, 6-1 से हराकर फ्रेंच ओपन महिला युगल सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। अब उनका सामना फ्रांस की वाइल्ड कार्डधारी लोइ बोइसों से होगा, जिन्होंने छठी वरीयता प्राप्त मिर्रा आंद्रीवा को 7-6, 6-3 से हराया। 22 साल की बोइसों 1989 के बाद अपने पदार्पण ग्रैंडस्लैम में सेमीफाइनल तक पहुंचने वाली पहली महिला खिलाड़ी बन गई। उस समय मोनिका सेलेस और जेनिफर कैप्रियाती ने यह कमाल किया था। पुरुष वर्ग में नोवाक जोकोविच और नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनेर का सामना सेमीफाइनल में होगा। जोकोविच ने तीसरी रैंकिंग वाले अलेक्जेंडर ज्वेरेव को 4-6, 6-3, 6-2, 6-4 से हराकर अंतिम चार में जगह बनाई। वहीं सिनेर ने गैर वरीय अलेक्जेंडर बुबलिक को 6-1, 7-5, 6-0 से हराया।

### इरानी-वावसोरी की इटली की जोड़ी बनी चैंपियन



इटली की तीसरी वरीयता प्राप्त सारा इरानी और एंड्रिया वावसोरी की जोड़ी ने फ्रेंच ओपन के मिश्रित युगल वर्ग के फाइनल में चौथी वरीयता प्राप्त टेलर टाउनसेंड और इवान किंग की अमेरिका की जोड़ी को शिकस्त देकर खिताब अपने नाम किया। इटली की जोड़ी ने गुरुवार सीधे सेटों में 6-4, 6-2 से आसान जीत दर्ज की। पिछले साल अमेरिकी ओपन जीतने के बाद यह उनका दूसरा बड़ा खिताब था। इरानी के लिए पेरिस में यह दूसरा बड़ा खिताब है। उन्होंने पिछले साल हमवतन जैस्मीन पाओलिनी के साथ महिला युगल में ओलंपिक स्वर्ण जीता था।

## रोनाल्डो के 137वें अंतरराष्ट्रीय गोल से पुर्तगाल नेंशस लीग के फाइनल में



**स्टटगार्ट (जर्मनी), जेएनएन।** क्रिस्टियानो रोनाल्डो के विजयी गोल से पुर्तगाल ने जर्मनी को 2-1 से हराकर नेशंस लीग के फाइनल में जगह बना ली है। बुधवार को पहले सेमीफाइनल के हाफ में जर्मनी ने दबदबा बनाए रखा। जर्मनी के जोशुआ किमिच के सटीक पास पर फ्लोरियन व्ट्जिज ने 48वें मिनट में अपनी टीम को बढ़त दिलाई। पुर्तगाल के स्थानापन्न फ्रांसिस्को कोन्सीसाओ के 63वें मिनट में 1-1 से बराबरी कर ली। पांच मिनट बाद 40 वर्षीय रोनाल्डो ने 137वां अंतरराष्ट्रीय गोलकर टीम को मैच विजयी बढ़त दिला दी। इसके साथ रोनाल्डो जर्मनी के खिलाफ गोल करने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए हैं। लीग का दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला स्पेन और फ्रांस बीच होगा। उसकी विजेता टीम रविवार को खिताबी मुकाबले में पुर्तगाल से भिड़ेगी।

## सिंधू हारी, सात्विक-चिराग क्वार्टर फाइनल में

**जकार्ता, जेएनएन।** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारत की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी ने गुरुवार को इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई, जबकि दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू महिला एकल के दूसरे दौर में हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गईं। वर्ष 2023 के चैंपियन सात्विक और चिराग ने दबाव में शानदार जच्बा दिखाते हुए रासमुस गेम्के और फ्रेड्रिक सोगार्ड की डेनमार्क की दुनिया की 16वें नंबर की जोड़ी को 68 मिनट में 16-21, 21-18, 22-20 से हराया। पिछले हफ्ते सिंगापुर ओपन सुपर 750 के सेमीफाइनल में पहुंचे सात्विक और



**थाईलैंड ओपन**

चिराग के रूप में प्रतियोगिता में अब भारत की एकमात्र चुनौती बची है। सात्विक और चिराग की दुनिया की पूर्व नंबर एक जोड़ी अगले दौर में मैन वेई चोंग और काई वुन टी की मलेशिया की सातवीं वरीय जोड़ी से भिड़ेगी। इससे पहले निर्णायक गेम में हार के साथ सिंधू को दुनिया की आठवें नंबर की खिलाड़ी थाईलैंड की पोर्नपावी चोचुवोंग के खिलाफ शिकस्त का सामना करना पड़ा। निर्णायक गेम में एक समय 15-11 से आगे चल रहीं सिंधू को 78 मिनट चले मुकाबले में अंततः 22-20, 10-21, 18-21 से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय टीम के लिए यह निराशाजनक दिन रहा जब सतीश करुणाकरन और आद्या वरियथ की मिश्रित युगल जोड़ी के अलावा गायत्री गोपीचंद और त्रीशा जॉली की महिला युगल जोड़ी भी हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गई।

## तैराकी : भोपाल उपविजेता, अनन्या-अन्वेश बने चैंपियन



**भोपाल, खेप्र।** भोपाल की टीम 53वीं राज्य तैराकी प्रतियोगिता में उप विजेता का खिताब जीता, जबकि अनन्या एस गणेश और अन्वेष सिंह व्यक्तिगत चैंपियन रहे। यह प्रतियोगिता एक से पांच जून तक खंडवा में आयोजित की गई। भोपाल 263 अंक लेकर उपविजेता रहा। वहीं इंदौर की टीम ओवरऑल चैंपियन बनी। प्रतियोगिता के अंतिम दिन भोपाल के खिलाड़ियों ने दो स्वर्ण, चार रजत और तीन कांस्य पदक जीते। भोपाल तैराकी संघ के सचिव रामकुमार खिलरानी ने बताया कि इस पांच दिवसीय तैराकी प्रतियोगिता के पांचवें दिन अनन्या ने 100 मीटर फ्रीस्टाइल और वाणी जैन ने 100 मीटर बैकस्ट्रोक में स्वर्ण पदक जीता। अनन्या एस गणेश बालिका ग्रुप-1 और अन्वेश सिंह ने पुरुष वर्ग में व्यक्तिगत चैंपियनशिप प्राप्त की।

### एमपीएल सीजन-2 सिंधिया कप 12 जून से, सात टीम खेलेंगी

## पिछले सीजन की रनरअप भोपाल लेपड्र्स की कमान अरशद खान को

**भोपाल, खेप्र।** मध्यप्रदेश प्रीमियर लीग (एमपीएल) सिंधिया कप सीजन-2 के लिए पिछले सीजन 2024 की उप विजेता भोपाल लेपड्र्स की टीम की घोषणा कर दी गई है। भोपाल लेपड्र्स की कमान अरशद खान को सौंपी गई है, जबकि उप कप्तान कमल त्रिपाठी को बनाया गया है। एमपीएल का दूसरा सीजन ग्वालियर के श्रीमंत माधवराव सिंधिया क्रिकेट स्टेडियम 12 जून से खेला जाएगा। लीग का फाइनल 24 जून को होगा। जागरण लेकसिटी यूनिवर्सिटी के श्री गुरुदेव गुप्ता मीडिया स्टूडियो में आयोजित एक कार्यक्रम में टीम की घोषणा की गई। इस अवसर पर नई जर्सी का अनावरण भी किया गया। भोपाल लेपड्र्स के मालिक अभिषेक मोहन गुप्ता ने बताया कि पंजा जीत का स्लोनग के साथ टीम उतरेगी, जिसका उद्देश्य इस बार खिताब जीतना है। उन्होंने बताया हमारे खिलाड़ी लगातार



प्रैक्टिस कर रहे हैं और सभी का फोकस इस बार खिताब जीतना है।

**टीम इस प्रकार हैः** अरशद खान (कप्तान), कमल त्रिपाठी (उप कप्तान), अनिकेत वर्मा, गौतम रघुवंशी, माधव तिवारी, हर्ष दीक्षित, कुलदीप गेही, शुभम कुशवाह, गौरव पिचोनिया, शिवांग कुमार, यश दुबे, कुणाल राय, अदीब उर रहमान, रोशन केवट, आयुष मनकर, हिमांशु शिंदे, अक्षय सिंह और आयुष आनंद।

**एमपीएल टीमः** भोपाल लेपड्र्स, जबलपुर रॉयल लायंस, बुंदेलखंड बुल्स, रीवा जगुआर, चंबल घड़ियाल, ग्वालियर चीता, इंदौर पिंक पैंथर्स शामिल है। मैचों का प्रसारण स्टार स्पोर्ट्स-1 और जियो हॉट स्टार पर होगा।

## बास्केटबॉलः भोपाल कॉर्पोरेशन-विदिशा, आरसीसी और सेंट थॉमस फाइनल में

**भोपाल, खेप्र।** भोपाल कॉर्पोरेशन और विदिशा की पुरुष टीम, जबकि आरसीसी भोपाल और सेंट थॉमस की महिला टीम ने अपने-अपने सेमीफाइनल मुकाबले जीतकर चौथी बास्केटबॉल प्रतियोगिता के फाइनल में प्रवेश कर लिया है। पिपलानी स्थित आगा क्लब बास्केटबॉल कोर्ट पर खेली गई प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग के पहले सेमीफाइनल में गत विजेता भोपाल कॉर्पोरेशन ने भोपाल डिस्ट्रिक्ट को 71-69 अंकों से पराजित किया। विजेता टीम के लिए संजय ने 23, प्रतीक ने 15, राजेंद्र ने 11 अंक बनाए। डिस्ट्रिक्ट से इंटरनेशनल प्लेयर कीर्ति गोस्वामी ने 16 और हरेंद्र ने 23 पॉइंट बनाए। दूसरे सेमीफाइनल में विदिशा ने गुना को 81-71 अंकों से हराया। विदिशा के रितिक ने 37 और शिवम ने 21 अंकों बनाए। महिला वर्ग के पहले सेमीफाइनल में आरसीसी भोपाल ने हूप ब्रेकर्स को 36-19 से हराया। आरसीसी की ओर से रिमशा ने 16 व प्रियंका ने 10 अंक को योगदान दिया।

## अरेरा रेड और ग्रीन स्टार के बीच फाइनल

**भोपाल, खेप्र।** अरेरा प्रीमियर इण्टर हाउस सीनियर क्रिकेट लीग में अरेरा रेड और अरेरा ब्लू स्टार के बीच मैच खेला गया। अरेरा रेड ने टास जीत कर पहले क्षेत्ररक्षण का निर्णय लिया, जिसे सही साबित करते हुए अरेरा ब्लू को निर्धारित 45 ओवरों में 149 रनों पर आलआउट कर दिया। होमी सोलंकी ने सर्वाधिक 44, आयुष पाठक ने 31और अर्णव सिंह पुंडीर ने 12 रन बनाए। रेड की ओर से गेंदबाजी में प्रतीक शुक्ला, ओम शुभ मिश्रा, श्रेया दीक्षित और रौनक बिलगोटिया ने 2-2 समर्थ गर्ग और नीरज ग्रोवर ने 1-1 विकेट लिए। जवाबी पारी में अरेरा रेड ने 3 विकेट के नुकसान पर 25वें ओवर में 152 बना कर मैच जीता। प्रतीक शुक्ला ने 113 रनों की नाबाद पारी खेली। ओम शुभ मिश्रा ने 15 और नीरज ग्रोवर ने 10 रन बनाए।

### सीएमएचओ ने बैठक लेकर ली जानकारी

**सतना।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सतना डॉ एल के तिवारी की अध्यक्षता में राज्य स्तर से आए डा रविन्द्र पुरोहित के द्वारा जिला एवं विकासखंड में संचालित अनमोल पोर्टल में दर्ज होने वाले डेटा की गुणवत्ता हेतु समस्त बी पी एम के साथ बैठक का आयोजन किया गया इस दौरान गर्भवती महिला टीकाकरण हेतु बच्चे की सही तरीके से जानकारी दर्ज करने हेतु रविन्द्र पुरोहित द्वारा जानकारी देते हुए कहा गया है कि अनमोल पोर्टल में हितग्राही एवं सेवा देने वाले के सही एवं आधार से लिंक मोबाइल नंबर ही डाले जिससे प्रसव पश्चात हितग्राही को प्रदाय की जाने वाली राशि समय से जारी कराई जा सके।

### स्थानांतरण पर प्रतिबंध से छूट की अवधि को 10 तक बढ़ाया

**सतना।** राज्य एवं जिला स्तर पर अधिकारियों/कर्मचारियों की स्थानांतरण नीति द्वारा 1 मई से 30 मई 2025 तक की अवधि के लिये स्थानांतरण पर प्रतिबंध शिथिल किया गया था। राज्य शासन ने स्थानांतरण पर प्रतिबंध से शिथिलता अवधि को बढ़ाने का निर्णय लिया है। स्थानांतरण पर प्रतिबंध से शिथिलता अवधि को बढ़ाकर 10 जून 2025 किया गया है।

# नगर निगम सतना को मुख्यमंत्री ने दिया पर्यावरण पुरुस्कार

**जागरण सतना**



मध्यप्रदेश वार्षिक पर्यावरण पुरूस्कार वर्ष 2023-24 का आयोजन किया गया। जिसमें नगरीय निकाय की श्रेणी में नगर पालिक निगम सतना द्वारा भाग लिया गया। राज्यस्तरीय पर्यावरण पुरस्कार की गाइडलाइन अनुसार तालाबों का पुनर्जीवीकरण सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का संचालन एवं वृक्षारोपण के घटक संबंधी जानकारी मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को प्रेषित की गई थी। जिसके क्रम में मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड व मानिट के अधिकारियों द्वारा शहर का निरीक्षण किया गया। जिसके क्रम में मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा नगर पालिक निगम सतना को पुरस्कृत किए जाने हेतु चयनित किया गया है। इस संबंध में नगर पालिक निगम सतना द्वारा निकाय अंतर्गत 40 एमएलडी की क्षमता का वाटर ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित किया गया है जो कि निकाय के वार्ड नं 09 स्थित कोलगंवा में स्थित है एवं इसके अतिरिक्त 3 एमएलडी का वेस्ट वाटर ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित किया गया।15 एम एल डी क्षमता के एस टीपी का संचालन प्रारम्भ किया गया है निकाय अंतर्गत 494975 के एल की क्षमता के 07 तालाबों का पुनर्जीवीकरण किया गया है 826 रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापना एवं नगर वन का निर्माण कराया गया है तथा नगर निगम द्वारा इस शहर में हरित क्षेत्र को विकसित करने के लिए 17 हजार वृक्षों का रोपण किया गया। जिनमें 60 प्रतिशत पौधे जीवित और स्वस्थ हैं। मध्यप्रदेश वार्षिक पर्यावरण पुरूस्कार वर्ष 2023-24 में नगर निगम सतना को चयनित किया गया। यह पुरस्कार मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस 05 जून को प्रातः 10 बजे कुशाभाऊ ठाकरे, अंतर्राष्ट्रीय सभागृह, भोपाल के गरिमामय कार्यक्रम में सम्पन्न हुआ। नगर निगम सतना की ओर से उक्त पुरस्कार योगेश ताम्रकार महापौर नगर पालिक निगम सतना द्वारा प्राप्त किया गया एवं महापौर ने सतना वासियों की ओर से मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सतना नगर निगम भविष्य में भी पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध रहेगा और ऐसे कार्यों को निरंतर जारी रखा जाएगा। इस उपलब्धि के लिए उन्होंने सतना नगर के प्रत्येक जागरूक नागरिक को बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की है।

# एकेएस के माइनिंग विभाग ने विश्व पर्यावरण दिवस पर ली शपथ




**सतना।** एकेएस के माइनिंग विभाग ने इंजीनियरिंग डीन डॉ जी के प्रधान के मार्गदर्शन में विश्व पर्यावरण दिवस 2025 पर शपथ ली कि हमारा पर्यावरण सभी जीवित प्राणियों के साथ-साथ उनके आसपास के वातावरण से मिलकर बना है एक स्वस्थ पर्यावरण बनाना है जो लंबे समय तक टिकाऊ हो,यह सभी के लिए जीवन का स्रोत है यह सभी के जीवन को निर्देशित करता है और उचित वृद्धि तथा विकास को निर्धारित करता है। विश्व पर्यावरण दिवस 2025 प्लास्टिक प्रदूषण से निपटने पर केंद्रित है। हाल ही में किए गए शोध से पता चला है कि माइक्रो प्लास्टिक पृथ्वी पर मौजूद लगभग हर चीज में मौजूद है जिससे मानव मस्तिष्क भी शामिल है विश्व पर्यावरण दिवस प्लास्टिक प्रदूषण से निपटने के लिए कार्यवाही करने का आह्वान करता है। उल्लेखनीय है कि संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के रूप में घोषित किया है जो मानव पर्यावरण पर स्टॉकहोम सम्मेलन का पहला दिन था। कार्यक्रम में प्रकृति का पोषण करें जीवन का पोषण करें हरित पृथ्वी, स्वच्छ पृथ्वी हमारी जिम्मेदारी।

# पर्यावरण दिवस पर भारत इंटरनेशनल स्कूल में हुआ पौध रोपण



**जागरण सतना।** पर्यावरण दिवस के अवसर पर रामपुर बाघेलान के तपा में भारत इंटरनेशनल सी बी एस ई स्कूल में विद्यालय के डायरेक्टर श्रीमती पदमा सुनील सोनी एवम डायरेक्टर अभिषेक सोनी प्रिंसिपल श्रीमती अंकुल कुलकर्णी द्वारा बृहद पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।आयोजित कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के डायरेक्टर श्रीमती पदमा सुनील सोनी ने कहा कि अपने बिगड़ते हुए पर्यावरण को सुधारने हर व्यक्ति को साल में पाँच पौधे तैयार करने चाहिए वहीं डायरेक्टर अभिषेक सोनी ने बृक्षा रोपण करने के लिये प्रोत्साहित किया और रासायनिक उर्वरक का स्तेमाल न करते हुए जैविक खाद का उपयोग करने की बात कही। आयोजित कार्यक्रम में भारत इंटरनेशनल स्कूल का समस्त स्टाप बृक्षा रोपण कार्यक्रम में उपस्थित रहा।

## सतना सीमेन्ट वर्क्स द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया



**जागरण सतना।** बिरला कॉरपोरेशन लिमिटेड यूनिट सतना सीमेन्ट वर्क्स, सतना द्वारा अपने सामाजिक उत्तरदायित्वों के प्रति सदैव कटिबद्ध है। इसी के परिपालन में संस्थान द्वारा समय-समय पर अनेकों सामाजिक एवं विकास कार्यो का निष्पादन किया जाता रहा है। सतना सीमेन्ट के प्रेसीडेंट श्री कौशल मिश्रा का यही ध्येय है कि सीमेन्ट प्लांट की प्रगति के साथ-साथ प्लांट के आसपास के गांवों का भी समग्र विकास हो जिसमें ग्रामीणो की आजीविका सुदृढ करना, शिक्षा स्वास्थय व पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से किया जा रहा हैं। साथ ही उनके मार्गदर्शन में आज दिनांक 5 जून 2025 को ग्राम सगमनिया में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर स्कूल में बच्चो एंव ग्रामीणो के साथ विश्व पर्यावरण दिवस को मनाया गया जिसमे विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमो के साथ स्कूल में पौधारोपण किया गया इस अवसर पर नैना सरपंच मंजीत वेन सीएसआर हेड शिबू जेना एंव सतना सीएसआर के पदाधिकारी ग्रामीणजन एवं सह्योगी संस्था सर्वमंगल प्रियांसी प्रजायत्न एवं बाएफ संस्था के प्रतिनिधि उपथित रहे। इस अवसर पर कुल 80 लोग उपस्थित थे।

# प्रतियोगिता प्रश्नोत्तरी व पौध रोपण का आयोजन




**जागरण सतना।** 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस 2025 को एक विशेष थीम के साथ सेलिब्रेट किया जाता है। इस बार की थीम विश्व स्तर पर प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करना तय की गई है। प्लास्टिक प्रदूषण पृथ्वी को घातक प्रभावों जैसे जलवायु परिवर्तन का संकट मृदा प्रदूषण प्रकृति और जैव विविधता का नुकसान वायु प्रदूषण जल प्रदुषण और कचरे का संकट जैसे प्रभावों को बढ़ावा देता है। बिरला कॉर्पोरेशन लिमिटेड यूनिट सतना सीमेंट वर्क्स ने कौशल मिश्रा यूनिट हेड के नेतृत्व में विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर विश्व स्तर पर प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करने के लिए 22 मई से 05 जून तक अपने परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में जन जागरूकता अभियान चलाया जिसमें पर्यावरण संरक्षण अभियान नुक्कड़ नाटक बच्चों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता और वृक्षारोपण जैसे कार्यकम का आयोजन किया गया।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर रामपुर बाघेलान विधायक ने किया पौधरोपण



**जागरण सतना।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक पेड मां के नाम अभियान के तहत गुरूवार को जिले में कई स्थानों पर पौध रोपण किया गया। रामपुर बाघेलान के विधायक विक्रम सिंह ने अपने निवास पर पत्नी के साथ पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। प्रत्येक नागरिक को अपने घर के आस-पास या खाली पडे स्थानों पर पौधरोपण अवश्य करना चाहिए ताकि आने वाली पीढ़ियों को शुद्ध वायु व हरा-भरा वातावरण मिल सके।

इसी प्रकार जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मुख्यालय सतना के परिसर में डीआरसीएस मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला बैंक सतना बैंक एवं विभाग के अधिकारी कर्मचारियों द्वारा पौधरोपण किया गया। इसके अलावा आंगनबाड़ी केन्द्रों में तथा सशक्त वाहिनी अभियान की बेटियों द्वारा पौधरोपण कर एक पेड़ मां के नाम अभियान का शुभारंभ किया। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी कार्यालय में कार्यपालन यंत्री श्वेतांक चौरसिया और उनके स्टाफ ने भी एक-एक पेड मां के नाम पर लगाये। आईटीआई परिसर में एनसीसी कैडेटस और भारत विकास परिषद के सहयोग से पौधारोपण किया गया। नगर पंचायत कोठी में सीएमओ पंजाब सिंह की उपस्थिति में कोठी नगर पंचायतों के विभिन्न वार्डों में वृक्षारोपण किया गया।

**मैहर में भी हुआ पौधरोपण :** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 5 जून को मां शारदा देवी मंदिर मैहर की पहाडी के नीचे पार्किंग के दाहिने ओर रिक्त स्थान पर वन विभाग द्वारा एक पेड मां के नाम के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## मौहार में मनाया गया पर्यावरण दिवस



**जागरण सतना।** शीतल वेलफेयर ऑर्गनाइजेशन के द्वारा चलाये जा रहे कार्यक्रम के अंतर्गत मौहर मे पर्यावरण दिवस के साथ ही स्वास्थ्यसेवा दी गई ।बाँधी मौहर पंचायत में वृक्षा रोपड़ किया गया साथ ही उपस्तिथ महिलाओ व पुरुषो बच्चों को निः शुल्क स्वस्थ्य परीक्षण किया गया जिसमे एच आई वी शिफलिश लिवर आधी से सम्बांधित जांच किया गया यह जांच जागृति युवा मंच समिति के द्वारा किया गया जिमसे लगभग 45 से अधिक लोगो को स्वस्थ सेवा प्रदान कि गई और साथ ही महिलाओ को सिलाई प्रशिक्षण का सुभारम्भ उचेहरा एसडीएम के द्वारा वाले अधिकारी जानो कि उपस्थित मे किया गया और सभी को प्रोत्साहित किया गया तथा अपना अनुभव भी बताया साथ ही मेहनत करने का तरीका भी बताया गया ।कार्यक्रम के दौरान उचेहरा एसडीएम स्वस्थ विभाग सरपंच पंच जाग्रति युवा मंच से ज्योति पांडेय शीतल वेलफेयर संस्था से अध्यक्ष सीमा गौतम सुधा तिवारी व अन्य 58 सदस्यउपस्थित रहे।




























जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता**। आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**

**कार्यालयः- मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com